देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

त्रिगुट

गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 15 नवम्बर तक आवेदन करें

निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु जनपद के पात्र व्यक्तियों से 15 नवम्बर तक चार प्रतियों में आवेदन मांगा गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस पुरस्कार के लिए सभी मापदंडों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों से न्यूनतम एक-एक प्रस्ताव तथा उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्य निर्धारित प्रारूप में संस्तुति सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 5 जनवरी पर गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था है।

नासिरा प्रेस

मालवीयनगर-गोण्डा

मो0-9236750993

हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

गोण्डा गुरुवार 02 नवम्बर 2023 वर्ष 39 अंक 75 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स-05262-230683 डाक पंजीयन संख्या-NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ- 8 मूल्य 2.00 रुपये

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरा देश विकास की नई ऊंचाईयों की ओर अग्रसर- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने के0आई0ई0टी0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस, गाजियाबाद के रजत जयन्ती समारोह में संस्थान के नये शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन किया

लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि हमारे पास दुनिया की सबसे अच्छी युवा शक्ति है। हम कुछ भी करें, लेकिन हमारे सामने सदैव हमारा देश व समाज प्राथमिक होना चाहिए। नेशन फर्स्ट, फिर समाज, फिर परिवार, उसके बाद स्वयं का स्थान है। इस लक्ष्य के साथ कार्य करेंगे, तो प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने से दुनिया की कोई भी ताकत हमें नहीं रोक पायेगी। मुख्यमंत्री जी आज जनपद गाजियाबाद में के0आई0ई0टी0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित रजत जयन्ती समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 16 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। मुख्यमंत्री जी ने के0आई0ई0टी0 में उत्कृष्ट सेवा देने वाले अध्यापकों तथा भूतपूर्व छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने संस्थान के नये शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन कर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और ड्रोन प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न उत्कृष्टता केन्द्रों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज से 25 वर्ष पूर्व के0आई0ई0टी0 ने अपनी यात्रा प्रारम्भ की। पहले दिन से ही संस्थान ने गुणवत्ता पर फोकस किया, जिसके परिणाम आज सभी के सामने हैं। 25 वर्षों की शानदार यात्रा ने के0आई0ई0टी0 को अन्य संस्थानों से अलग नई पहचान दिलाई है। यह दिखाता है कि जो समय के अनुरूप चलता है तथा समय से दो कदम आगे बढ़कर जिन लोगों ने स्वयं को तैयार किया है, वही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है और देश तथा समाज को कुछ दे सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि व्यवस्था में कैसे परिवर्तन लाया जा सकता है, यह हमनें वर्ष 2014 से देखा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश विकास की नई ऊंचाईयों की ओर अग्रसर हो रहा है। 140 करोड़ भारतीय अपने नेतृत्व के प्रति सम्मान तथा विश्वास व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। जब हम समय से दो कदम आगे की सोचते हैं और उसके अनुरूप अपनी कार्ययोजना को प्रभावी बनाते हैं, तो परिणाम भी हमारे सामने आते हैं। वर्ष 2014 से पहले देश अविश्वास, अव्यवस्था, अराजकता तथा पहचान के संकट से गुजर रहा था। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत साढ़े छः वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किये गये कार्यों से अब राज्य के नौजवान के सामने पहचान का संकट नहीं है। प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ ही, प्रधानमंत्री जी की डिजिटल मुहिम से प्रेरणा लेते हुए कार्यक्रम आगे बढ़ाये गये। परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश को निवेश के सबसे अच्छे गन्तव्य के रूप में स्थापित कर सके हैं। ईज़ ऑफ डुईंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश चौदहवें स्थान से पहले व दूसरे स्थान पर आने की लड़ाई लड़ सका। राज्य देश में आठवीं-दसवीं अर्थव्यवस्था से आज पहली-दूसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होने की होड़ में खड़ा है। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश हमें देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज प्रदेश में रैपिड रेल, मेट्रो रेल, 12 लेन एक्सप्रेस-वे सहित अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर है। आज प्रदेश में इनलैण्ड वॉटर-वे प्रारम्भ हो चुका है। उत्तर प्रदेश व देश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की आधुनिक सुविधा तथा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की सुविधा है। लॉजिस्टिक्स आज की आवश्यकता है। इस दिशा में भी नये प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। युवाओं के लिए रोजगार सृजन हेतु स्टार्टअप, स्टैण्डअप इण्डिया तथा डिजिटल इण्डिया के कार्यक्रम हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से युवा अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकते हैं। सरकार ने युवाओं, महिलाओं, अन्नदाता किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, व्यवसायियों तथा समाज के प्रत्येक तबके के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये हैं। देश में सभी को समान रूप से महत्व देते हुए आगे बढ़ाने के कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फरवरी, 2023 में उत्तर प्रदेश में 'यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के आयोजन से ए0के0टी0यू0, आई0आई0एम0 तथा अन्य संस्थानों के छात्रों को जोड़ा गया था। इन्वेस्टर्स समिट के पीछे एक उद्देश्य है कि जो युवा डिग्री लेकर संस्थानों से निकलेंगे, उन्हें नौकरी के लिए भटकना न पड़े। उन्हें अपने ही जनपद, क्षेत्र तथा अपने लोगों के बीच नौकरी, रोजगार तथा स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सरकार प्लेटफॉर्म प्रदान करने जा रही है। 'यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 01 करोड़ 10 लाख नौजवानों को नौकरी तथा रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने के0आई0ई0टी0 परिवार की सफलता के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि संस्थान ने भारत के लिए योग्य नागरिकों की एक टीम खड़ी करने का जज्बा दिखाया है। 25 वर्ष पूर्व मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कम्प्यूटर साइंस के 03 डिग्री कोर्स के साथ प्रारम्भ हुए संस्थान में आज ए0के0टी0यू0 से एफिलिएटेड अनेक कोर्स संचालित हो रहे हैं। के0आई0ई0टी0 प्रदेश का पहला संस्थान होगा, जिसने स्पेस साइंस के नये पाठ्यक्रम के लिए स्वयं को तैयार किया है।

तत्कालीन चकबंदी अधिकारी, बलिया समेत चार निलंबित

प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टोलरेंस की नीति के तहत हुई कार्रवाई

लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलिरेन्स की नीति के अंतर्गत चकबन्दी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति कठोर कार्यवाही का सिलसिला जारी है। चकबन्दी आयुक्त, श्री जी0एस0 नवीन कुमार द्वारा ग्राम सरसेना, परगना चिरैयाकोट तहसील मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ के शिकायती प्रार्थना पत्र पर ग्राम के अन्तिम अभिलेख में की गयी अनियमितताओं की जांच निदेशालय स्तर से गठित समिति द्वारा करायी गयी। समिति के जांच आख्या में यह तथ्य प्रकाश में आया कि तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी द्वारा आदेश दिनांक 30.06.2016 पारित करके खेल कूद के मैदान हेतु भूमि सुरक्षित कर खातेदारों को अनुचित लाभ पहुँचाया गया तथा यह आरक्षण बिना चकबन्दी समिति के प्रस्ताव के ही तथा बिना ग्राम सभा को नोटिस दिये पारित किया गया।

चकबंदी आयुक्त ने श्री कुमार ने बताया कि तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी श्री जगदीश कुमार सम्प्रति चकबन्दी अधिकारी बलिया को निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। साथ ही ग्राम के अन्तिम भूचित्र में गाटा संख्या-1278, 1275 व 1279 की आकृत कूटरचित तरीके से त्रुटिपूर्ण ढंग से बना के शिकायतकर्ता को क्षति कारित करने तथा अन्य खातेदारों को अनुचित लाभ पहुचाने के दोषी तत्कालीन चकबन्दीकर्ता, श्री इन्द्रजीत यादव सम्प्रति चकबन्दीकर्ता सन्तकबीरनगर तथा श्री प्रमोद कुमार पाण्डेय व श्री यशवन्त सिंह, चकबन्दी लेखपालगण को निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने व प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने साथ ही अन्तिम अभिलेख/भूचित्र में की गयी त्रुटि को दुरूस्त करने हेतु जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी से अनुरोध किया गया।

ककरावल जलप्रपात के नजदीक 03 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का होगा विकास-जयवीर सिंह

लखनऊ। जनपद ललितपुर में ककरावल जलप्रपात के आसपास पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ाने एवं देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए अवस्थापना सुविधायें बढ़ाई जायेगी। इसके लिए लगभग 03 करोड़ रूपये का प्रस्ताव शासन को स्वीकृत के लिए भेजा गया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही बुनियादी सुविधाओं के विकास का कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद ललितपुर में पर्यटन की दृष्टि से कई महत्वपूर्ण स्थल हैं। जिसमें ककरावल जलप्रपात भी शामिल है। बरसात के मौसम में इस जलप्रपात के आस-पास मनोरम दृश्य उत्पन्न होता है। इस प्रपात के आसपास हरियाली के साथ रमणीक प्राकृतिक स्थल भी हैं। इस प्रपात को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते रहते हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ाने तथा उन्हें जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रपात स्थल से करीब एक किमी0 दूरी पर बुनियादी सुविधायें सृजित करने का निर्णय लिया गया है।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का ईको पर्यटन पर विशेष फोकस है। इसको ध्यान में रखते हुए ललितपुर में जल प्रपात के समीप पर्यटक सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया गया है। जल प्रपात के समीप बुनियादी सुविधाओं के विकास से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन सेक्टर में असीमित संभावनायें हैं। इसलिए राज्य सरकार पर्यटन सेक्टर के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जनपद में आवागमन की बेहतर सुविधायें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग ककरावल जलप्रपात से करीब एक किलोमीटर दूरी पर डेढ़ एकड़ में बुनियादी सुविधाओं का विकास करेगा। इसमें कार पार्किंग, गजिबो, कैफेटेरिया, बाउंड्रीवाल, वाच टावर, बेंचेज, साइनेज के अलावा शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। विभाग की यह कोशिश है कि यहां पर्यटक आएं तो उन्हें अपने वाहन खड़ा करने का स्थान मिले। साथ ही घूमने-फिरने, बैठने की व्यवस्था भी हो। पर्यटक आएंगे तो खाने-पीने का भी इंतजाम होना चाहिए। इसलिए कैफेटेरिया भी बनाया जाएगा। इसके अलावा कई अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

एमपी में 4 नवंबर को मोदी और खडगे की सभाएं

भोपाल (ईएमएस)। मध्यप्रदेश में बीजेपी, कांग्रेस, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित तमाम पार्टियों के नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे होने वाले हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे 4 नवंबर को आ रहे हैं। प्रियंका गांधी 8 और 9 नवंबर को एमपी आएंगी। बसपा प्रमुख मायावती 5 दिनों में नौ बड़ी सभाओं को संबोधित करेंगी। पीएम मोदी की 4 नवंबर को रतलाम और सिवनी में सभा प्रस्तावित है। पीएमओ की ओर से इन दोनों सभाओं की अधिकृत मंजूरी आना बाकी है। मल्लिकार्जुन खडगे बालाघाट के कटंगी और डिंडोरी के शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं करेंगे। 8 नवंबर को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी इंदौर के सांवेर और खातेगांव में जनसभाओं को संबोधित करेंगी। इसके अगले दिन 9 नवंबर को उनकी रीवा में जनसभा प्रस्तावित है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती मप्र विधानसभा चुनाव के लिए नौ जनसभाओं को संबोधित करेंगी। मायावती 6, 7, 8, 10 और 14 नवंबर को एमपी के दौरे पर रहेंगी। 5 दिन में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में 9 जनसभाओं को संबोधित करेंगी।मप्र विधानसभा की 230 सीटों पर 21 से 30 अक्टूबर तक कुल 3832 उम्मीदवारों ने 4359 नामांकन फॉर्म जमा किए गए हैं।

जनपद के गन्ना किसानों को मिला दीपावली का तोहफा

बजाज चीनी मिल कुन्दरखी ने एकमुश्त 82 करोड़ रुपये का भुगतान किया

निज संवाददाता

गोण्डा। जनपद के गन्ना किसानों को दीपावली का बड़ा तोहफा दिया गया है। बजाज चीनी मिल कुन्दरखी ने बकाया गन्ना मूल्य में से एकमुश्त 82 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को कर दिया है। यह पैसा सीधे कृषकों के खातों में भेज दिया गया है। जनपद के जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चीनी मिल की ओर से 74 प्रतिशत भुगतान पूर्ण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह भुगतान जनवरी तक होता था लेकिन, इस बार दीपावली से पहले ही करा लिया गया है।

बजाज चीनी मिल कुन्दरखी के यूनिट हेड पीएन सिंह ने बताया कि यह भुगतान पिछले पेराई सत्र में जनवरी 2023 तक की खरीद किए गए गन्ना का है। इस प्रकार अब पिछले सत्र का कुल 225 करोड़ में से 166 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है। इसके बाद मात्र 59 करोड़ रुपये का भुगतान शेष बचा है जो आगामी दिसम्बर 2023 के दूसरे सप्ताह में पूरा कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि उसके पश्चात वर्तमान नये पेराई सत्र का भुगतान प्रारम्भ कर दिया जाएगा। यूनिट हेड पीएन सिंह ने किसानों से अपील की है कि इस वर्ष वसन्तकालीन गन्ना बुवाई के लिए सभी कृषक अपना बीज रोककर रखें तथा अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई करें। साथ ही, आगामी पेराई सत्र 2023-24 का अगले माह में प्रारम्भ होने वाले सत्र को निर्बाध गति से संचालित करने के लिए साफ सुथरे एवं ताजे गन्ने की अधिक से अधिक आपूर्ति करें।

18 साल के होने वाले हैं तो जुड़वा लें मतदाता सूची में नाम

चार व पांच को चलेगा संक्षिप्त पुनरीक्षण का विशेष अभियान

निज संवाददाता

गोण्डा। चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग वोट डाल सकें इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कमर कस ली है। गोण्डा में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जिले भर में 27 अक्टूबर से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। दो महीने तक जिले भर में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंप्स के माध्यम से नए वोटर जोड़े जाएंगे साथ ही जिले के पुराने वोटर्स के समस्याओं को हल किया जायेगा। अब मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 9 दिसंबर तक छूटे हुए या नए वोटर्स को बीएलओ के द्वारा मतदाताओं का पुनरीक्षण कर जोड़ा जाएगा। इस दौरान दावे और आपत्तियां भी ली जाएंगी व उनका निराकरण भी किया जाएगा।

मतदान केंद्रों पर चलेगा विशेष अभियान- पुनरीक्षण की अवधि में मतदाताओं की सुविधा हेतु आगामी चार व पांच नवम्बर, 25 व 26 नवंबर एवं 2 व 3 दिसम्बर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसमें समस्त पदाभिहित अधिकारी एवं बीएलओ अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर प्रातः दस बजे से सांय चार बजे तक उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेगें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि गोंडा जिले के प्रत्येक नागरिक को अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधि को चुनने के लिये वोट देने का समान अधिकार दिया जाए। लोकतंत्र के महापर्व में कोई भी नागरिक वोट न बनने के कारण वंचित नहीं रहना चाहिए।

भारत का संविधान सभी व्यस्कों को वोट देने का अधिकार देता है। इसके लिए जरूरी है कि सभी का नाम निर्वाचन नामावलियों में सम्मिलित किया जाए। इसलिए निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देशानुसार जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले के ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के हो जाएंगे या हो चुके है और उनका नाम निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित नहीं है ऐसे सभी नागरिक अपना नाम निर्वाचक नामावली में जरूर सम्मिलित करा लें।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स की जानकारी देने हेतु 22 वीडियो तैयार कराये गये-धर्मपाल सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां अपने कार्यालय कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण श्रीमती मोनिका एस0गर्ग द्वारा गठित टीम उपाय द्वारा आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स की आधारभूत जानकारी हेतु 22 वीडियो तैयार कराये गये है, जो कि बहुत ही वृहद एवं ज्ञानवर्धक है। इन ई-लर्निंग माडयूल की उपयोगिता को देखते हुए उत्तराखण्ड राज्य अकादमी द्वारा राज्य कार्मिकों को प्रशिक्षण दिये जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया गया है। इसके साथ ही श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पालीटेक्निकों में इन वीडियो लेक्चर्स को आन्तरिक पाठ्यक्रम में शामिल करते हुए क्रेडिट भी प्रदान किये गये हैं। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद ने सभी विश्वविद्यालयों को सलाह दी हैं कि इस ई-लर्निंग मॉड्यूल को डिजिटल जागरूकता के अनिवार्य पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जा सकता है।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन एआई वीडियोज की पहुंच को बढ़ाने तथा सभी को एआई का ज्ञान प्राप्त कराने एवं उनको लाभान्वित करने के उद्देश्य से इन वीडियोज का उर्दू एवं पंजाबी भाषा में अनुवाद किया जाए। इन वीडियोज को उर्दू एवं पंजाबी भाषा में अनुवाद कराने हेतु रजिस्ट्रार/निरीक्षक, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद को निर्देश दिये गये। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती मोनिका एस.गर्ग ने कहा कि मंत्री जी से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेजिलेंस की शिक्षा में निवेश आने वाली पीढ़ियों में किया गया निवेश है और इसमें मदरसों के छात्रों को इस नई तकनीक की जानकारी मिलने से वह नई टेक्नोलॉजी का अध्ययन विश्व स्तरीय कॉलेजों में कर पायेंगे। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक सुश्री जे0 रीभा तथा उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार डा0 प्रियंका अवस्थी उपस्थित थीं।

जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

किसान अधिक से अधिक जैविक खाद का प्रयोग करें-सीडीओ

निज संवाददाता

गोण्डा। परंपरागत कृषि विकास योजनान्तर्गत बुधवार को वेंकटाचार्य क्लब में किसान मेला एवं किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन सीडीओ एम अरुन्मौली द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि ने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मोटे अनाजों को मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाजों के सेवन से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है। उन्होंने घरेलू कचरे से कम्पोस्ट खाद बनाकर खेती में प्रयोग करने का आह्वान किया। उप कृषि निदेशक प्रेम ठाकुर ने जनपद में की जा रही जैविक खेती की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती में रसायनों का प्रयोग कदापि नहीं किया जाता है। इससे हमारा स्वास्थ्य तथा पर्यावरण सुरक्षित रहता है। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आवाहन किया।

जिला कृषि अधिकारी जगदीश प्रसाद यादव ने फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसलों के बीजों व अन्य निवेशों में देय अनुदान की जानकारी दी। डॉ रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने जैविक खेती के अंतर्गत जैव उर्वरकों का प्रयोग एवं महत्व, हरी खाद उत्पादन तकनीक, दलहनी फसलों की खेती, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई आदि की जानकारी दी। मिथिलेश झा वैज्ञानिक कृषि अभियंत्रण लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र ने बताया कि एक देशी गाय से 30 एकड़ खेती की जा सकती है।

फसलों में बीजामृत, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र,नीमास्त्र आदि का प्रयोग कर गुणवत्तायुक्त अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। कृषि रसायनों के प्रयोग की कोई जरूरत भी नहीं पड़ती है। डॉ. डीके सिंह मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक इफको ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, सागरिका, एनपीके कंसोर्टियम आदि के प्रयोग एवं महत्व की जानकारी दी। रविशंकर सिंह संचालक कृषक उत्पादक संगठन ने मोटे अनाजों की जैविक खेती को बहुत लाभकारी बताया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज रागी में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। इसका प्रयोग सुपर बेबी फूड के रूप में किया जाता है।

उमा सिंह साहित्यकार ने अदम गोंडवी को याद करते हुए जिक्र किया कि योजनाओं को किसानों के खेत पर क्रियान्वित किया जाये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को अपराजिता का पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आरपीएन सिंह कृषि विभाग ने मंच का संचालन किया। राम बहादुर सिंह संचालक कृषक उत्पादक संगठन, अवध जैविक कृषक उत्पादक संगठन, नमामि गंगे, राजकीय कृषि भंडार, कृषि रक्षा रसायन विभाग, गन्ना विकास विभाग आदि ने प्रदर्शनी लगाकर उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी दी। इस अवसर पर शिवशंकर चौधरी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, पारसराम भूमि संरक्षण अधिकारी, महेश गुप्ता अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी, सुमित तिवारी केके मिश्रा, प्रतिमा, दीपशिखा, पुष्पा आदि उपस्थित रहे। प्रगतिशील कृषकों रमेश कुमार, शुक्ला प्रसाद शुक्ला, ओमप्रकाश पांडेय आदि ने प्रतिभाग कर जैविक खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

दिव्यांगता पुर्नवास एवं प्रोस्थटिक्स व ओर्थोटिक्स जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स व ऑर्थोटिक्स दिवस के उपलक्ष्य में श्री योगेश्वर ऋषिकुल इंटर कलेज मेहदीगंज, राजाजीपुरम लखनऊ में दिव्यांगता पुर्नवास एवं प्रोस्थटिक्स व ओर्थोटिक्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांगता, प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप, कृत्रिम अंग व प्रत्यंग पुनर्वास के बारे में कक्षा 11 वे 12 वी के विद्यार्थियों को श्री संत प्रकाश गौतम, सहायक आचार्य व उनके टीम द्वारा जानकारी प्रदान की गयी तथा दिव्यांगता व पुर्नवास के क्षेत्र में स्नातक शिक्षा व कार्य हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त दिव्यांगता के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान के लिए विद्यार्थियों का पैर तथा रीढ़ का परीक्षण भी किया गया तथा जिन विद्यार्थियों में प्रारंभिक लक्षण दिखाई दिये, उन्हें कृत्रिम अंग व पुर्नवास केन्द्र लखनऊ में उपलब्ध सुविधाओं को निःशुल्क उपचार प्रदान किये जाने हेतु आमंत्रित किया ! उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्रो0 (डॉ0) आर0 आर0 सिंह अधिष्ठता विशेष शिक्षा संकाय के मार्गदर्शन तथा एवं डॉ रणजीत कुमार, कार्यशाला प्रबंधक, कृत्रिम अंग व पुर्नवास केन्द्र, डॉ0 शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के समन्वयन में किया गया।

प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा ने डायट, राज्य शैक्षिक अनुसंन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद, उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन एवं निदेशक मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के कार्यालय का किया निरीक्षण

लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ0 शन्मुगा सुन्दरम ने आज पूर्वान्ह 10.00 बजे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ (डायट), राज्य शैक्षिक अनुसंन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद (ैब्त्ज्), लखनऊ, उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन लखनऊ, निदेशक मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को विभागीय कार्यों को निर्धारित अवधि में कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अभिलेखों का रखरखाव बेहतर ढंग से किया जाये और कार्यालयों में साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा ने निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ (डायट) के प्रार्थना सभा में सम्मिलित होने के उपरान्त अनुशासित ढंग से प्रार्थना आदि कार्यक्रम किये जाने की सराहना की। प्रमुख सचिव पूर्वान्ह 10.30 बजे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डी0एल0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के कक्ष में जाकर मिले तथा उनका परिचय प्राप्त किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उ0प्र0 की एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में चल रहे 'लेशन प्लान' के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन लखनऊ का भी निरीक्षण किया और कक्षा 3 व 4 के बच्चों से परिचय प्राप्त किया और किताबे पढ़वाकर उनके शैक्षिक स्तर का भी परीक्षण किया। मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। इसी दौरान बच्चों के साथ प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा एवं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा द्वारा मध्यान्ह भोजन भी चखा गया।

इसी प्रकार प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा ने निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के कार्यालय में संचालित निपुण भारत सेल एवं विद्या समीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र संचालन के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए इसमे और सुधारात्मक रूप से कार्य किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निदेशक, मध्यान्ह भोजन के कार्यालय में एम0डी0एम0 अधिकारियों के साथ बैठक कर एम0डी0एम0 डेटा आदि को व्यवस्थित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

संक्षिप्त समाचार

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

गाजीपुर। थाना क्षेत्र के सिधौना स्थित रेलवे क्रासिंग पार करते समय शुक्रवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शादियाबाद थाना क्षेत्र की नगीना देवी (55) पुत्री रेहाना के घर अमेहता गांव आई हुई थीं। पुत्री की तबियत पिछले एक सप्ताह से खराब चल रही थीं, जिसे देखने के लिए उसके घर पहुंची थीं। वह किसी कार्य से सिधौना बाजार गई और रेलवे लाइन क्रॉस कर रही थी। इसी दौरान औड़िहार के तरफ वाराणसी की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों के रोने- बिलखने से चीख- पुकार मच गई। थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कोटेदार की तहरीर पर दो के खिलाफ मुदकमा दर्ज

गाजीपुर। थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में कोटेदार का 32 बोरी सरकारी राशन चोरी के मामले में पुलिस ने कोटेदार की तहरीर पर दो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। कर्मा गांव के कोटेदार धनुराम गोदाम के बरामदे में 25 बोरी चावल और सात बोरी गेहूं सरकारी राशन कार्ड धारकों को वितरण करने के लिए रखे हुए था। दूसरे दिन जब राशन वितरण करने के लिए गोदाम पर पहुंचे तो पता चला कि 25 बोरी चावल और 7 बोरी गेहूं गायब है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश पाल ने बताया कि राशन चोरी के मामले में कोटेदार के तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

एकेडमिक ग्लोबल स्कूल के यश पटेल ने जीता गोल्ड

गोरखपुर। पादरी बाजार क्षेत्र के जंगल धूषण स्थित एकेडमिक ग्लोबल स्कूल के कक्षा 11वीं के यश पटेल ने गोल्ड मेडल जीतकर पूर्वांचल का मान बढ़ाया है। सीबीएसई ईस्ट जोनल आर्चरी चैंपियनशिप 2023 के अंडर 17 पुरुष वर्ग में यश पटेल ने अलग-अलग रेंज में गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता जमशेदपुर स्थित एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में सीबीएसई द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एकेडमिक ग्लोबल स्कूल के कक्षा 11वीं के यश पटेल ने इंडियन राउंड में प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 44 छात्र शामिल थे। यश पटेल ने फर्स्ट 40 मीटर राउंड में 360 में से 298 अंक अर्जित कर सिल्वर मेडल जीता जबकि 30 मीटर सेकंड राउंड में 360 में से 302 अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही यश पटेल ने कुल 720 स्कोर में 600 अंक अर्जित कर सीबीएसई ईस्ट जोन आर्चरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर नेशनल के लिए अपने दावेदारी पेश कर दी है। यश पटेल के कोच अजितेश सोलंकी ने उनकी उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। चेयरमैन ई संजीव कुमार ने कहा कि विद्यालय में सभी प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रशिक्षक रखे गए हैं।

नारी शक्ति वंदन से खुलेंगे राजनीति के नए द्वार -अंजू

गोरखपुर। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अंजू चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने से महिलाओं के लिए राजनीति में नए द्वार खुलेंगे। साथ ही वे अधिकारों और विकास के लिए मजबूती से आवाज उठा सकेंगीं। आयोग की उपाध्यक्ष शनिवार को शहर के एक मैरिज हॉल में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि आज लोकसभा में 82 महिलाएं ही प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं, लेकिन इस अधिनियम के बाद लोकसभा में 182 महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा अमित गुप्ता, निर्मला द्विवेदी, कुमकुम सिंह, शकुंतला जायसवाल, ममता जायसवाल, वंदना सिंह, मीना श्रीवास्तव, रानी मिश्रा आदि मौजूद रहे। संवाद

गोरखपुर से 162 यात्रियों के साथ दक्षिण भारत की यात्रा पर रवाना हुई भारत गौरव

गोरखपुर। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और प्राकृतिक सुंदरता का दर्शन कराने के लिए भारत गौरव ट्रेन शनिवार को रवाना हुई। गोरखपुर के 162 यात्रियों को लेकर रवाना हुई इस ट्रेन की सभी 750 सीटें बुक हो गई हैं। ट्रेन आठ नवंबर को गोरखपुर लौटेगी। अब तक 26 भारत गौरव पर्यटक ट्रेनें चल चुकी हैं। शनिवार को शाम चार बजे 27वीं ट्रेन दक्षिण भारत की यात्रा के लिए रवाना की गई। यह गाड़ी मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., ललितपुर, बीना, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह, विजयवाड़ा, रेनीगुंटा, काठपाडी, विल्लुपुरम्, तिरुचिरापल्ली, कुदालनगर, मदुरई, तिरुनेवेल्ली, कन्याकुमारी, कुट्टापाह, नंद्याल, मरकापुर, कृष्णा कैनाल स्टेशनों पर रूकेगी। 08 नवंबर को 01:20 बजे गोरखपुर वापस पहुंचेगी। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस ट्रेन में कुल 750 सीटें हैं, जिनकी अलग-अलग स्टेशनों से बुकिंग है। गोरखपुर स्टेशन से 162 यात्री सवार हुए। सभी दक्षिण भारत की यात्रा को लेकर खासा उत्साहित नजर आए।

संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीता पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

.गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम चल रही 32वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल वालीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार शाम खेले गए पुरुष वर्ग के संघर्ष पूर्ण मुकाबले में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने उत्तर मध्य रेलवे को 25-19, 25-12, 23-25, 26-24 अंकों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के अन्य मुकाबलों में पूर्व मध्य रेलवे ने दक्षिण पूर्व रेलवे को 17-25, 27-25, 25-16, 25-19, 09-15 अंको से मात देकर आगे की राह बनाई। पूर्व रेलवे ने मध्य रेलवे को सीधे सेटों में 25-15, 25-20, 25-14 अंको से हराकर जीत दर्ज की। दक्षिण रेलवे ने पूर्व तटीय रेलवे को सीधे सेटों में 25-23, 25-16, 25-12 अंकों से हराया। रेलवे सुरक्षा विशेष बल ने दक्षिण मध्य रेलवे को 25-08, 25-17, 25-13 अंकों से हराया। वहीं प्रतियोगिता के महिला वर्ग के मुकाबलों में दक्षिण पश्चिम रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे को 25-23, 25-18, 25-15 अंकों से पराजित किया। पूर्व रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 25-22, 25-16, 25-18 अंकों से हराया, रेलवे सुरक्षा विशेष बल ने मध्य रेलवे को 25-11, 25-07, 25-12 अंकों से शिकस्त देकर मैच जीत लिया। मैच के निर्णायक की भूमिका संकटा सिंह, विनोद सिंह, रमेश राय, प्रदीप यादव, ओंकार सिंह, अतुल सिंह, संदीप कुंदीर व भवर सिंह ने निभाई।

श्रीराम ने किया रावण का वध

.गोरखपुर। रामलीला समिति धर्मशाला बाजार की ओर से आयोजित रामलीला में शनिवार को कलाकारों ने अहिरावण और रावण वध का मंचन किया। इस दौरान लोगों को बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने के लिए राम ने रावण पर अग्निबाण चलाकर पुतले का दहन किया। पुतले के साथ ही रावण का अहंकार धू-धू कर जल गया। शनिवार को कलाकारों ने राम और रावण में भीषण युद्ध का मंचन किया। इससे पूर्व रामलीला की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी श्री राम की आरती उतार कर किया। इस अवसर पर शिवशंकर दूबे, शशांक शेखर त्रिपाठी, सच्चिदानंद पांडेय, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, राजन चौरसिया, विजय तिलक कोरी, दुर्गेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, सचिन सोनकर, श्रीकांत वैश्य, बृजेश कसौधन आदि लोग मौजूद रहे।

सोसाइटी की 11वीं मंजिल से गिरकर युवती की मौत

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र की पुल्मेरिया गार्डन सोसाइटी की 11वीं मंजिल से गिरकर की युवती की मौत हो गई। बेंगलुरु में तकनीकी कोर्स की पढ़ाई के दौरान अरोमा (23) का वर्ष 2021 में ब्रेन हेमरेज हुआ था। इसके बाद से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। एम्स में उसका इलाज चल रहा है। सूरजरपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि निजी कंपनी में नौकरी करने वाले सुशील कुमार गुप्ता पुल्मेरिया गार्डन सोसाइटी में सपरिवार रहते हैं। सुशील की बेटी अरोमा शुक्रवार फ्लैट में थी। रात करीब 8 बजे वह बालकनी से नीचे गिर गई। आनन-फानन उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बेंगलुरु में ब्रेन हेमरेज के बाद अरोमा को ग्रेटर नोएडा ले आए थे। परिजन ही उसकी देखभाल कर रहे थे।

बेची हुई जमीन का मुआवजा उठाने वाले से होगी सवा करोड़ की वसूली

ग्रेटर नोएडा। तुस्याना गांव में बेची हुई जमीन का मुआवजा उठाने के मामले में आरोपी से सवाल करोड़ की वसूली होगी। अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति की ओर से राजेंद्र सिंह को 1.27 करोड़ की वूसली का नोटिस जारी किया है। राशि एडीएम के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। अहम है कि हाल ही में तुस्याना गांव के एवज में आवंटित हुई छह फीसदी भूखंडों को निरस्त करने के शासन ने निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि तुस्याना गांव में राजेंद्र सिंह ने रवि अग्रवाल को जमीन बेची थी। जमीन का दाखिल खारिज नहीं हो पाया था। इसके चलते जमीन राजेंद्र सिंह के नाम ही रही। उसने उक्त भूमि के मुआवजे के रूप में 1.27 करोड़ रुपये ले लिए। रवि अग्रवाल इस मामले को लेकर वर्ष 2002 में अदालत चले गए थे और अब कोर्ट ने इस मामले में फैसला उनके पक्ष में करते हुए प्रशासन को मुआवजा देने का आदेश दिया है। इसके बाद अपर जिलाधिकारी बलराम सिंह की ओर से उक्त प्रकरण में राजेंद्र सिंह से उक्त

पॉक्सो कोर्ट में बयान से मुकरने पर आरोपी को मिल रहा संदेह का लाभ

गाजियाबाद। 18 वर्ष से कम उम्र में दुष्कर्म के मामलों में गवाहों के बयानों से मुकर जाने से आरोपियों को संदेह का लाभ मिल रहा है। तीन वर्ष में पाक्सो कोर्ट में निस्तारित हुए 173 मामलों में सिर्फ 46 दोषियों को सजा मिल पाई, शेष अन्य मामलों में आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ मिल गया और वह बरी हो गए। इनमें तीन मामले ऐसे थे जिनके माता-पिता ने अपहरण के बाद दुष्कर्म का आरोप लगाया था, लेकिन मुकदमे की सुनवाई के दौरान शादी के बाद बच्चे भी पैदा हो चुके थे, जबकि आठ मामलों में किशोरी और आरोपी शादी करने के बाद साथ रहने की सहमति अदालत में दी थी। पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार का कहना है कि अभियोजन और बचाव पक्ष के अदालत से बाहर समझौता करने या सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान से मुकर जाने के कारण अदालत आरोपी को बरी कर देती है। अदालत संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 344 के तहत कार्यवाही का आदेश देती है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश चंद्र शर्मा कहना है कि अदालत में न्यायाधीश के सामने पीड़िता जो बयान दर्ज कराती है उसे मुख्य माना जाता है। जिन मामलों में अभियोजन पूर्व के बयान पर अडिग रह कर न्यायाधीश के सामने पहले पुलिस को दिया बयान दर्ज कराती है, उन मामलों में आरोपी को अदालत से सजा मिलती है।

प्रेमी के पक्ष में देती है बयान

अधिवक्ता राजकुमार का कहना है किशोरी के प्रेमी के साथ घर छोड़ने पर आवेश या भावुकता में आकर परिजन पहले मुकदमा दर्ज करा देते हैं, लेकिन समय बीतने के साथ ही अधिकांश मामलों में बच्चों की इच्छा को सर्वोपरि मानते हुए बयान से मुकर जाते हैं। बालिग होने पर आपसी सहमति होने पर कई बार बचाव पक्ष भी दोनों की शादी करा देते हैं।

लालकुआं और क्रॉसिंग रिपब्लिक से एक्सप्रेसवे पर नए साल में मिल जाएगी कनेक्टिविटी

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लालकुआं और क्रॉसिंग रिपब्लिक को कनेक्टिविटी देने के लिए लूप बनाने का काम नवंबर में शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को दिल्ली में हुई एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों और मेरठ मंडल की मंडलायुक्त व कई जिलों के साथ हुई अहम बैठक में मंजूरी मिलने के बाद अब इस प्रोजेक्ट का डिटेल डिजाइन तैयार किया जाएगा। दो से तीन सप्ताह में डिजाइन तैयार कराकर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस पर नौ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नए साल पर इन लूप का तोहफा गाजियाबाद के लोगों को मिल सकता है।

क्रॉसिंग रिपब्लिक और लालकुआं क्षेत्र के लोगों की मांग पर गाजियाबाद के सांसद व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने इन दोनों क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से प्रवेश और निकास के लिए दो लूप बनाने का प्रस्ताव एनएचएआई को भेजे थे। अपने ही विभाग के मंत्री के इन प्रस्तावों पर एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने सर्वे कराकर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कराई और डीपीआर बनाकर एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव के पास भेज दी थी। शुक्रवार को हुई बैठक में इसे मंजूरी मिल गई है। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि डिटेल डिजाइन बनाने और इसके तकनीकी परीक्षण के बाद नवंबर माह में ही लूप बनाने का काम शुरू करा दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा, दादरी, बुलंदशहर जाने वालों को भी मिलेगा फायदा

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लालकुआं और क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास प्रवेश व निकास के लिए लूप बन जाने से न केवल गाजियाबाद और क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसायटी के लोगों को बल्कि ग्रेटर नोएडा, दादरी, बुलंदशहर जाने वाले वाहन चालकों को भी फायदा मिलेगा। दिल्ली और मेरठ से आते-जाते वक्त फिलहाल उन्हें डासना में एक्सप्रेसवे से उतरना पड़ता है और यहां से एनएच-9 के माध्यम से क्रॉसिंग रिपब्लिक, शाहबेरी होते हुए ग्रेटर नोएडा और लालकुआं होते हुए दादरी-बुलंदशहर की ओर जाना पड़ता है। इन लूप के बन जाने से वाहन चालकों को डासना नहीं उतरना पड़ेगा।

विजयनगर में नाला बन जाने से 4 लाख की आबादी को मिलेगा फायदा

एनएचएआई ने विजयनगर में नाला बनाने में हिस्सेदारी देने पर भी सहमति दे दी है। विजयनगर से हिंडन नदी तक बनने वाले नाले पर करीब 45 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दरअसल, एनएच-9 के चौड़ीकरण के दौरान एचएचएआई ने नगर निगम के नाले को पाट दिया था। इसकी वजह से लाइनपार क्षेत्र की कॉलोनियों की जल निकासी बाधित हो गई। बारिश के दौरान जल निकासी न होने की वजह से यहां जलभराव हो जाता है। जलभराव के कारण एक स्कूली छात्र की मौत भी इस क्षेत्र में हो चुकी है। स्थानीय पार्षदों के साथ-साथ नगर निगम के अफसर भी एनएचएआई से नाला बनाने या इसके लिए फंड उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे।

लालकुआं और क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से प्रवेश और निकास के लिए लूप बनाने का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। दोनों स्थानों पर लूप बन जाने से लाखों लोगों को फायदा होगा। - वीके सिंह, स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री

फोरलेन रिंग रोड से खुलेगी नया गोरखपुर की राह, भुगतान की जगी उम्मीद

गोरखपुर। गोरखपुर में जंगल कौड़िया-जगदीशपुर फोरलेन रिंग रोड से जीडीए के नया गोरखपुर योजना के आगे बढ़ने की राह खुलेगी। रिंग रोड से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कमेटी गठित की गई है। गेहूं की बुवाई शुरू होने से पहले कमेटी के सदस्य अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप देंगे। किसानों का कहना है कि बाजार दर और सर्किल रेट के बीच ऐसा मुआवजा तय किया जाए, जिससे किसी का नुकसान न हो। तीन माह पूर्व दाखिल आर्बिट्रेशन पर कोई निर्णय नहीं हो सका है। जंगल कौड़िया-जगदीशपुर फोरलेन रिंग रोड के लिए 26 गांवों के किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है। इससे करीब 1700 छोटे बड़े किसान प्रभावित हो रहे हैं। कई किसानों की खेती की पूरी जमीन रिंग रोड के लिए अधिग्रहित है। जून में इसका काम शुरू कराया जाना था। लेकिन बाजार दर पर मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने विरोध जताया।

अधिकारियों ने गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को बताया कि आर्बिट्रेशन (न्यायिक मध्यस्थता) दाखिल करें। तब अधिकारियों ने दावा किया था कि जल्द ही इसकी सुनवाई हो जाएगी। लेकिन इसकी पहली तारीख अगस्त में पड़ी। इसके बाद दोबारा सात अक्तूबर को तारीख लग गई। किसानों ने आपत्ति जताते हुए विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के सामने अपनी बात रखी। विधायक ने डीएम से बात करके मामला सुलझाने को कहा। इस प्रकरण के अविलंब निस्तारण के लिए एडीएम प्रशासन की अगुवाई में एआईजी स्टांप, कैंपियरगंज और सदर तहसील के तहसीलदार और दोनों जगहों के उप निबंधकों की कमेटी बनाई गई है।

यह कमेटी पीपीगंज के सोनौली बाईपास रोड और जगदीशपुर जंगल कौड़िया रिंग रोड के किसानों के लिए बाजार दर और सर्किल रेट के बीच उचित विकल्प की तलाश करेगी। इसमें नेशनल हाईवे के किनारे की जमीन, अन्य लिंक रोड के रेट, खेती की भूमि और बाजार भाव की तुलना करके निर्णय लिया जाएगा।

तय दर को एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) को भुगतान के लिए भेजा जाएगा। हालांकि अधिकांश किसानों को पूर्व में तय दर पर मुआवजा दिया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि नई दर तय होने पर बची हुई रकम भी खातों में पहुंच जाएगी।

.जमीन देने को तैयार नहीं हैं किसान

शहर के आसपास फोरलेन रिंग रोड के आसपास ही जीडीए की ओर से नया गोरखपुर बसाया जाएगा। इसके लिए किसान जमीन देने को तैयार नहीं है। सर्किल रेट और बाजार मूल्य को लेकर पेच फंसा है। माना जा रहा है कि रेट तय होने पर पूरे क्षेत्र में यह प्रभावी हो जाएगा। इससे अन्य योजनाओं में आसानी से जमीनों का अधिग्रहण हो सकेगा।

.आब्रिटेंशन दाखिल किए तीन माह से अधिक का समय गुजर गया है। लेकिन रेट को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका है। इसलिए इस पर जल्द से जल्द फैसला होना चाहिए।

बस से कुचलकर खलासी की मौत

गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के चुरामनपुर पुलिया के पास वेद बिहारी पोखरा - भड़सर मार्ग पर शुक्रवार को वाराणसी से रसड़ा जा रही एक यात्री बस से कुचलकर खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर चालक बस को कोतवाली में खड़ा कर फरार हो गया है। परिजनों के रोने-बिलखने से गांव में चीख- पुकार मच गई। बिरनो थाना क्षेत्र के बिहरा गांव निवासी उमेश पांडेय (46) एक यात्री बस पर खलासी का काम कर परिवार का पालन पोषण करते थे। उमेश पांडेय के पुत्र आकाश पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पिता उमेश पांडेय सुबह घर के काम से कासिमाबाद जाने के लिए निकले थे। वेद बिहारी पोखरा भड़सर मार्ग पर चुरमानपुर गांव के सामने पुलिया के पास जैसे ही पहुंचे, वाराणसी से रसड़ा जाने वाली एक निजी बस से कुचलकर घटनास्थल मौत हो गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उमेश पांडेय की आकस्मिक मौत की खबर पाकर उनके गांव बिहरा में शोक की लहर दौड़ गई। दूसरी तरफ माता देवंती देवी, पत्नी रिंकू पांडेय, पुत्री खुशबू, काजल, राज के साथ पुत्र आकाश का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मृतक के पुत्र आकाश पांडेय की तहरीर पर बस और उसके चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बस कोतवाली परिसर में खड़ी है। चालक फरार है । घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि मृतक उमेश पांडेय वाराणसी से रसड़ा चल रही इस यात्री बस पर खलासी का काम कर रहे थे । बस के गेट पर वे खड़े होकर सवारी उतारने चढाने के दौरान बस से गिर गए। सड़क पर गिरते ही बस का पिछला चक्का उनके सिर पर चढ़ गया और घटनास्थल पर कुचल जाने से मौत हो गई । मृतक उमेश पांडेय अपने घर का एक मात्र कमाऊ व्यक्ति थे ।

दिल्ली से वाया नोएडा एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी में एनएचएआई

ग्रेटर नोएडा। दिल्ली से नोएडा और ग्रेटर नोएडा होते हुए जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के अलावा वैकल्पिक मार्ग की योजना पर काम शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव और जाम को देखते हुए इस नए मार्ग की परिकल्पना की जा रही है। जिससे भविष्य में जब नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी जाए तो लोग जाम के झाम में न फंसे। इसके लिए दिल्ली स्थित एनएचएआई कार्यालय में बैठक हुई और इसमें एक्सप्रेसवे के अलावा एलिवेटिड रोड पर भी चर्चा की गई है। इसके लिए फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार की जाएगी और सभी विकल्पों पर गहनता से अध्ययन किया जाएगा। दरअसल, जेवर में निर्माणाधीन नोएडा एयरपोर्ट तक दिल्ली से सुगम मार्ग सुविधा देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने चहलकदमी करनी शुरू कर दी है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लगातार वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में नोएडा एयरपोर्ट के शुरू होने पर यह समस्या और विकराल रूप धारण करेगी। इससे पहले ही इस समस्या का शासन-प्रशासन ने समाधान तलाशना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बैठक की। इसमें गौतमबुद्ध नगर डीएम मनीष कुमार वर्मा, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रविकुमार एनजी, यमुना प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने दिल्ली से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने और ईस्टन पेरीफेरल को नोएडा-ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्ट करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा। इसमें सबसे अहम मुद्दा दिल्ली से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने का रहा। कई अधिकारियों ने कहा कि एक नया एक्सप्रेसवे बनाया जाए तो कुछ अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे बनाने में जमीन को लेकर अड़चन आएगी, इसलिए एलिवेटिड रोड बनाया जाए। इसके अलावा मेरठ-दिल्ली मेरठ रोड की तर्ज पर एक्सप्रेसवे बनाने पर विचार किया गया। अतः में तय हुआ कि एक्सप्रेसवे व एलिवेटिड रोड आदि को लेकर एक फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार कराई जाए।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष से दिल्ली स्थित एनएचएआई कार्यालय में बैठक हुई। इसमें दिल्ली-नोएडा और जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट को अलग मार्ग से जोड़ने पर चर्चा हुई।

मेरी उम्र 60 वर्ष से अधिक है... हृदय रोग-ब्लड प्रेशर और शुगर है, मुख्तार ने दीं ये दलीलें

गाजीपुर। अदालत में दोषसिद्ध होने के बाद माफिया मुख्तार अंसारी ने अपनी ज्यादा उम्र और बीमारी को लेकर दलीलें दीं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश मुख्तार ने कहा कि उसकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है। वह वर्ष 2005 से जेल में है। जिस मामले में दोषसिद्ध हुआ है, उसमें भी सात वर्ष से अधिक समय से जेल में है। विशेष न्यायाधीश (एमपी/एमएलए कोर्ट) अरविंद मिश्र की अदालत में दोषसिद्ध होने के बाद माफिया मुख्तार अंसारी ने अपनी ज्यादा उम्र और बीमारी को लेकर दलीलें दीं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए मुख्तार ने कहा कि उसकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है।

वह वर्ष 2005 से जेल में है। जिस मामले में दोषसिद्ध हुआ है, उसमें भी सात वर्ष से अधिक समय से जेल में है। उसे हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर और सर्वाइकल संबंधी बीमारी हैं। दो बार हार्ट अटैक आ चुका है, इसलिए उसे कम से कम दंड से दंडित किया जाए। मुख्तार अंसारी की दलीलों पर सजा सुनाने से पहले अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि वर्तमान समय में अभियुक्त 60 वर्ष से अधिक उम्र का है। मुख्तार अंसारी ने बीमारियों से ग्रसित होने का हवाला दिया। मगर, यहां यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि अभियुक्त मुख्तार अंसारी द्वारा बीमारियों से ग्रसित होने के संबंध में कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य नहीं प्रस्तुत किया गया। तथ्य एवं परिस्थितियों के आधार पर यह साबित होता है कि अभियुक्त मुख्तार अंसारी का एक संगठित गिरोह था। गिरोह का उपयोग समाज विरोधी क्रियाकलापों के लिए किया जाता था। इसलिए अभियुक्त मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और पांच लाख रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया जाता है।

मुख्तार अंसारी की ओर से बचाव में दलील दी गई कि गैंग चार्ट में अंकित मुकदमों में गवाहों के पक्षद्रोही होने के कारण अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया गया है। इस पर अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य बनाम मुख्तार अंसारी मुकदमे में गवर्मेंट अपील पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्णय दिया था कि गैंग चार्ट में अंकित मुकदमों में गवाहों के पक्षद्रोही होने के कारण अभियुक्त दोषमुक्त हो जाता है, तो उसके बाद भी उसे गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत दोषसिद्ध किया जा सकता है। दरअसल, कपिल देव सिंह की हत्या और मीर हसन के हत्या के प्रयास के मामले में मुख्तार अंसारी बरी हो चुका है। उसके गुर्गे भी बरी हो चुके हैं। अब गैंगस्टर एक्ट में दोष साबित हुआ और सजा मिली है। इसका फायदा मुख्तार उठाना चाहता था, इसीलिए दलील भी दी, लेकिन अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर सजा सुना दी।

ऐसे चला मामला

- वर्ष 2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या कर दी गई थी। इसी तरह मुहम्मदाबाद के मीर हसन की हत्या का प्रयास किया गया था।
- वर्ष 2010 में मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत करंडा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था।
- सात अक्तूबर 2023 को मुख्तार अंसारी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये और सोनू यादव का बयान दर्ज हुआ था।
- 11 अक्तूबर को बहस होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी।
- 17 अक्तूबर को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव और मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता लियाकत अली और स्वयं मुख्तार अंसारी, जबकि सोनू यादव के अधिवक्ता राजकुमार जायसवाल ने अपना- अपना तर्क प्रस्तुत किया। बहस सुनने के बाद अदालत ने फैसले की तिथि तय कर दी।
- 26 अक्तूबर को न्यायालय ने मुख्तार अंसारी और सोनू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार दिया। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई और सजा निर्धारण के लिए 27 अक्तूबर की तिथि नियत कर दी।
- 26 अक्तूबर को अपराह्न 3.15 बजे अदालत ने मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई गई।

अदालत ने सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) को निर्देशित किया कि वह पुलिस अधीक्षक की तरफ से नियुक्त विशेष वाहक से अभियुक्त मुख्तार अंसारी का सजायावी वारंट अविलंब भिजवा दें।

शतरंज के समर में उतरे नन्हे महारथी, पहले दिन चार राउंड के हुए मुकाबले

ग्रेटर नोएडा। सात राउंड में खेले जाने वाले ग्रांड फिनाले के पहले दिन चार राउंड के रोमांचक मुकाबले हुए। जिसमें शामिल खिलाड़ियों ने ऊंट, घोड़े, हाथी और रानी से प्रतिद्वंदी को परास्त करने के लिए चालें चलीं। नोएडा के सेक्टर-59 स्थित अमर उजाला कार्यालय में अमर उजाला और उत्तर प्रदेश शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से शनिवार को जूनियर शतरंज प्रतियोगिता के महासमर का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिमागी घोड़े दौड़ाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और यूपी शतरंज एसोसिएशन के सचिव एके रायजादा ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। दो दिवसीय ग्रांड फिनाले में जिले के 45 स्कूलों के 255 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। सात राउंड में खेले जाने वाले ग्रांड फिनाले के पहले दिन चार राउंड के रोमांचक मुकाबले हुए। जिसमें शामिल खिलाड़ियों ने ऊंट, घोड़े, हाथी और रानी से प्रतिद्वंदी को परास्त करने के लिए चालें चलीं। अंडर-12 वर्ग में 129 खिलाड़ी शामिल हुए। इनमें लड़कों और लड़कियों के वर्ग में अनय सिंह, विग्नेश बाला, अवान तिवारी, दक्ष सैनी, चैतन्य गुप्ता, आकर्ष रत्नम और हर्ष भूषण चार-चार अंकों के साथ टॉप पर रहे। वहीं 12 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग के फिनाले में 126 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें जय पांडे, यश कुमार सिंह, अरेन गौतम, रायन गौतम, अर्णव पॉल, समय कुशवाहा, दीपतांशु प्रसाद और कृष्णा चौहान चार-चार अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय मानक

संक्षिप्त समाचार

विकास खण्ड जरवल मुख्यालय पर आयोजित रोजगार मेला

बहराइच । जिला सेवायोजन कार्यालय माडल करियर सेन्टर, बहराइच द्वारा विधान सभा क्षेत्र कैसरगंज के विकास खण्ड परिसर जरवल, बहराइच में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 07 कम्पनियों द्वारा शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान कराने हेतु प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में कुल 370 से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले में सम्मिलित हुए जिसके सापेक्ष 206 से अधिक अभ्यर्थियों को नियोजकों द्वारा अगले चरण के लिये चयन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि मा0 ब्लाक प्रमुख इंजी0 विपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए प्रतिभागी कम्पनियों में सेवायोजित कराने की सलाह दी गयी साथ ही खण्ड विकास अधिकारी, जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय द्वारा निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार से संतृप्त होने की सलाह दी गयी। रोजगार मेला में प्रतिभाग करने वाले बेरोजगार अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग जिला सेवायोजन अधिकारी, बहराइच संजय कुमार द्वारा करते हुए सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराने की प्रक्रिया के बारे में एवं आउट सोर्सिंग भर्तियों में आवेदन करने तथा रोजगार मेले के आयोजन के उद्देश्य के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया। रोजगार मेले के कार्यक्रम का सफल संचालन खजांची लाल यादव द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में सेवायोजन कार्यालय से मो0 अजमल, ऊधव राम, श्रीमती सादमा जबी उपस्थित थे।

सहायक प्रोफेसर ने बीएड छात्र को स्केल पीटा, थप्पड़ जड़े

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीएड विभाग में मंगलवार को सहायक प्रोफेसर ने छात्र को थप्पड़ जड़ दिए और स्केल से पिटाई कर दी। छात्रों के इकट्ठे होने पर अन्य प्रोफेसरों ने मामला शांत कराया। शाहजहांपुर निवासी बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र ने बताया कि वह कक्षा में शिक्षण गतिविधि करवा रहा था। वहां मौजूद जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फैलोशिप) उससे शिक्षण सामग्री (टीएलएम) के बारे में पूछ रहे थे। उसने सामग्री लाना भूल गया है। तभी वहां एक सहायक प्रोफेसर आए और उन्होंने टिप्पणी की कि तुम खुद को घर पर क्यों नहीं भूल आए। छात्र ने अपनी गलती स्वीकारते हुए सामग्री अगले दिन ले आने की बात कही। शर्ट का बटन खुला होने पर पूछा तो छात्र ने कहा कि शाम को टेलर से सही करवा लेगा। शिक्षक ने कहा कि ड्रेस ठीक नहीं है, तो कल से मत आना और अगर पैसों की दिक्कत है तो कहीं जाकर मजदूरी कर लो। इसके बाद उन्होंने छात्र की पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र साथियों के साथ शिकायत करने जाने लगा तो अन्य प्रोफेसर ने उसे समझाकर बैठा दिया। आरोपी सहायक प्रोफेसर का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं। पिटाई नहीं की, अनुशासन में रहने की हिदायत दी थी।

प्लॉट के लिए छह नवंबर से शुरू होंगे पंजीकरण, पांच दिसंबर तक करें आवेदन

बरेली। रामगंगा नगर के बाद ग्रेटर बरेली बीडीए की दूसरी बड़ी आवासीय परियोजना है। हाईटेक सुविधाओं के साथ इसे विकसित किया जा रहा है। जो लोग दिवाली से पहले आवास के लिए भूखंड तलाश रहे हैं, उनके लिए अवसर है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की बड़ी आवासीय योजना ग्रेटर बरेली में 440 से अधिक प्लॉट बेचने की योजना बनाई गई है। प्राधिकरण की रामगंगा नगर आवासीय योजना के बाद ग्रेटर बरेली दूसरी बड़ी आवासीय योजना है। दिवाली से पहले बीडीए छह नवंबर से यहां प्लॉट के पंजीकरण शुरू करेगा और पांच दिसंबर तक लोग आवेदन कर सकेंगे। बीडीए वीसी जोगिंदर सिंह ने बताया कि ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के सेटर 2ए के बाद अब 1बी में भूखंड देने की तैयारी शुरू कर दी है। छह नवंबर से पंजीकरण शुरू होंगे और पांच दिसंबर तक चलेंगे। इसके बाद लॉटरी के जरिए भूखंडों के ड्रा खोले जाएंगे। यह योजना अल्प एवं मध्यम आय वर्ग तक के लोगों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।

धर्म परिवर्तन करने और बुर्का पहनने का दबाव बना रहा युवक

बरेली। युवती पर दूसरे समुदाय का युवक धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा है। युवती पर हिजाब व बुर्का पहनने का दबाव भी बनाया गया। युवती के पिता ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बारादरी थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी निवासी युवती के पिता ने बताया कि रामपुर स्वार की पंजाबी कॉलोनी निवासी शैजान खान उनकी नाबालिग बेटी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। वह बेटी पर धर्म परिवर्तन करने और बुर्का पहनने का दबाव बना रहा है। युवती को धमकी देकर घर में रखे जेवर और नकदी चोरी कराता है। बेटी से महंगे गिफ्ट मंगवाता है। शैजान के परिजन पीछे से उसका सहयोग करते हैं। शैजान उनकी बेटी को अपने समुदाय के लड़कों से दोस्ती करने के लिए कहता है। युवती के फोटो सोशल मीडिया पर डालकर उसको परिजनों के खिलाफ बोलने पर मजबूर करता है। इन बातों से डरकर उनकी बेटी भी शैजान के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाती है। पिता की शिकायत पर शैजान और उसके परिजनों के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

औद्योगिक गलियारे की भूमि अधिग्रहण से पहले उठने लगे विरोध के स्वर

हैदरगढ़(बाराबंकी)। औद्योगिक गलियारा निर्माण को लेकर भूमि अधिग्रहीत होने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही विरोध के स्वर सुनाई देने लगे हैं। संबंधित गांवों के किसान सात नवंबर को पैदल मार्च कर विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। पहले भी बारा तथा खरसतिया में कॉरीडोर के प्रस्ताव को किसानों के विरोध के चलते वापस लेना पड़ा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए औद्योगिक गलियारा विकसित करने का प्रयास तीन साल से चल रहा है। यूपीसीडा और तहसील प्रशासन ने एक्सप्रेसवे व लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे के लिंक प्वाइंट पर ग्राम पंचायत बारा के पास भूमि का चिह्नांकन किया था। किसानों से कई दौर की वार्ता के बाद भी योजना परवान नहीं चढ़ सकी। फिर शासन ने यूपीडा को कॉरीडोर निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी। तहसील प्रशासन ने खरसतिया, गोसूपुर व भिखरा के पास करीब 500 हेक्टेयर भूमि का प्रस्ताव भेजा। भूमि की उपयुक्तता रिपोर्ट भी भेजी गई, लेकिन कुछ किसानों के विरोध पर प्रशासन ने हाथ पीछे खींच लिए थे। फिर बम्हरौली, सतरही, अंदूमऊ, बहरामपुर, पेचरुआ की 243.2 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई और इसमें फेज वन में बम्हरौली, सतरही, अंदऊमऊ, घकुइयां की 97 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। गढ़ी सतरही के प्रधान राजन सिंह ने बताया कि उपजाऊ जमीन जाने से भूमिहीन किसान बेरोजगार हो जाएंगे।

किसान पथ पर बस ने युवक को कुचला, मौत

बाराबंकी। किसान पथ पर एक युवक को बस ने कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया, उसकी जहां मौत हो गई। देवा कोतवाली क्षेत्र के नईमऊ गांव निवासी हनुमान का पुत्र अमर सिंह (20) मंगलवार को सुबह बाइक लेकर घर से निकला था। जमुआसी के पास किसान पथ पर एक कंपनी की टेस्टिंग बस ने उसे सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन से सूचना पाकर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। युवक हेलमेट लगाए था या नहीं पुलिस इसकी जांच कर रही है। वहीं, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज-फतेहपुर मार्ग पर मंगलवार को बसौली गांव के निकट बरैया गांव निवासी सुशील कुमार घायल हो गया। उधर, इसी सड़क पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ममतामऊ गांव निवासी अनुज कुमार घायल हो गए। मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से सूरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

केडी सिंह बाबू ब्लू टीम बनी चैंपियन

बाराबंकी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर वर्ग क्रिकेट बालक प्रतियोगिता में मंगलवार को जयहिंद इंटर कॉलेज और केडी सिंह बाबू ब्लू टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें केडी सिंह बाबू ब्लू टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट से मैच जीत लिया। पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय जूनियर वर्ग क्रिकेट बालक प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मंगलवार को फाइनल मैच जय हिंद इंटर कॉलेज व केडी सिंह ब्लू के बीच खेला गया। टॉस जीतकर जय हिंद इंटर कॉलेज ने निर्धारित 20 ओवर में 121 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें सम्राट तिवारी ने 31, शिवा श्रीवास्तव ने 28 व अनुज वर्मा ने 40 रन बनाए। केडी सिंह ब्लू की ओर से निशांत राय ने चार व रत्नेश सिंह ने तीन विकेट लिए। इसके केडी सिंह बाबू ब्लू टीम की ओर से ओपनर बल्लेबाज ओम ठाकुर ने शानदार पारी खेलते हुए 67 रन बनाए।

जनपद में समारोहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

बहराइच । लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी, प्रशिक्षु पी.सी.एस. ज्योति चौरसिया, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों व कलेक्ट्रेट कर्मियों के साथ सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किये।

कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद लोगों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने राष्ट्रीय एकता दिवस का संकल्प दिलाया कि ''मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाएं रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह सन्देश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार बल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूँ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा दिये गये योगदान के लिए देश उन्हें सदैव याद करता रहेगा।

डीएम ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने अथक प्रयासों से 565 रियासतों का विलय कराकर अखण्ड भारत के निर्माण में अविस्मरणीय सहयोग प्रदान किया। डीएम ने कहा कि आज हम सभी लोगो को सरदार बल्लभ भाई पटेल के दिखाये गये मार्ग पर चल कर देश की एकता, अखण्डता के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमारा यही कृत्य सरदार पटेल को सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। इसके उपरान्त डीएम ने अन्य अधिकारियों के साथ शहीद पार्क पहुंच कर शहीद स्मारक स्तम्भ व सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया।

तहसील नानपारा में सम्पन्न हुआ महिला विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर तहसील सभागार, नानपारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में महिला विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार नानपारा प्रद्युमन कुमार, नामिका अधिवक्ता श्रीमती माधुरीलता मिश्रा, जिला समन्वयक श्रीमती नीलम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाए एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है। न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है, जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है।

आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता की सेवा प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। रिसोर्स पर्सन श्रीमती माधुरीलता मिश्रा द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके हितों के संरक्षण व संवर्धन हेतु बनाये गये कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त रिसोर्स पर्सन द्वारा पोक्सो एक्ट 2012 महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन शोषण निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 महिलाओं के कार्यस्थल पर संरक्षण हेतु, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 के कानून के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के अन्तर्गत महिलाएं नि:शुल्क विधिक सेवा हेतु पात्र हैं। नि:शुल्क विधिक सेवा हेतु पात्रता के लिए मात्र महिला होना ही पर्याप्त है उनके लिए आय एवं आर्थिक दुर्बलता का कोई मानक नहीं है।

जिला समन्वयक श्रीमती नीलम शुक्ला ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप लोग महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। श्रीमती शुक्ला ने महिलाओ की सुरक्षा व सम्मान के लिए संचालित हेल्पलाइन नम्बरों 1090 व 1098 इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि विराट शिरोमणि ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की शपथ दिलाई।

तहसीलदार नानपारा ने मुख्य अतिथि व अन्य उपस्थित के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

धान खरीद कार्य की निगरानी के लिए नामित किये गये नोडल अधिकारी

बहराइच। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत 01 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ होने वाली धान खरीद हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा पूर्व में अनुमादित 06 क्रय एजेन्सियों के 136 धान क्रय केन्द्रों के अतिरिक्त पी.सी.एफ. एवं पी.सी.यू. के 04-04 धान क्रय केन्द्रों का अनुमोदन प्रदान कर दिये जाने फलस्वरूप जनपद में धान क्रय केन्द्रों की संख्या 136 से बढ़कर 144 हो गयी है। जिले में क्रय संस्थावार धान क्रय केन्द्रों की बात की जाय तो खाद्य विभाग के 23, पी.सी.एफ. के 52, पी.सी.यू. के 41, यू.पी.एस.एस. के 23, मण्डी समिति के 03 व भारतीय खाद्य निगम के 02 क्रय केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीद की जायेगी।

जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिले के समस्त क्रय संस्थान के प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि सभी अनुमोदित धान क्रय केन्द्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए 01 नवम्बर 2023 से धान खरीद केन्द्रों को क्रियाशील कर दें। डीएम ने सभी क्रय ऐजेन्सियों को निर्देश दिया कि धान खरीद हेतु शासन द्वारा भुगतान के सम्बन्ध में जारी 48 घण्टे की गाइडलाइन का कड़ाई के साथ अनुपालन करेंगे तथा धान खरीद हेतु कृषकों एवं उनके पशुओं के लिए छाव, पानी व बैठने इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त के साथ शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार बैनर, रेट लिस्ट, प्रभाणित बांट व तराजू, बोरों सहित अन्य उपकरणों की व्यवस्था रखी जाय।

डीएम ने क्रय एजेन्सियों व क्रय केन्द्र प्रभारियों दो टूक शब्दों में कहा है कि किसी भी क्रय केन्द्र पर किसानों का शोषण जैसी शिकायत के संज्ञान में आने पर क्रय केन्द्र प्रभारी के साथ-साथ जनपद के प्रभारी अधिकारी भी कार्रवाई की ज़द में आयेंगे। डीएम ने निर्देश दिया है कि क्रय अवधि के दौरान कोई भी केन्द्र बन्द नहीं होना चाहिए और न ही किसी केन्द्र पर खरीद प्रभावित होने पाये। सभी प्रभारी अधिकारी प्रभावी कार्ययोजना के साथ धान खरीद करेंगे। डीएम ने सभी क्रय एजेन्सियों के जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि खरीद अवधि के दौरान नियमित रूप से क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर बोरों, धनराशि की उपलब्धता, खरीदे गये धान की डिलेवरी, राईस मिलों की सम्बद्धत्ता इत्यादि की कार्रवाई एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।जनपद में शासन की मंशानुरूप धान खरीद कार्य के पर्यवेक्षण हेतु केन्द्रवार/ब्लाकवार नोडल अधिकारी भी नामित किये गये हैं। विकास खण्ड चित्तौरा के लिए जिला गन्ना अधिकारी, तहसीलदार सदर व सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच, रिसिया के लिए ए.आर. को-आपरेटिव, बीडीओ रिसिया व जिला कृषि रक्षा अधिकारी व खाद्य सुरक्षा अधिकारी बहराइच, विशेश्वरगंज के लिए बीडीओ विशेश्वरगंज व नायब तहसीलदार पयागपुर, पयागपुर के लिए एसडीएम व तहसीलदार पयागपुर एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, तेजवापुर के लिए बीडीओ तेजवापुर व अपर जिला सहकारी अधिकारी महसी तथा शिवुपर के लिए बीडीओ शिवपुर, नायब तहसीलदार नानपारा, अपर जिला सहकारी अधिकारी नानपारा व जिला प्रबन्धक पी.सी.यू. को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

इसी प्रकार महसी के लिए एसडीएम व तहसीलदार महसी, जिला आबकारी अधिकारी व जिला प्रबन्धक यू.पी.एस.एस., बलहा के लिए एसडीएम व तहसीलदार नानपारा, जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. व जिला सेवायोजन अधिकारी, नवाबगंज के लिए बीडीओ नवाबगंज व जिला कार्यक्रम अधिकारी, फखरपुर के लिए बीडीओ फखरपुर, भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अभिहित अधिकारी व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कैसरगंज के लिए एसडीएम व तहसीलदार कैसरगंज, जरवल के लिए बीडीओ जरवल व अपर जिला सहकारी अधिकारी कैसरगंज, हुजूरपुर के लिए जिला उद्यान अधिकारी, बीडीओ हुजूरपुर व खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा विकास खण्ड मिहींपुरवा के लिए एसडीएम व तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिले नामित किये गये नोडल अधिकारी धान क्रय केन्द्रों के पर्यवेक्षण के दौरान यह देखेंगे कि क्रय केन्द्र प्रात: 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक खुला रहता अथवा नहीं, बैनर पर टोल फ्री नम्बर, खरीद मूल्य का अंकन किया गया है अथवा नहीं तथा वर्षा से धान की सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में केन्द्र पर त्रिपाल की उपलब्धता, किसानों की सुख-सुविधा हेतु शामियाना, दरी, पानी बाल्टी, लोटा व बैठने की व्यवस्था का जायज़ा लेंगे। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी उपकरण, बारों की उपलब्धता, किसानों की संख्या, खरीद की गई मात्रा, धान सम्प्रदान तथा पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान इत्यादि की स्थिति का जायज़ा लेते हुए अपनी आख्या का प्रेषण करेंगे।

हत्यारी पत्नी, साले व ससुर को उम्रकैद

बाराबंकी। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट विनय प्रकाश सिंह ने मंगलवार को युवक की हत्या के मामले में पत्नी व साले तथा ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सहायक शासकीय अधिवक्ता राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र मसौली के ग्राम दरवेशपुर निवासी रामसुचित उर्फ गुड्डू की शादी वर्ष 2013 में मैला रायगंज निवासी शिवदेवी पुत्री बहादुर से हुई थी। रामसुचित उर्फ गुड्डू ससुराल आता-जाता था और उसकी पत्नी शिवदेवी बदचलन थी, जिसके संबंध कई लोगों से थे। छोटी-छोटी बातों में वह अक्सर रामसुचित को मार डालने की बात कहती रहती थी। 11 अक्तूबर 2016 को वह पत्नी को बुलाने मैला रायगंज ससुराल गया था। 13 अक्तूबर को पत्नी शिवदेवी, साले फूलचंद व ससुर बहादुर ने उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी और शव तालाब में जलकुंभी के नीचे छिपा दिया। रामसुचित के साले ने फोन कर उसके तालाब में डूबने की सूचना दी। सूचना पर मृतक की मां व परिजन जब वहां पहुंचे तो तीनों आरोपी गायब मिले और शव तालाब से बरामद हुआ, जिसका सर फटा हुआ था। घटना की रिपोर्ट मृतक की मां छोटकी ने थाने में दर्ज कराई थी। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाह पेश किए गए।

अस्पतालों में बेड खाली, निजी में इलाज कराना मजबूरी

बाराबंकी। जिला पिछले दो माह से डेंगू, बुखार, टायफायड और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों से कराह उठा है। यही नहीं इससे अब तक करीब 50 लोगों की जान भी जा चुकी है। हालात ये हैं कि जिला अस्पताल से लेकर सभी निजी प्रमुख अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं। तमाम लोग लखनऊ में कई दिनों से इलाज करा रहे हैं। वहीं जिले में करीब 20 सीएचसी के 600 बेड हैं और 100 बेड का संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में है। इनके यहां भर्ती मरीजों में गर्भवती छोड़ दी जाएं तो दूसरी बीमारियों के मरीज आते नहीं हैं या भर्ती नहीं होते, वहां का रिकॉर्ड यही बता रहा है। कई सीएचसी के हालात मंगलवार को देखे गए तो यहां जो मरीज भर्ती किए गए वह कुछ घंटे के लिए सिर्फ गर्भवती थीं। चारों तरफ संक्रमित बीमारियों से लोग कराह रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग सिर्फ इससे होने वाली मौतों का कारण दूसरा बताकर एलाइजा रिपोर्ट आने तक डेंगू से मौत नहीं मानता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं, लेकिन पिछले 15 दिनों में डेंगू और बुखार से पीड़ित मरीज को भर्ती नहीं किया गया है। इससे साफ है कि सीएचसी पर तैनात चिकित्सक गंभीर बीमारियों के प्रति भी गंभीर नहीं हैं। जिससे इसका बोझ जिला अस्पताल पर बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल के दो वार्ड बुखार के मरीजों से फुल हैं। यहां पर मरीजों को भर्ती करने के लिए एक भी बेड खाली नहीं है। यहीं वजह है कि डेंगू और बुखार के ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों से महंगे दामों पर इलाज कराने को मजबूर हैं। मिली जानकारी के अनुसार केवल शहर के ही निजी अस्पतालों में 60 से ज्यादा मरीज डेंगू के भर्ती हैं।

15 दिन से नहीं किया किसी को भर्ती

फतेहपुर सीएचसी 30 बेड की है। यहां पर डेंगू के मरीजों के लिए बेड भी आरक्षित किए गए हैं, लेकिन पिछले 15 दिन से किसी भी मरीज को भर्ती नहीं किया गया है, जबकि पांच गर्भवती भर्ती थीं। वहीं सीएचसी हैदरगढ़ दो बुखार के और दो गर्भवती महिलाओं को उपचार के लिए भर्ती किया गया।

बेड खाली, 14 दिन से कोई मरीज भर्ती नहीं

रामनगर सीएचसी का भी यही हाल है। यहां पर भी पिछले 14 दिन से एक भी मरीज को भर्ती नहीं किया गया है। शाम को एक गर्भवती को भर्ती किया। इसी प्रकार जैदपुर सीएचसी पर भी पिछले 15 दिनों से किसी भी मरीज को भर्ती नहीं किया गया है। मथुरानगर में 20 मरीज भर्ती किए गए, इनमें तीन गर्भवती शामिल हैं।

30 बेड की सीएचसी सिरौलीगौसपुर में एक भी मरीज भर्ती नहीं था। जबकि संयुक्त चिकित्सालय में पांच मरीज भर्ती बताए गए। यहीं हाल सतरिख सीएचसी का है यहां चार मरीज बुखार के भर्ती थे। घुंघटेर में एक भी मरीज भर्ती नहीं मिला, जबकि टिकैतनगर में 17 मरीज भर्ती किए गए।

भर दो झोली मेरी या मुहम्मद, लौट कर मैं न जाऊंगा खाली...

देवा (बाराबंकी)। द वॉइस इंडिया किड्स के विजेता राजस्थानी लोकगायक जस्सू खान का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। देर रात जस्सू खान मंच पर पहुंचे तो एक के बाद एक राजस्थानी, सूफी व लोकगीत गाकर धूम मचा दी। पूरा ऑडिटोरियम जस्सू खान के गीतों पर थिरकने लगा। रात परवान चढ़ने के साथ ही जस्सू के गीतों का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोलता रहा।

देवा मेला परिसर के ऑडिटोरियम में मंगलवार की रात राजस्थानी लोकगायक जस्सू खान के सुरों के नाम रही। मंच पर पहुंचते ही पूरा ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत जस्सू ने राजस्थानी लोकगीत ओ केसरिया बालम पधारो म्हारे देस गाकर की। इसके बाद उन्होंने भर दो झोली मेरी या मुहम्मद, लौटकर मैं न जाऊंगा खाली गाना शुरू किया तो सूफी संत की नगरी के लोग झूम उठे। इसके बाद उन्होंने देर रात तक दम अली अली, दम अली अली, ऐसा देखा नहीं खूबसूरत कोई जैसे गीतों की प्रस्तुति कर लोग न सिर्फ झूमे बल्कि जस्सू के साथ सुर से सुर मिलाने का भी प्रयास किया। इससे पहले राजस्थानी नाइट्स कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज रवींद्र नाथ दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। एडीएम अरुण कुमार सिंह ने जिला जज, बार एसोसिएशन अध्यक्ष व महामंत्री शाहीन अख्तर को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

कोयल बिन बगिया न सोहे राजा...

देवा मेला के ऑडिटोरियम में चल रहे कार्यक्रमों की शृंखला में लोकगायिका रंजना राजिता ने अवधी गीत की महफिल सजाकर खूब वाहवाही लूटी। अवधी लोकगायिका रंजीता ने डिग डिग डमरू बजावे हमार जोगिया हो गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सखी री मोहे लागे अवधपुर नीको गीत सुनाया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। फिर उन्होंने कोयल बिन बगिया न सोहे राजा गीत की धमाकेदार प्रस्तुति दी। इसी क्रम में पटना से वैद्य बुलाय दा नजराय गइली गुइयां व अंगुली में डस ली पिया नगिनया हो दियना जलाय दा जैसे लोकगीत सुना कर खूब तालियां बटोरीं। गुलाबी गैंग ने किया मेला क्षेत्र में भ्रमण देवा मेला में संगम समाज सेवा संस्थान की गुलाबी गैंग की महिलाओं ने मेला क्षेत्र में कंधे पर लाठी लेकर भ्रमण किया। उन्होंने महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष रामदेवी रावत ने कहा कि मेले में आने वाली महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार होता है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर सचिव सीमा रावत, मंडल अध्यक्ष शिल्पी रावत, तहसील अध्यक्ष अनीता रावत आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

गोबर से तैयार दिये होगें दीपावली का मुख्य आकर्षण

स्वावलम्बन की दिशा में गौशालाओं ने बढ़ाये कदम

बहराइच। जनपद में अवस्थित गो आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने की अभिनव सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का हुनर काम आ रहा है। गोआश्रय स्थल पर उत्सर्जित होने वाले गोबर व ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी महिलाओं के हाथों की प्रतिभा के मिश्रण से तैयार होने वाले दियों से अंधकार पर प्रकाश, अन्याय पर न्याय तथा बुराई पर अच्छाई की जीत तथा सुख एवं समृद्धि का प्रतीक दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के सरकारी कार्यालयों पर रौशनी की बारिश होगी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी तेजवापुर ने जिलाधिकारी को महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा गोबर से तैयार की गई लक्ष्मी व गणेश की मूर्ति, नेम प्लेट तथा दिये भेंट करते हुए महिला सदस्यों द्वारा गोबर से तैयार किये गये उत्पादों की बिक्री हेतु कलेक्ट्रेट में स्टाल लगवाये जाने का सुझाव दिया। इस सम्बन्ध में डीएम

त्रिगुट

गुरुवार 02 नवम्बर 2023

इजरायल द्वारा रासायनिक हथियारों से हमास पर हमला

स्पंज बम से सुरंग में छिपे सेकड़ों हमास के आतंकवादियों के मरने की खबर है। गाजा पट्टी में जमीन के अंदर सुरंग का नेटवर्क समाप्त करने, हमास के आतंकवादियों को खत्म करने के लिए रासायनिक हथियारों का उपयोग इजराइल की सेना द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। गाजा पट्टी पर पहले फास्फोरस बम का उपयोग किया गया था। अब सुरंग में छिपे आतंकवादियों को खत्म करने के लिए स्पंज बम का इस्तेमाल किया जा रहा है।दुनिया में पहली बार रासायनिक हथियारों का उपयोग इतने बड़े पैमाने पर खुले तौर पर इजरायल द्वारा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजा में जमीन के अंदर 500 किलोमीटर के सुरंग नेटवर्क में छिपे आतंक वादियों को, खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर स्पंज बम का उपयोग इजरायली सेना द्वारा किया जा रहा है। स्पंज बम के हमले से सुरंग में छिपे आतंकवादी दम घुटने से मौत का शिकार हो रहे हैं। इसके पहले इजरायल द्वारा फास्फोरस बम का इस्तेमाल किया गया था। रासायनिक हथियारों के उपयोग पर संयुक्त राष्ट्र संघ अथवा सुरक्षा परिषद ने कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। अब रासायनिक हथियारों से युद्ध लड़ने की एक नई शुरुआत इजरायल से शुरु हो गई है।

स्पंज बम को केमिकल ग्रेनेड भी कहा जाता है। इसमें खास तरीके के केमिकल होते हैं। विस्फोट के बाद इसमें बड़ी मात्रा में फोम निकलता है। जो कुछ ही देर में बहुत कठोर परत के रूप में अपना स्थान बना लेता है। फोम से कठोर परत बनने के बाद सुरंग में हवा भी नहीं जा सकती है। इस परत को किसी भी तरह से काटा नहीं जा सकता है। सुरंग के अंदर जो भी होगा, वह दम घुटने से कुछ ही घंटे में अपने आप मर जाएगा। स्पंज बम को प्लास्टिक के कंटेनर में दो तरल पदार्थ को अलग-अलग करके रखा जाता है। इसके बीच में मेटल शीट होती है।जैसे ही स्पंज बम में विस्फोट किया जाता है। दोनों तरल पदार्थ मिलाकर फोम बनाना शुरू कर देते हैं। खाली जगह में फोम की ठोस परत बन जाती हैं। इसे भेदना किसी के लिए संभव नहीं होता है। दावा किया जा रहा है कि स्पंज बम का लापरवाही से उपयोग करने के कारण इजराइल के सैनिक भी अपने आंखों की रोशनी गंवा चुके हैं। हमास के आतंकवादियों ने सुरंग में बंधकों को भी रखा है। इजरायली सेना के स्पंज बम से आतंकवादियों के साथ - साथ बंधकों के मारे जाने का भी खतरा बढ़ गया है। इस बारे में इजराइल सरकार का कोई अधिकृत बयान नहीं आया है। इजरायल की सेना 500 किलोमीटर के सुरंग नेटवर्क को तहस नहस करने के लिए बड़े पैमाने पर स्पंज बम का उपयोग कर रही है।इजरायली सेना के लड़ाकू सुरंग के हर मुहाने को स्पंज बम से ढकने का काम कर रहे हैं। इजरायली सेना इसमें सफल हो गई, तो फिलिस्तीन का सुरंग नेटवर्क अपने आप समाप्त हो जाएगा। 2003 में अमेरिका ने इराक पर आक्रमण किया था। अमेरिका ने इराक पर आरोप लगाया था, कि सामूहिक विनाश के हथियार ईराक तैयार कर रहा हैं। उनमें सबसे बड़ा आरोप रासायनिक हथियार का था। युद्ध समाप्त होने के बाद रासायनिक हथियार होने के कोई भी प्रमाण नहीं मिले थे। अमेरिकी युद्ध में इराक जरुर बर्बाद हो गया। 2006 में इराक के राष्ट्राध्यक्ष सद्दाम हुसैन को फांसी की सजा अमेरिका ने दे दी। अमेरिका और इराक युद्ध में करीब 17690 इराकी सेना के जवान और अधिकारी मारे गए थे। 40000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। गठबंधन की सेना के भी 4821 सैनिक मारे गए थे। जिसमें 4000 से ज्यादा विदेशी लडाके थे। एक तरह से अमेरिका ने इराक पर कब्जा कर लिया था। लेकिन ज्यादा दिनों तक अमेरिका अपना कब्जा बनाकर नहीं रख पाया। 2011 में अमेरिकी सेना की वापसी हुई। जिन रासायनिक हथियारों की आशंका को लेकर इराक पर इतना बड़ा हमला किया गया था। आज इजराइल में वही रासायनिक हथियारों का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा हैं। अमेरिका, रूस और चीन जैसे महाशक्तिशाली देश चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। सारी दुनिया के देश चुपचाप हैं। यह आश्चर्यचकित करने वाली घटना है। रासायनिक हथियारों का उपयोग परमाणु हथियार से भी ज्यादा घातक सिद्ध होते हैं। यही चिंता का सबसे बड़ा कारण बयन गया है।

जातिगत आरक्षण, जनसंख्या गणना व रेवड़ियां, देश को किस दिशा में ले जाएगी

राजीव खंडेलवाल

आरक्षण के साथ ही पिछले कुछ समय से देश में जातिगत जनसंख्या की गणना की मांग न केवल जोर-शोर से की जा रही है, बल्कि बिहार सरकार ने तो न्यायालीन अवरोधों से निपट कर जातिगत गणना के परिणाम भी प्रकाशित कर दिये हैं। यद्यपि भारत में जनगणना अधिनियम 1948 लागू है, जिसके अंतर्गत सिर्फ केन्द्र सरकार ही जनगणना करा सकती है। बिहार का अनुसरण करते हुए राजस्थान की गहलोत सरकार तथा मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी जातिगत जनगणना कराने की घोषणा के साथ राहुल गांधी इसे आगामी चुनाव में मुख्य मुद्दा बनाते हुए दिख रहे हैं। वैसे वर्ष 2011 में यूपीए सरकार ने भी लगभग इसी तरह की जातिगत गणना ''सोशियो इकोनॉमिक एंड कॉस्ट सेंसस''(एसइसीसी 2011)(सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना) कराई थी। तथापि उसके आंकड़े आज तक प्रकाशित नहीं हो पाए हैं। जातिगत गणना के पीछे जो सबसे बड़ा तर्क दिया जा रहा है, वह है ''शेर से बाड़ भली'' कि जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी भागीदारी सुनिश्चित हो। अर्थात ''आरक्षण'' शब्दावली का उपयोग न किया जाकर भागीदारी शब्द का प्रयोग किया गया है, जो ''आरक्षण का ही एक स्वरूप'' है। लेकिन इस बाड़ से तो ''यारी का घर और दूर हो जायेगा'' क्योंकि यह मांग; आरक्षण की वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था से भी ज्यादा खतरनाक इसलिए है, की आरक्षण कानूनी संवैधानिक और तकनीकी रूप से एक अस्थायी प्रावधान है, जबकि भागीदारी की मांग एक स्थायी प्रावधान होगा और यह मांग सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास की अवधारणा व भावना के विपरीत है।

अन्य शेष जातियों (सामान्य वर्ग) की जनगणना भी आवश्यक!*

जातिगत जनगणना के साथ शेष बची अन्य जातियों (सामान्य वर्ग) की गणना करना इसलिए भी आवश्यक है कि जनता को यह जानकारी होनी चाहिए कि देश के वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, न्यायाधीश, प्रोफेसर, पत्रकार, उद्योगपति, व्यापारी, सीमंत कृषक, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं अशासकीय सेवा में रत वर्ग कर्मचारी, खिलाडी, कलाकार, कथाकार, ज्योतिषज्ञ, ड्राइवर, कुशल-अकुशल मजदूर, दिहाड़ी मजदूर, आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति किन-किन जातियों में कितने-कितने हैं, तभी ''दूध का दूध और पानी का पानी'' हो पायेगा।

''जितनी संख्या उतनी भागीदारी''! मात्र सतही!

अब आप कल्पना कीजिए! जिसकी जितनी जनसंख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी/ भागीदारी का अर्थ क्या है? क्या इस धरातल पर वस्तुतः उसी रूप में उतारा जा सकता है? यदि तर्क के लिए यह मान भी जाए तो किस तरह की स्थिति उत्पन्न होगी, इसकी कल्पना क्या आपने की है? भागीदारी का मतलब क्या सिर्फ सत्ता प्राप्ति का साधन ''राजनीति'' के क्षेत्र तक ही सीमित रहेगा या जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जनसंख्या अनुसार भागीदारी होगी? क्या ''यह जहां का मुर्दा वही जलेगा'' वाली स्थिति होगी। अथवा ''सत्ता प्राप्ति के बाद'' ''जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जनसंख्या अनुसार भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी''? कल्पना कीजिए एक आंकड़ों (बिहार राज्य में) के अनुसार पिछड़े वर्गों में शामिल विभिन्न जातियों की कुल जनसंख्या (63 प्रतिशत) को एससी एवं एसटी की जनसंख्या के साथ मिलाने पर वह कुल जनसंख्या का लगभग 85 प्रतिशत (84.59 प्रतिशत) हो जाती है। अब क्या इस आधार पर क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी की टीम में 85 प्रतिशत खिलाड़ी इन वर्गों का होना आवश्यक हो जाएगा? फिल्मों में क्या स्थिति बनेगी? क्या ट्रेन के डब्बों, बसों में भी यात्रियों की भागीदारी इसी तरह से सुनिश्चित की जाएगी? क्या कारखाने खोलने से लेकर नौकरी देने तक में भी ऐसी ही व्यवस्था हो पाएगी? राहुल गांधी जब पिछड़े वर्गे के आईएएस में भागीदारी के संबंध में आंकड़े देते हुए यह कहते है कि 90 सचिवों में सिर्फ 3 पिछड़ा वर्ग के है, जो देश का मात्र 5 प्रतिशत बजट संभालते हैं, के आंकड़ों की चर्चा करते हैं। तब उनका मतलब जनसंख्या के अनुसार भागीदारी क्या सिर्फ आईएएस तक ही सीमित होने तक है? परन्तु वे स्वयं जनता को यह नहीं बतलाते है कि एआईसीसी (कांग्रेस) के केंद्रीय व राज्यों के कार्यकलापों में पिछड़ा वर्गों के कितने कर्मचारी कार्यरत है? न ही राहुल गांधी से उनका विपक्ष यह प्रश्न करने की जुर्रत करता है। क्या भागीदारी सिर्फ सत्ता पाने तक की ही सीमित रहेगी अथवा संवैधानिक दायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्वों में भी उतनी ही होगी? इस तरह के सैकड़ो प्रश्न उत्पन्न होते हैं, जिनका जवाब राजनीति के चलते न तो मिल पाएगा और न ही कोई देना चाहेगा, बल्कि आपको ''पिछड़ा विरोधी'' घोषित कर दिया जाएगा।

50 प्रतिशत महिला भागीदारी? जितनी संख्या उतनी भागीदारी में कोई चर्चा नहीं?

लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं की जनसंख्या होने के बावजूद ''जिनती संख्या उतनी हिस्सेदारी'' की बात करने वाले नेतागणों ने इन 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी पिछड़े वर्गों से सुनिश्चित करने का कोई ''कथन'' अथवा ''प्रतिबद्धता'' नहीं दर्शायी है, जो उक्त प्रतिपादित सिद्धांत के एकदम विपरीत है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आरक्षण और जनसंख्या अनुसार हिस्सेदारी की बात करने वाले समस्त राजनेता गण चाहे किसी भी पार्टी के क्यों न हों, ''लंका में सब बावन गज के'' वे सब समाज के जातिगत विभाजन और जातिवाद का मंच पर विरोध करते हैं, समरसता की बात करते हैं, सबका साथ सबका विकास की बातें करते हैं। इस तरह इनका दो-मुहापन स्पष्ट रूप से जनता के सामने परिलक्षित है। परन्तु साथ ही दुर्भाग्य की बात यह भी है कि जनता नेताओं के इस दोहरेपन पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देने में असमर्थ है। ''वक्र चंद्रमहि ग्रसहु न राहू'' फिर वह कोई भी व्यक्ति हो, चाहे आरक्षित वर्ग का हो अनारक्षित वर्ग का हो या पिछड़ा वर्ग का हो।

''रेवडी'' या ''जरूरी न्यूनतम आवश्यकता''।

देश में इस समय ''जनहित'' लोकहित के नाम पर रेवड़ियां अथवा आर्थिक रूप से बेहद कमजोर वर्ग की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 'मुफ्त' या 'सब्सिडी' के साथ जीवनदायी सुविधा देने, बांटने का कार्य केंद्र से लेकर लगभग हर राज्य की सरकारें कर रही हैं। एक लोकप्रिय और जनोन्मुखी सरकार के लिए कौन सी सुविधाएं रेवड़िया है और कौन सी या जरूरत मंद आवश्यकताएं है, इनके बीच बहुत ही बारिक ''लक्ष्मण रेखा'' है। प्रधानमंत्री स्वयं कई बार कह चुके हैं, रेवड़ी बांटना संस्कृति (कल्चर), बंद करना होगा। परंतु कई बार केंद्रीय सरकार भी जनता की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करते-करते लक्ष्मण रेखा को पार कर ''रेवड़ी'' बांटने में लग जाती हैं। इसलिए 'रेवड़ी' संस्कृति पर रोक कानूनी प्रक्रिया द्वारा ही लगाई जा सकती हैं। क्योंकि ''जब ''देने'' वाला ''राजी'' और ''लेने'' वाला राजी तो क्या करेगा काजी''। ''घूस देना-लेना'' देश में एक अपराध है। फिर रेवड़िया भी तो एक 'घूस' ही है। तब भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में संशोधन कर रेवड़ियों को ''घूस की परिभाषा'' में लाकर क्यों नहीं रोक लगाने का प्रयास समस्त राजनीतिक पार्टियों करती हैं? जहां समस्त राजनीतिक पार्टियां सिद्धांत रूप से इस बात पर सहमत है कि रेवड़िया नहीं बटनी चाहिए और इस पर रोक होनी चाहिए।

मुफ्तखोरी! व्यक्तित्व के विकास में अवरोध।

यदि व्यक्ति को बिना प्रयास के जीवन उपयोगी सभी न्यूनतम आवश्यक साधन सरकार द्वारा उपलब्ध करा दिये जायेगें तो फिर व्यक्ति व व्यक्तित्व का निर्माण व विकास कैसे हो पायेगा? क्या ऐसा व्यक्ति अकर्मण्य नहीं हो जाएगा? और इस कारण से प्रतिभाओं के विकसित होने का अवसर नहीं मिल पायेगा। इन बातों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

नियमित श्रीमद्भागवत गीता पढ़कर गोसेवा भी करती थी इंदिरा गांधी

डॉ श्रीगोपाल नारसन

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में दुनिया का नक्शा बदलने में सफल रही इंदिरा गांधी अपने फौलादी इरादों के लिए विख्यात रही है। बड़े से बड़ा फैसला बेखौफ लेने वाली देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर सन 1984 की सुबह उनके अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी। इंदिरा गांधी ने सन 1966 से सन 1977 के बीच लगातार तीन बार देश की बागडोर संभाली और उसके बाद 1980 में दोबारा इस प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचीं थी, 31 अक्टूबर 1984 को पद पर रहते हुए ही उनकी हत्या हुई थी।उनके भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर, सन1917 को इलाहाबाद में हुआ था। उनके पिता पंडित जवाहर लाल नेहरू आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे। जब सन1919 में उनका परिवार बापू के सानिध्य में आया और इंदिरा गांधी ने पिता पंडित नेहरू से राजनीति का पहला कायदा पढा।तब मात्र 11 साल की उम्र में उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए बच्चों की वानर सेना बना दी थी। सन1938 में वह औपचारिक तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हुई और सन 1947 से सन 1964 तक अपने प्रधानमंत्री पिता पंडित नेहरू के साथ उन्होंने राजनीतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। उस समय वह प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की निजी सचिव की तरह काम करती थीं, हालांकि आधिकारिक तौर पर ऐसा नही था।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीति विरासत में मिली थी और ऐसे में सियासी उतार-चढ़ाव को वह बखूबी समझती थीं। यही वजह रही कि उनके सामने न सिर्फ देश, बल्कि विदेश के नेता भी उन्नीस नजर आने लगते थे। पिता पंडित नेहरु के निधन के बाद कांग्रेस पार्टी में इंदिरा गांधी का ग्राफ अचानक काफी ऊपर पहुंचा और लोग उनमें पार्टी एवं देश का नेता देखने लगे थे। वह सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनीं। शास्त्री जी के निधन के बाद सन 1966 में वह देश के सबसे शक्तिशाली पद प्रधानमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुईं। कभी 'गूंगी गुडिया' कही जाने वाली इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जैसा साहसिक फैसला लेने और पृथक बांग्लादेश के गठन और उसके साथ मैत्री और सहयोग संधि करने में सफल रही।सन 1975 में आपातकाल लागू करने का फैसला करने से चारों तरफ इंदिरा ही इंदिरा नजर आती थीं। इंदिरा की ऐतिहासिक कामयाबियों के चलते उस समय देश में 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' का नारा जोर-शोर से गूंजने लगा था। अपने व्यक्तित्व को व्यापक बनाने के लिए उन्होंने खुद भी प्रयास किया। इंदिरा गांधी के बारे में सबसे सकारात्मक बात यह है कि वह राजनीति की नब्ज को समझती थीं और अपने साथियों से उनका बेहतरीन तालमेल था।

गरीबी मुक्त भारत इंदिरा गांधी का एक सपना था। उनके इस सपने को साकार करने के लिए सभी लोगों को भारत से गरीबी को मिटाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, ताकि उनके सपने को हकीकत में तब्दील किया जा सके। जनता पार्टी के शासनकाल में श्रीमती इंदिरा गांधी पूरी तरह आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख हो गई थीं। उन दिनों सुबह-सवेरे के नित्यकर्मों से विमुक्त होने के बाद वे लगभग एक घंटे तक योगाभ्यास करती थीं,गोशाला में जाकर गायों की सेवा और तत्पश्चात मा आनंदमयी के उपदेशों का मनन,उनकी दिनचर्या में शामिल था। सुबह दस बजे से लेकर बारह बजे के मध्य वे आगंतुक दर्शनार्थियों से मिलती थीं। इन अतिथियों में विभिन्न प्रदेशों के कांग्रेसी नेताओं के अतिरिक्त कतिपय साधु-संत भी होते थे। अपनी उन भेंट-मुलाकातों के मध्य आमतौर पर श्रीमती गांधी के हाथों में ऊन के गोले और सलाइयां रहती थीं। अपने स्वजनों के लिए स्वेटर आदि बुनना उन दिनों उनकी हॉबी बन गई थी। एक बजे के लगभग भोजन करने के बाद वे घंटेभर विश्राम करती थीं। विश्राम के बाद अक्सर वे पाकिस्तान के मशहूर गायक मेहंदी हसन की गजलों के टेप सुनती थीं। रात में सोने से पहले उन्हें आध्यात्मिक साहित्य का पठन-पाठन अच्छा लगता था। इस साहित्य में मा आनंदमयी के अतिरिक्त स्वामी रामतीर्थ और ओशो की पुस्तकें प्रमुख थीं। ओशो के कई टेप भी उन्होंने मंगवा रखे थे, जिनका वे नियमित रूप से श्रवण करती थीं।

श्रीमद् भगवत गीता में भी इस दरम्यान उनकी पर्याप्त रुचि हो गई थी। समय-समय पर वे उसका भी पारायण करती थीं। उन्हीं दिनों कुछ समय के लिए वे हरिद्वार भी गई थीं, जहां स्वामी अखंडानंद के भगवत पाठ का उन्होंने श्रवण किया था। ऋषिकेश के निकट मुनि-की-रेती पर अवस्थित स्वर्गत स्वामी शिवानंद के आश्रम में भी उन्होंने कुछ घंटे व्यतीत किए थे। इंदिरा की राजनीतिक छवि को आपातकाल की वजह से गहरा धक्का लगा था। इसी कारण सन 1977 में देश की जनता ने उन्हें नकार दिया था, हालांकि कुछ वर्षों बाद ही फिर से सत्ता में उनकी वापसी हो गई थी। उनके लिए सन 1980 का दशक खालिस्तानी आतंकवाद के रूप में बड़ी चुनौती लेकर आया। 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' को लेकर उन्हें कई तरह की राजनीतिक समस्याओं का सामना करना पड़ा। राजनीति की नब्ज को समझने वाली इंदिरा मौत की आहट को तनिक भी भांप नहीं सकीं और 31 अक्टूबर, 1984 को उनकी सुरक्षा में तैनात दो सुरक्षाकर्मियों सतवंत सिंह और बेअंत सिंह ने उन्हें गोली मार दी। दिल्ली के एम्स ले जाते समय उनका निधन हो गया।इंदिरा गांधी ने अपनी शहादत के एक दिन पहले ही कहा था कि मैं रहूं न रहूं मेरे शरीर के खून का एक एक कतरा देश के काम आएगा।जो अक्षरसः सच साबित हुआ। देश के अन्दर समाज के आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाने के लिए इन्दिरा गांधी हमेशा बेचैन रहती थी।गजब की फूर्तिली व देश तथा समाज के लिए हमेशा अच्छा सोचने वाली इन्दिरा गांधी ने दुनिया भर में भारत को नई पहचान देने का काम किया। उन्होने अपने रहते कभी तिरंगें को झुकने नही दिया और भारत का लौहा दुनिया भर में मनवाया। इन्दिरा गांधी देश के गरीबों की मसीहा थी जिन्होने जीवन पर्यन्त ग्राम स्तर के विकास कार्यक्रम चलाकर गरीबो को खुशहाल बनाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की कौशिश की। उन्ही के द्वारा शुरू किये गए विकास कार्यक्रम आज भी गरीबोत्थान का आधार बने हुए है। जो हमेशा हमे इन्दिरा जी की याद दिलाते रहेगें।

इन्दिरा गांधी की अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर उनकी विशेष पकड होती थी। साधारण से साधारण कार्यकर्ता को नाम लेकर बुलाना और उन पर विश्वास करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा हुआ करता था। निर्णय लेने की जो क्षमता इन्दिरा गांधी में थी वह क्षमता आज किसी भी दूसरे नेता में देखने को नही मिलती।पाकिस्तान को धुल चटाकर बंगलादेश को जन्म देने वाली इन्दिरा गांधी के दुनियाभर के देश इस कदर कायल थे कि उन्हे 165 देशो के संगठन का अध्यक्ष तक बना दिया था। भारत में ऐसा सम्मान आज तक कोई दूसरा नेता प्राप्त नही कर पाया है। इन्दिरा जी का लोहा उनके विरोधी भी मानते थे।आपात काल के मजबूरीवश लिए गए निर्णय से हुए नुकसान को दरकिनार कर दे तो इन्दिरा हमेंशा अपने लिए गए निर्णयों से फायदे में ही रही। सच यह भी है कि जो विकास प्रथम प्रधानमन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और इन्दिरा गांधी के जमाने में हुआ, उतने विकास की कल्पना फिर कभी साकार नही हुई। कांग्रेस शासन काल में जब जब भी सत्ता की बागडोर नेहरू परिवार के बजाए किसी ओर के हाथों में आई तब तब ही कांग्रेस को विवादो मे धिसटना पडा। हांलाकि पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिहं स्वयं में एक सफल प्रधानमन्त्री रहे है लेकिन उन्हे अपने कई सहयोगी मन्त्रियो के भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने के कारण परेशानी भी झेलनी पडी। वह तो कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी की सुझ बूझ से भ्रष्टो के प्रति कोई रियायत न बरतकर एक सही संकेत देने की कौशिश की गई वरना हालात और भी खराब हो जाते। ऐसे में इन्दिरा गांधी की याद हो आती है जिन्होने हमेशा सही वक्त पर सही निर्णय लेकर कांग्रेस को जिन्दा रखा और देश को भी नई सोच दी। उन्होने देश के लिए अपने खून का एक एक कतरा बहाकर यह साबित कर दिया था कि उनकी कथनी और करनी एक समान थी।इन्दिरा गांधी देश की सीमाओं के प्रति और अपने बहादुर सैनिको के हितो के प्रति हमेशा संवेदनशील रही। देश का विकास कैसे हो यह उनकी पहली सोच हुआ करती थी। साथ अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करना उन्हे बखूबी आता था। कांग्रेस के सत्ता में होते हुए वे कभी अपने कार्यकर्ताओं को सत्ता से जोडना नही भूलती थी।कडी मेहनत,पक्का इरादा,दूरदृष्टि जैसे जीवन सूत्र दुनिया को देने वाली इन्दिरा गांधी ने बीस सूत्री कार्यक्रम देश मे लागू कर गांव स्तर पर विकास का रास्ता तैयार किया। वे चाहती थी कि सबसे पहले गांव खुशहाल हो तो देश अपने आप खुशहाल हो जाएगा।इसी सोच ने उन्हें महान बनाया।

वोटों की फसल पर किसका हक ,कौन काटेगा फसल

राकेश अचल

भारतीय किसान ही नहीं बल्कि भारतीय खिलाड़ी भी अभिनंदन के पात्र हैं। ये दोनों देश का अभिमान बढ़ाने के लिए लगातार काम करते है। क्रिकेट के विश्व कप में भारतीय खिलाड़ी भारतीय विपक्ष की तरह लगातार विजय पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। आज का दिन भारतीय क्रिकेटरों को बधाई देने का दिन है। लेकिन क्रिकेटरों की उपलब्धि का आनंद देश ले नहीं पा रहा,क्योंकि जब वे जीत पर जीत दर्ज करा हैं तभी देश के पांच राज्यों में वोटों की फसल काटने का मौसम आ गया है। नेताओं में इस लहलहाती फसल को काटने की होड़ लगी है लेकिन खेतों में उतरने का साहस केवल कांग्रेस के राहुल गांधी ही दिखा पाए हैं। देश के जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें से केवल एक मध्यप्रदेश में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की सरकार है। ये सरकार भी जनादेश की सरकार नहीं है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है । तेलंगाना में कांग्रेस और भाजपा दोनों की सरकार नहीं है और मिजोरम में भाजपा के मित्रों की जो सरकार है उसके मुख्यमंत्री माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ मंच साझा नहीं करना चाहते। लेकिन वोटों की फसल सभी पांच राज्यों में लहलहा रही है। इस फसल को काटने के लिए नेताओं के हाथों में आश्वासनों के हासिये हैं ,दरातियाँ हैं। लेकिन खेतों में कूदने का साहस नहीं है । सब खेत की मेंड़ों पर खड़े-खड़े फसल को हथियाना चाहते हैं। अपने दो दिवसीय दौरे के तहत छत्तीसगढ़ पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को रायपुर के कटिया गांव का दौरा किय। राहुल गांधी ने यहां के किसानों के साथ मिलकर धान की कटाई की और उनसे बातचीत भी की।

वोटों की फसल काटने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समय से पहले छत्तीसगढ़ जा चुके हैं। लेकिन अब जब उनकी जरूरत छत्तीसगढ़ भाजपा को है तब वे गुजरात में हैं। मोदी जी ने छग समेत दूसरे सभी राज्यों में फसल काटने की जिमेवारी अब अपनी टीम को सौंप दी है । लेकिन दुर्भाग्य ये है कि इन नेताओं को राहुल गांधी की तरह खेतों में उतरना और हंसिया चलना नहीं आता। पिछले दस साल में सरकारी पार्टी के नेता जमीन से कट कर हवा-हवाई हो चुके है। वे पगड़ियां बंधवाते हैं लेकिन खुद बाँध नहीं पाते । वे किसानों,मजूरों के मन की बात सुनने के बजाय अपने मन की बात सुनाते हैं वो भी खेतों पर जाए बिना। वे जरूरत पड़ने पर खेतों को ,किसानों को ,मजूरों को अपने पास बुलाने का माद्दा रखते हैं। किसान जब दिल्ली में आंदोलन कर रहे थे तब उनसे बात करने के बजाय सरकार ने किसानों को कच्छ के तम्बुओं में बुला लिया था। सफाई कर्मियों से बात करने के लिए कोई गटर तक नहीं गया बल्कि सफाई कर्मी ही नेताओं के घर बुला लिए गए। राजनीतिक दल जब भी सत्ता में आते हैं,अगले मौसम के लिए वोटों की फसलें बोते हैं ,लेकिन हर बार फसल मन माफिक नहीं आती । मध्यप्रदेश और छग में भाजपा ने लगातार तीन बार वोटों की फसलें काटी थीं लेकिन 2018 में ये फसल कांग्रेस के हिस्से में आयी। 2020 में मध्यप्रदेश में वोटों की कटी-कटाई फसल से लदी बैलगाड़ियां भाजपा ने बीच रस्ते में लूट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया लेकिन अबकी भाजपा के लिए मध्य्प्रदेश की फसल बचाना कठिन हो रहा है । राजस्थान और छग की फसलों के बारे में तो सोचने में भी भाजपा के नेताओं को पसीना आ रहा है। मध्यप्रदेश में वोटों की लहलहाती फसल देखकर ललचा रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तो नौकरशाही को ही हड़काने पर आमादा है। वे भूल गए कि विनाश काल में सबसे पहले बुद्धि व्यक्ति से विपरीत कार्य कराती है।

भारत के तमाम किसान अभी ऐसे किसी डिजटल प्लेटफार्म पर नहीं हैं जहां नेताओं की लिखी पोस्ट को वे पढ़ सकें । राहुल गांधी इसीलिए जो बात एक्स पर लिखते हैं उसे बताने किसानों के बीच खेतों तक भी जा रहे है। हालाँकि उनका खेतों में हसिया लेकर उतरना और धान काटना लगान फिल्म के सीन जैसा लगता है लेकिन उसमें असलियत दिखाई देती है। नए दौर की सियासत में अभिनय एक अनिवार्य कौशल है । मोदी जी का इस मामले में कोई मुकाबला नहीं था लेकिन अब राहुल गांधी भी उनसे इक्कीस साबित हो रहे है। वोटों की फसल काटने के लिए यदि अभिनय से ही काम चलना है तो फिर मोदी जी और उनकी टीम का तो बड़ा गर्क होता दिखाई दे रहा है। केवल मध्य्प्रदेश में उनके पास एक अभिनेता शिवराज सिंह चौहान है। लेकिन एक बेचारा क्या कर सकता है ?

देश का सौभाग्य है कि देश के पास लेम्प पोस्ट के नीचे पढ़कर प्रधानमंत्री पद तक पहुँचने वाले लाल बहादुर शास्त्री के बाद ऐसा दूसरा व्यक्ति प्रधानमंत्री है जो चाय बेचता था। लेकिन चाय बेचने का अनुभव ज्यादा काम नहीं आया । चाय का एक सत्र ही ठीक चला । दूसरे सत्र में चाय की मिठास गायब होने लगी और अब तीसरे सत्र में कोई चाय पर चर्चा ही नहीं करता। स्टेशन पर चाय बेचने वाला जन-जन का प्रिय वयक्ति अब बड़े-बड़े सेठों के साथ मिलाकर स्टारबक्स जैसी ब्रांडेड चाय के कारोबार में उतर गया दिखाई दे रहा है। उसके ऊपर चाय के साथ न जाने क्या-क्या बेचने का आरोप है ,लेकिन एक का भी जबाब जनता के बीच नहीं आया। बेचारे के पास अब पुरानी ड्रेस तक नहीं रही जो अक्सर चाय बेचने वाले पहना करते थे । जिनसे उनकी पहचान थी ।

संक्षिप्त समाचार

बेटी से दुष्कर्म के आरोपी पिता की जमानत अर्जी खारिज

गाजियाबाद। वेव सिटी थाना क्षेत्र में बेटी से दुष्कर्म करने के आरोपी पिता की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। विशेष लोक अभियोजक सतीश शर्मा ने बताया कि वेव सिटी थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति अपनी सात वर्ष की बेटी के साथ दुष्कर्म करता था। व्यक्ति की पत्नी घरों में सफाई का कार्य करती है। पत्नी के घर से बाहर जाते ही व्यक्ति अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करता था। बेटी ने यह बात अपनी मां को बताई। व्यक्ति की पत्नी ने जनवरी 2023 में मामले की रिपोर्ट वेव सिटी थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जमानत दिलाने के लिए उसके वकील ने अदालत में अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोप को गंभीर मानते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।

जीडीए में 10 बजे पहुंचना होगा ड्यूटी पर, लेट होने पर होगी कार्रवाई

गाजियाबाद। जीडीए में अधिकारियों और कर्मचारियों को अब सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचना होगा। शासन के सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जनसुनवाई के आदेशों का सख्ती से पालन कराने के लिए जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह आदेश जारी किए हैं। लेट होने वाले कर्मचारियों और अफसरों पर कार्रवाई होगी। सुबह 10 से जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह अपने कार्यालय में जनसुनवाई शुरू कर देते हैं लेकिन कई अफसर और कर्मचारी देरी से कार्यालय पहुंचते हैं। ऐसे में फरियादियों की समस्याओं का हल कराने के लिए वह किसी अधिकारी या कर्मचारी को अपने कार्यालय में बुलाते हैं तो वह सीट पर नहीं मिलते। ऐसे में शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को इनके लिए इंतजार करना पड़ता है। इसकी वजह से समस्याओं का निस्तारण समय पर नहीं हो पाता। जीडीए सचिव का कहना है कि जनसुनवाई के संबंध में शासन के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय पहुंचना होगा। लापरवाही बरतने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। लेट होने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को संस्तुति भेजी जाएगी।

रिटायर्ड जज के साथ सुबह की सैर कर रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला

गुरुग्राम। एक बुजुर्ग रिटायर्ड महिला जज के साथ सुबह की सैर कर रहे सेक्टर 14 निवासी व्यक्ति पर कार में सवार होकर आए कुछ बदमाशों ने जान लेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने लाठी-डंडे से इतने वार किए कि पीड़ित मौके पर ही बेहोश हो गए। घटना के बाद हमलावर कार से फरार हो गए, शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले में कार को अपने कब्जे में ले लिया और एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस इस मामले के सभी आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

गुरुग्राम बस डिपो को मिली चार नई बसें

गुरुग्राम। जिले के बहरामपुर स्थित हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचआरईसी) में बनाई गई बीएस-6 तकनीक वाली चार नई रोडवेज बसें गुरुग्राम बस डिपो को मिली हैं। गुरुग्राम बस डिपो प्रबंधन द्वारा अब नई बसों के सभी दस्तावेज तैयार कराकर और पंजीकरण कराकर रूटों पर संचालन किया जाएगा। गुरुग्राम डिपो में अब लगभग 170 रोडवेज बसें लोकल रूटों सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों के रूटों और पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश व राजस्थान में बसों का संचालन किया जा रहा है। वहीं अब 35 ऑडनरी बसों सहित सात एसी बसों के दस्तावेज गुरुग्राम बस डिपो प्रबंधन द्वारा तैयार कराए जा रहे हैं। इन बसों के रूटों पर संचालन होने के बाद यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और परिवहन विभाग का राजस्व बढ़ेगा। गुरुग्राम बस डिपो के मुख्य निरीक्षक (सीआई) राजबीर सिंह ने बताया कि एचआरईसी से चार नई बसें आई हैं। बसों के दस्तावेज तैयार कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

बिजली बिल भरने के नाम पर 10 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार

गुरुग्राम। साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने बिजली बिल भरने के नाम पर दस लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दस लाख में से पांच लाख रुपये से क्रेडिट कार्ड का बिल भर दिया। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि बिजली बिल भरने के नाम पर जालसाजों ने उसके बैंक खाता से लगभग दस लाख की ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। मामले में एसीपी साइबर क्राइम विपिन अहलावत की अगुवाई में साइबर क्राइम वेस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सवित कुमार की टीम ने दो आरोपियों को पालम विहार से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान गुजरात मूल के एजाज शेख व सुरेश भाई के रूप में हुई। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पीड़ित से ठगी राशि में से पांच लाख रुपये क्रेडिट कार्ड का बिल भरा था। इसके लिए अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। जिसे ठगी की रकम में से दस फीसदी हिस्सा दिया गया है। आरोपी अपने अन्य साथी से मिलकर लोगों के पास बिजली बिल न भरने पर कनेक्शन काटने के नाम पर मैसेज भेजते थे। बाद में जब व्यक्ति मैसेज में दिए हुए मोबाइल नंबर पर फोन करता तो, इसके साथी पेमेंट करने के नाम पर लिंक भेज देते हैं, लिंक पर क्लिक करने के बाद उनका बैंक अकाउंट हैक करके खाते से फ्रॉड कर लेते हैं।

बैंक को लगाया दो करोड़ का चूना

गुरुग्राम। कुछ लोगों ने एचएसबीसी बैंक में सैलरी अकाउंट खुलवा लिए। उस पर 20 क्रेडिट कार्ड व दो खातों पर लोन लेकर बैंक को दो करोड़ आठ लाख रुपये का चूना लगा दिया। बैंक के प्रतिनिधि की शिकायत पर सुशांत लोक थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। एचएसबीसी बैंक के प्रतिनिधि सौरभ अब्रोल ने सुशांत लोक थाने में दर्ज कराई शिकायत में कहा कि सैमसंग इंडिया कंपनी के एचआर के रूप में अपनी पहचान बताने वाले सचिन ने कुछ लोगों के बैंक खाते एचएसबीसी में खुलवाने के लिए कहा। बैंक के दो कर्मचारियों की मिलीभगत से करीब 38 बैंक खाते खोल दिए। 20 क्रेडिट कार्ड इन खातों पर जारी किए गए। तीन खातों पर मोटा लोन भी लिया गया। जब बैंक खातों की स्क्रूटनी और आंतरिक जांच की गई तो पता चला कि फर्जी तरीके से खाते खोले गए। साजिश के तहत आरोपियों ने उनके बैंक के साथ दो करोड़ आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी की। सुशांत लोक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सपनावत बिजलीघर के अवर अभियंता को हटाया

हापुड़। लंबी दूरी पर बिजली कनेक्शन एवं क्षेत्र में चोरी कराने के आरोप में फंसे सपनावत बिजली घर के अवर अभियंता राजकुमार को हटा दिया गया है। डिवीजन के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार यादव ने बताया कि सपनावत बिजलीघर के अवर अभियंता राजकुमार पर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी कराने के साथ निर्धारित दूरी से अधिक विद्युत कनेक्शन देने का आरोप है। आरोपों के कारण पिछले दिनों संविदाकर्मी लाइनमैन दीपक और मोनू को बर्खास्त कर अवर अभियंता के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए लिखा गया था। अधीक्षण अभियंता द्वारा जेई का सपनावत से हटाकर हापुड़ भेज दिया गया है। जबकि सपनावत बिजली घर का चार्ज शाहपुर फगौता बिजलीघर के जेई को दिया गया है।

छात्रा लापता, तीन पर मुकदमा

गढ़मुक्तेश्वर। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी है। जिसने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी नगर के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। जो 27 अक्तूबर को कॉलेज गई थी। लेकिन कुछ ही देर बाद स्कूल से प्रधानाचार्य ने फोन पर उसे सूचना दी कि बेटी स्कूल से कहीं चली गई है। तलाश करने के दौरान जानकारी मिली कि जनपद उधमसिंह नगर क्षेत्र निवासी एक युवक बहकाफुसला कर ले गया है। जिसमें उसके माता-पिता भी शामिल हैं। कोतवाली प्रभारी सोमवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अनियंत्रित होकर पलटी कार, छह घायल

गढ़मुक्तेश्वर। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव जखैड़ा रहमतपुर के पास शुक्रवार की रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार महिला, बच्चे समेत छह लोग मामूली घायल हो गए। गांव जखैड़ा रहमतपुर निवासी जसवंत चौहान काफी समय से जनपद रामपुर में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के सदस्य गांव में ही रहते हैं। परिवार के एक सदस्य के निधन होने के कारण वह शुक्रवार को परिजनों के साथ गांव आया था। अंतिम संस्कार होने के बाद वह अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव के बीच में पहुंचे तो अंधेरे में कार तेज गति होने के कारण अनियंत्रित हो गई। जिससे कार में सवार दो महिला, दो बच्चे, चालक समेत छह लोग घायल हो गए थे।

साइबर सिटी के नए सेक्टरों में यातायात और सुरक्षा व्यवस्था होगी बेहतर

गुरुग्राम। साइबर सिटी के नए सेक्टरों में यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारियों में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) जुट गया है। इसके तहत सेक्टर 51 से 115 में ट्रैफिक लाइट और स्मार्ट सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम लगाने की तैयारी है। इसमें सीसीटीवी कैमरे, स्पीड कैमरे, ऑटोमेटिक नंबर-प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे और रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी) कैमरे शामिल हैं। इससे अपराध और यातायात उल्लंघन रोकने में मदद मिलेगी। अभी पुराने शहर और डीएलएफ समेत सेक्टर 50 तक ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी का पूरा नेटवर्क है। इससे यातायात पुलिस को वाहनों को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। वहीं, मास्टर प्लान के तहत बने नए सेक्टरों में भी ट्रैफिक लाइटों का अभाव है। ऐसे में वाहन चालक मनमाने तरीके से सेक्टरों में चलते हैं और हादसा होने की संभावना बनी रहती है। विकसित हो रहे इन सेक्टरों में यातायात को व्यवस्थित करने की तैयारियों में जीएमडीए जुट गया है। जीएमडीए की योजना हैं कि अभी इन सेक्टरों में वाहनों की संख्या बढ़ने से पहले यातायात संबंधी तैयारियों को बेहतर कर दिया जाए। ऐसे में सभी सेक्टरों के चौक-चौराहों और टी प्वाइंट समेत अन्य जगहों पर रेड लाइट का इंतजाम करा दिया जाए। इसके लिए सेक्टर 51 से 115 तक ट्रैफिक लाइट लगाने की तैयारी है। इसकी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है और सीईओ से विचार-विमर्श के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। जीएमडीए की योजना है कि नए सेक्टरों में लगने वाली ट्रैफिक लाइटों में तकनीक का प्रयोग और बेहतर बनाया जाए। दूसरी ओर इन सेक्टरों में काफी हाईराइज सोसाइटियां हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई प्रकार के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जीएमडीए ने इसका भी पूरा खाका तैयार कर लिया है।

परियोजना पर 15 करोड़ खर्च करेगा जीएमडीए

जीएमडीए के अनुसार नए 64 सेक्टरों में ट्रैफिक लाइट का प्रावधान कराया जाना है। एक सेट ट्रैफिक लाइट लगवाने का खर्च करीब 15 लाख रुपये आएगा। ऐसे में इस परियोजना पर जीएमडीए करीब 10-15 करोड़ रुपये खर्च करेगा। वहीं, सेक्टरों की मेन रोड पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। न्यू सेक्टरों में सड़क सुरक्षा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर 200 से ज्यादा कैमरे लगवाएगा। इससें अपराध और यातायात उल्लंघन रोकने में मदद मिलेगी।

प्रमोद हत्याकांड में रेकी करने वाले गांव के किंसू और नीटू गिरफ्तार

गाजियाबाद। महमूदपुर गांव के किसान प्रमोद कसाना हत्याकांड में रेकी करने वाले सदस्य किंसू और नीटू भी शुक्रवार देर रात डीसीपी टीम के हत्थे चढ़ गए। वह हत्या को अंजाम देने वाले प्रधान अर्चना के पति कपिल कसाना और सचिन का दोस्त हैं। पुलिस ने गिरफ्तार सौरभ, सनी, गौरव व किंसू की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। हत्या के दौरान मृतक प्रमोद के गायब फोन की लोकेशन अभी तक ट्रेस नहीं हुई है। पुलिस के रडार पर अब फरीदाबाद से आए तीन बदमाश हैं। उनकी तलाश में टीम संभावित जगह पर दबिश दे रही है लेकिन वे टीम को चकमा दे रहे हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन शुभम पटेल ने बताया कि प्रमोद की हत्या के लिए महमूदपुर गांव के किंसू और नीटू ने रेकी की थी, वो प्रधान पति कपिल कसाना और सचिन का दोस्त है। किंसू सचिन के कहने पर हत्याकांड की रेकी करने के लिए शामिल हुआ था जबकि नीटू कपिल कसाना से सीधा जुड़ा हुआ था। उसी ने किसान प्रमोद को फोन करके घर से खेत की तरफ बुलाया था। मृतक की अंतिम कॉल उसके नंबर की आई थी। टीम ने उसे देर रात टीला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया जबकि शनिवार को किंसू भी टीम के हत्थे चढ़ गया। डीसीपी का कहना है कि हत्याकांड में अभी बदमाशों से कई और सवाल जानकर तार जोड़ने बाकी हैं। लिहाजा पकड़े गए गौरव, सनी, किंसू और सौरभ को रिमांड पर लेकर पूछताछ होगी।

पुलिस ने पकड़ा प्रतिबंधित पटाखों का गोदाम

ग्रेटर नोएडा। फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के कंडी माता मंदिर के सामने वाली गली स्थित एक घर में पुलिस टीम ने छापामारी करके प्रतिबंधित पटाखे पकड़े। यहां कोई नहीं मिला तो पुलिस ने देर रात पटाखे से भरे दो कमरों को सील कर दिया है। सुबह जब पुलिस मौके पर पहुंची तो सील टूटी मिली और जांच करने पर यहां रखे पटाखे भी गायब मिले। फर्रुखनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी पटौदी हरेन्द्र ने बताया कि सब इंस्पेक्टर विकास की ओर से दर्ज कराए गए बयान में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कंठी माता मंदिर के पास झज्जर के रहने वाले संदीप ने अपने घर के दो कमरों में प्रतिबंधित पटाखे रखे हुए हैं। इस पर उन्होंने साथियों के साथ छापेमारी की। जांच करने पर गत्तों में पटाखे रखे मिले। पुलिस ने तहसीलदार जगदीश चंद को इसकी सूचना देकर बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौके पर बुलाया। काफी देर इंतजार करने के बाद भी यहां कोई नहीं आया। देर रात पटाखों के कमरों को सील कर दिया गया। मकान मालिक संदीप से पूछताछ की गई तो सामने आया कि उसने यह मकान किराये पर दिया हुआ है। जांच में पता चला कि यह मकान दिल्ली के अमर कालोनी निवासी गोपाल दास ने किराये पर लेकर इसे पटाखों का गोदाम बनाया हुआ है। उसने डाबोदा रोड पर भी पटाखे का गोदाम बनाया हुआ है। उसने यहां प्रतिबंधित पटाखे रख रखे थे। पुलिस ने रात को दोनों कमरों को सील कर दिया। अगले दिन जब मौके पर पहुंचे तो पाया कि कमरे पर लगाई गई सील टूटी हुई थी और यहां से पटाखे कहीं दूसरे स्थान पर छिपा दिए। एसीपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे जुड़े लोग फरार हैं। सील टूटने के मामले की जांच की जा रही है।

वाहन चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

गाजियाबाद। स्वाट टीम और भोजपुर पुलिस ने अंतरराज्जीय वाहन गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर पांच बाइक व एक स्कूटी बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी अपने गिरोह के साथ मिलकर एनसीआर में वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देता था। बाद में गिरोह कलछीना गांव में बंद पड़े मकान में जमा कर वाहनों को काटकर उसके पार्ट बेचते है। पुलिस बाकी फरार चोरों की तलाश में लगी है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी का नाम सुल्तान निवासी कलछीना है। पूछताछ में सुल्तान ने बताया कि वह अपने साथी शिवम व सुशांत निवासी दिल्ली के साथ मिलकर नोएडा, साहिबाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली समेत एनसीआर में वाहन चोरी करता था। चोरी के वाहन कलछीना गांव में बंद पड़े मकान में छिपा देता था और वाहनों के पार्ट्स निकालकर बेच देते थे। पुलिस फरवरी माह में सुशांत व शिवम निवासी मोदीनगर को गिरफ्तार कर चुकी है।

करवाचौथ के लिए बाजार तैयार, लुभा रहे चांदी के बर्तन

हरदोई। करवाचौथ के लिए बाजार तैयार है। इस बार करवाचौथ पर शुक्र के अस्त न होने के कारण नवविवाहिताओं को भी करवाचौथ का व्रत रखने का मौका मिलेगा। ऐसे में बेटियों को करवाचौथ पर चांदी, पीतल के करवा सहित अन्य सामग्री की खरीदारी के लोगों में लगन दिख रही है। बाजार में खरीदार बढ़ने से बर्तन दुकानदारों के चेहरे भी चमक गए हैं। एक नवंबर बुधवार को करवाचौथ है। इस बार नवविवाहिताओं को भी व्रत रखने का मौका है, इसे लेकर बाजार सज गए हैं।

सुहागिन महिलाएं बाजार में खरीदारी करने पहुंच रहीं हैं। कपड़ों की दुकानों से लेकर सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ है। महिलाओं में सबसे ज्यादा चूड़ियों की खरीदारी के प्रति लगाव है। सिनेमा चौराहा पर रिद्धि साड़ीज के संचालक अनिल भसीन व उज्जवल भसीन ने बताया कि महिलाएं इस बार बरबरीक सिल्क, सिफॉन, कढ़ाई वाली साड़ियों के साथ ही डिजायनर व लाइटवेट साड़ियों की मांग कर रहीं हैं। करवाचौथ पूजन की सामग्री में जरूरी करवा पीतल, तांबा व मिट्टी के साथ ही चांदी के करवा भी सराफ की दुकान पर उपलब्ध हैं। काशीनाथ सेठ सर्राफ के अनिल महेंद्रा उर्फ बबली, मंगलीपुरवा के रमेश चंद्र संदीप कुमार सराफा के संदीप गुप्ता ने बताया कि चांदी के करवा दो तरह के बाजार में आए हैं। पत्तरवाला करवा 100-150 ग्राम का है जबकि, ढलाई वाला करवा 200-250 ग्राम के हैं। चांदी का भाव 74 हजार रुपये प्रति किलो है। चांदी के करवा पहली बार करवाचौथ रखने वाले नवविवाहिताओं को देने के लिए खरीदारी की जा रही है। सूफी जी बर्तन के संचालक एमएच सिद्दीकी ने बताया कि पीतल के करवा सभी साइज के उपलब्ध हैं। पीतल का भाव 600-700 रुपये प्रति किलो चल रहा है। तांबा 700-800 रुपये प्रति किलो के भाव पर है।

करवाचौथ पूजन की रेडीमेड थाली भी आई

करवाचौथ पर पूजन के लिए करवा सेट की थाली भी बाजार में बर्तनों की दुकानों पर उपलब्ध हैं। करवा सेट थाली की कीमत 100-150 और 250-300 रुपये तक है। कीमत और रेडीमेड होने की वजह से बाजार में इनकी मांग है।

लुटेरे ने छात्रा को ऑटो से खींचा, सड़क पर गिरी, सिर की हड्डी टूटी

गाजियाबाद। एनएच-9 पर उद्योग कुंज के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा कीर्ति (19) को ऑटो से बाहर की ओर खींच लिया। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर की हड्डी टूट गई। बदमाश उससे मोबाइल फोन लूट रहे थे।शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे हुई इस दुस्साहसिक वारदात के 27 घंटे बाद शनिवार की शाम साढ़ेसात बजे पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान इंद्रगढ़ी के निवासी बॉबिल उर्फ बलवीर के रूप में हुई।

पुलिस का कहना है कि सिकरोडा रोड पर चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध नजर आए। वे पुलिस को देखकर भागने लगे। घेराबंदी की तो उन्होंने तमंचे से गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में एक घायल हो गया जबकि दूसरा भाग निकला। घायल बॉबिल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने उसने साथी का नाम जितेंद्र बताया है, जो मिशलगढ़ी का निवासी है। उधर, मसूरी थाने में मोबाइल लूट की रिपोर्ट हापुड़ के पन्नापुरी निवासी कीर्ति के भाई अंकित ने दर्ज कराई है। कीर्ति के पिता रविंद्र रेलवे में लोको पायलट हैं। अंकित का कहना है कि बहन ऑटो से सहेली दीक्षा के साथ घर जा रही थी और ऑटो में किनारे वाली सीट पर बैठी थी। जैसे ही ऑटो एनएच-नौ पर उद्योग कुंज के पास पहुंचा, वैसे ही पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। कीर्ति ने विरोध किया तो लुटेरे ने उसे बाहर की ओर खींचते हुए मोबाइल छीन लिया। झटका लगने से कीर्ति का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गई। बदमाश मोबाइल लेकर भाग गए। दीक्षा ने अपने परिजनों को सूचना दी। उन्होंने कॉलेज में इसकी जानकारी दी। कॉलेज से कीर्ति के परिजनों को सूचना मिली। इस बीच ऑटो चालक व दीक्षा ने उसे पिलखुवा के जीएस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। वहां हालत गंभीर होने के कारण उसे गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सिर का हुआ ऑपरेशन

अंकित ने बताया कि कीर्ति के सिर की हड्डी टूट गई हैं। शुक्रवार देर रात उसके सिर का ऑपरेशन किया गया। चिकित्सकों ने अभी भी उसकी हालत गंभीर बताई है।

दूसरे की तलाश जारी

एसीपी मसूरी नरेश कुमार का कहना है कि मुठभेड़ में एक बदमाश पकड़ लिया गया है। दूसरे की तलाश जारी है। उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

छह लाख रुपये की चरस और अफीम के साथ पांच गिरफ्तार

हरदोई। अतरौली थाने की पुलिस ने पांच युवकों का गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। छह लाख रुपये कीमत की 415 ग्राम चरस और 460 ग्राम अफीम बरामद की गई है। न्यायालय में पेश करने के बाद पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। अतरौली के प्रभारी निरीक्षक धीरज शुक्ला के मुताबिक लखनऊ, हरदोई जनपद की सीमा पर नरियाखेड़ा के पास शनिवार की सुबह वाहनों की जांच का अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो बाइक पर आ रहे पांच लोगों को रुकने का इशारा किया गया, तो यह लोग भागने लगे। इस पर पुलिस ने पीछा कर पांचों को पकड़ लिया। पूछताछ में इन लोगों ने अपना नाम पता कासिमपुर थाना क्षेत्र जरहा निवासी मेराज और जयकरन, भोलाखेड़ा निवासी दयाराम, अलावलपुर निवासी सलीम और अतरौली थाना क्षेत्र के चंदौली निवासी सुशील बताया।

युवती को बीमार बता टप्पेबाजों ने ठग लिए आठ लाख के गहने

कौशांबी। वैशाली के एक निजी बैंक के लॉकर में गहने सुरक्षित रखने जा रहीं अभयखंड-3 निवासी सरिता आहुजा को महिला टप्पेबाजों के गिरोह ने अपना शिकार बना लिया। सरिता ई-रिक्शा से बैंक जा रही थीं। इसी दौरान स्काईटेक सोसायटी के सामने ई-रिक्शा पर दो महिलाएं और एक युवती सवार हुईं। युवती मानसिक रूप से बीमार होने का नाटक कर रही थी। सरिता का ध्यान भटकाकर टप्पेबाजों ने आठ लाख के गहने ठग लिए।

वह परिजनों के साथ इंदिरापुरम कोतवाली में शिकायत करने गईं तो पुलिस ने घटना को कौशांबी थाना क्षेत्र में बताकर भेज दिया। घटना के कई घंटे बाद भी कौशांबी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है। अभयखंड में रहने वाले विमल आहुजा ने बताया कि पत्नी सरिता आहुजा शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे ई-रिक्शा से वैशाली स्थित बैंक जा रही थीं। वैशाली पुलिया पार करने के बाद स्काईटेक सोसायटी के सामने दो महिलाएं और एक युवती रिक्शा पर सवार हो गईं। कुछ दूर चलने पर युवती सरिता का पैर दबाने लगी। उन्होंने उससे पैर हटाने के लिए कहा तो उसके साथ बैठी महिलाओं ने उसे मानसिक बीमार बताया। शॉप्रिक्स मॉल से आगे सरिता ई-रिक्शा से उतरने लगीं तो युवती और महिलाओं ने उनका पैर फंसा लिया। वह सड़क पर गिरने से बाल-बाल बच गईं। तभी महिला ने बैग से गले का सेट, अगूंठी, कानों की बालिया, सोने के दो कंगन साफ कर दिए।

वह कहासुनी के बाद बैंक पहुंची तो वहां बैग खाली देखकर होश उड़ गए। बाहर आकर ई-रिक्शा में सवार गिरोह की महिलाएं व युवती को देखा लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।

ऑनलाइन खरीदारी पर लगे अंकुश, सरकार से बात करेंगे -नरेश अग्रवाल

हरदोई। पूर्व सांसद व भाजपा नेता नरेश अग्रवाल ने कहा है कि ऑनलाइन खरीदारी से दुकानदारों को बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। इस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। सरकार से इस बारे में बात करके व्यापारियों को राहत दिलाई जाएगी। नवीन गल्ला मंडी उद्योग व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित कमेटी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि 1980 से मंडी के व्यापारियों से सीधा जुड़ाव है। रेलवेगंज में दुकानों के आगे पड़ा रहता था। यहां मंडी लाने की पहल की, तो कुछ लोगों ने विरोध किया और कहा कि इमली रोड पर कौन सा व्यापार चलेगा, लेकिन आज देख लो, सबसे कीमती जगह इमली रोड पर ही है। गल्ला मंडी एकता का प्रतीक है। कहा कि मुसीबत में सारे भेदभाव भुलाकर सब एक हो जाते हैं। हरदोई की मंडी का नाम पूरे उत्तर प्रदेश में है। कुछ लोगों ने मंडी में घुसने की कोशिश की, लेकिन कुछ नहीं कर पाए। नरेश अग्रवाल ने कहा कि हमेशा मंडी के व्यापारियों के साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक जमाने पर हरदोई में 200 राइस मिलें थीं और अब 34 रह गईं। सरकार से इस बारे में बात कर नीति बदलवाने का प्रयास करेंगे। मंडी में न तो कोई गुट है और न ही किसी नेता को यहां गुट बनाने का मौका मिला। इस मंडी की एकता को कोई नहीं तोड़ पाया।नरेश अग्रवाल ने अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता टीटू से कहा कि समस्याओं से अवगत कराएं। यथासंभव हल कराया जाएगा। महामंत्री संजय गुप्ता और हरिश्याम गुप्ता को शपथ दिलाने के साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशिक गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता, कनिष्ठ मंत्री ऋषी गुप्ता और कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता को भी शपथ दिलाई गई।

पूर्व प्रधान की परचून की दुकान से 210 लीटर डीजल बरामद

हरदोई। घेरवा के पूर्व प्रधान के खिलाफ परचून की दुकान से पेट्रोल और डीजल की बिक्री किए जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बीती 22 अक्तूबर को पूर्व प्रधान की परचून की दुकान में छापा मारा गया था और तब यहां से 210 लीटर डीजल व पांच लीटर पेट्रोल बरामद हुआ था। हालांकि आठ दिन बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज होने से चर्चाओं का दौर तेज है। घेरवा के पूर्व प्रधान पच्चा की परचून की दुकान लालपुर बंजरा के पास है। उनकी परचून की दुकान पर डीजल और पेट्रोल की बिक्री किए जाने की शिकायत बीती 22 अक्तूबर को गांव के ही नीरज, सुनील, गिरजाशंकर आदि ने एसडीएम से की थी। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस टीम ने 22 अक्तूबर को ही अतरौली भटपुर रोड पर लालपुर बंजरा में पच्चा की किराना की दुकान पर छापा डाला था।

नहीं रहीं मलेरकोटला की अंतिम बेगम मुनव्वर उल निशा, जुमे के दिन 102 वर्ष की उम्र में ली आखिरी सांस

अमृतसर। बेगम मुनव्वर उल निशा ने 102 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह कई दिनों से बीमार थीं और मालेरकोटला के हजरत हलीमा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वहां सेहत में सुधार न होने पर शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। बेगम मुनव्वर उल निशा मालेरकोटला के अंतिम नवाब इख्तियार अली खान की पत्नी थी। मालेरकोटला के नवाब शेर मोहम्मद खान के वंश की 8वीं पीढ़ी की इकलौती बेगम मुनव्वर उल निशा शुक्रवार (जुमा) को दुनिया से रुख्सत हो गईं। सिख पंथ में बेगम मुनव्वर उल निशा को बड़ा सम्मान दिया जाता है। दसवें गुरु श्री गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को सरहिंद के नवाब वजीर खान द्वारा दीवारों में जिंदा चिनवा देने का विरोध करने वाले मालेरकोटला के नवाब शेर मोहम्मद खान के वंश में बेगम मुनव्वर उल निशा अंतिम रहीं, उनकी कोई संतान नहीं थी।

बेगम मुनव्वर उल निशा ने 102 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह कई दिनों से बीमार थीं और मालेरकोटला के हजरत हलीमा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वहां सेहत में सुधार न होने पर शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। बेगम मुनव्वर उल निशा मालेरकोटला के अंतिम नवाब इख्तियार अली खान की पत्नी थी, जिनका 1982 में निधन हो गया था। शुक्रवार को बेगम के देहांत के बाद पंजाब भर से विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उनके अंतिम दीदार करने और श्रद्धांजलि भेंट करने पहुंचे। बेगम को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

संधवां ने बेगम मुनव्वर उल निशा के निधन पर दुख जताया

पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने बेगम मुनव्वर उल निशा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शुक्रवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि बेगम मुनव्वर उल निशा, छोटे साहिबजादे के पक्ष में आवाज उठाने वाले नवाब शेर खान के परिवार की आखिरी बेगम थीं। उन्होंने बेगम निशा के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि वह हमारे लिए हमेशा सम्मान के पात्र रहेंगी। विस अध्यक्ष ने परमात्मा के आगे अरदास की है कि वह दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में शाश्वत निवास प्रदान करें।

हैवान बने डिलिवरी बॉय से भिड़कर बचाई पीड़िता ने आबरू

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की ईकोविलेज-1 सोसाइटी में दुष्कर्म की कोशिश करने वाले डिलीवरी बॉय से भिड़कर पीड़िता युवती ने आबरू बचाई थी। आरोपी ने 19 साल की पीड़िता को हमला कर जख्मी कर दिया। इसके बावजूद पीड़िता ने आरोपी को पकड़कर शोर मचा दिया। हालांकि आरोपी मारपीटकर फरार हो गया। पीड़िता ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को बयान दर्ज कराये। पुलिस आरोपी डिलीवरी बॉय की गिरफ्तारी के लिए ग्रेनो के अल

संक्षिप्त समाचार

ग्रामीणों ने मानक के विपरीत काम का लगाया आरोप

गाजीपुर। गाजीपुर-आजमगढ़ राजमार्ग 67 का नवीनीकरण में मानक की विपरीत कार्य करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया। साथ ही शनिवार को विरोध जताते हुए पीडब्ल्यूडी के खिलाफ नारेबाजी किया। ग्रामीणों का कहना है कि बिरनो थाना से मऊ बॉर्डर पर स्थित हरदासपुर खुर्द गांव के तक 19.560 मीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जफरपुर गांव के पास अंग्रेजों के जमाने में बने पुल को ठेकेदार ने ध्वस्त करके एक छोटी पुलिया बना दी। हालांकि इससे पानी निकलना मुश्किल हो जाएगा। इससे कई गांवों के किसानों की फसल जलमग्न होनी तय है। विरोध जताने वाले सुभाष राजभर ,सदानंद राजभर, राजदेव साधु ,मुन्नी राजभर ,समीर अहमद ,अभिराज राजभर शामिल रहे। वहीं, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता खुर्शीद अहमद ने कहा कि वहां की जेई और ठेकेदार से बात होगी और वहां पर बेहतर तरीके से कार्य करने का कार्य कराया जाएगा।

शुद्ध पेयजल आपूर्ति न होने नगरवासी परेशान

गाजीपुर। दो दिन नगर पालिका परिषद द्वारा की जा रही शुद्ध पेयजल आपूर्ति बेपटरी होने से पानी को लेकर हो हल्ला मचा हुआ है। पूरे नगर सहित वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं हुई है। वही पेयजल की दिक्कत को देखते हुए पालिका द्वारा शनिवार को टैंकरों के माध्यम से एक स्थान पर टैंकर को खड़ा कराकर पानी की आमजन तक पहुंचाई जा रही है। नगर में पानी को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए पालिका द्वारा शुद्ध पेयजल टैंकर के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि डोम डेरवा बस्ती के पास पालिका की ट्यूबल में आई खराबी के कारण दो रोज जल वितरण व्यवस्था बिगड़ गई है। करीब 30 हजार की आबादी में से अधिकतर परिवारों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद के उपभोक्ताओं के घरों में इधर दो रोज से पानी की किल्लत को रोष जताया। लेकिन पालिका के उदासीनता के कारण पर्याप्त पानी वितरण व्यवस्था सही नहीं होने के चलते पानी को लेकर हो हल्ला मचा हुआ है। इस बाबत पालिका चेयरमैन जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मोटर में आई खराबी को मिस्त्री मरम्मत कर रहे हैं। ठीक होने पर पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप चालू कर दी जाएगी।

मुख्तार अंसारी की करीबी मदरसा टीचर निकहत परवीन गिरफ्तार, फर्जी डिग्री का मामला

गाजीपुर। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष निकहत परवीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के दौरान सीओ सर्किल की फोर्स मौजूद थी। बताते हैं कि उनकी नियुक्ति मदरसे में सहायक अध्यापक के तौर पर 2005 में हुई थी। गाजीपुर में बहादुरगंज नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष निकहत परवीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के दौरान सीओ सर्किल की फोर्स मौजूद थी। बताते हैं कि उनकी नियुक्ति मदरसे में सहायक अध्यापक के तौर पर 2005 में हुई थी। इस नियुक्ति पर फैजान खान नाम के शख्स ने 2022 में निकहत की नियुक्ति के लिए योग्यता पूरा नहीं करने को लेकर जांच की मांग की थी। अब इस मामले में मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्टर में पाया है कि परवीन सहायक अध्यापक के लिए योग्यता पूरे नहीं करती हैं। उन्हें इंटरमीडिएट में 52 फीसदी अंक मिले हैं जबकि 55 फीसदी अंक मदरसा शिक्षक की नियुक्ति के लिए अनिवार्य है। बता दें कि निकहत के पति रियाज अहमद, मुख्तार अंसारी के बेहद करीबियों में से माने जाते हैं। निकहत के चुनाव जीतने में अंसारी परिवार की खास भूमिका रही थी।

रंगदारी नहीं देने पर घर में घुसकर हमला, जान से मारने की धमकी

ग्रेटर नोएडा। दस लाख रुपये और प्लॉट में आधा हिस्से की रंगदारी नहीं देने पर आरोपियों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी देकर निर्माण कार्य रोक दिया। मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं करने पर पीड़ितों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब कोर्ट के आदेश पर दादरी कोतवाली पुलिस ने दो नामजद और तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नगर के रेलवे रोड स्थित शिव वाटिका कॉलोनी निवासी सचिन कुमार ने वर्ष 2003 में मां निर्मला देवी के नाम से सिकंदराबाद स्थित खुर्जा रोड पर 100 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। प्लॉट की चहारदीवारी करने के दौरान अक्षय मलिक और ज्ञानेंद्र मलिक वहां पहुंचे। दोनों ने सचिन के भाई और पिता को धमकाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर निर्माण नहीं करने दिया और 10 लाख रुपये और प्लॉट का आधा हिस्सा मांगा। वहां पर मौजूद आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराया। आरोप है कि 28 मई की शाम अक्षय मलिक व ज्ञानेंद्र मलिक तीन अज्ञात लोगों को साथ नगर के रेलवे रोड स्थित शिव वाटिका कॉलोनी में पहुंचे। पैसे और प्लॉट देने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर जबरन घर में घुसकर सचिन और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। जान से मारने की नीयत से हथियार तान दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जिनको देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अब पीड़ित ने कोर्ट के माध्यम से मामला दर्ज कराया है।

लंबी कूद में सोनम और आदेश ने मारी बाजी

हाथरस। पुलिस लाइन के मैदान में आयोजित हुई 14वीं अंतरजनपदीय एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता में लंबी कूद में महिला वर्ग में सोनम ने बाजी मारी। पुरुष वर्ग में आदेश कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। शुभारंभ जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने हवा में गुब्बारे छोड़कर किया। डीएम का बैज लगाकर एवं कैप पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद डीएम ने निर्णायक मंडल टीम के सदस्यों से परिचय लिया और परेड की सलामी ली। उप निरीक्षक दिनेश साहनी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सच्चे खिलाड़ी की भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में महिला वर्ग की लंबी कूद में सोनम फिरोजाबाद ने प्रथम, पूजा चौधरी हाथरस ने द्वितीय तथा विजेता मैनपुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में रश्मि चाहर मथुरा ने प्रथम, रागिनी मैनपुरी ने द्वितीय और मोनिका अलीगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की लंबी कूद में आदेश कुमार आगरा ने प्रथम, सुनील हाथरस ने द्वितीय तथा दीपक शर्मा एटा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में प्रदीप फिरोजाबाद ने प्रथम, सचिन कुमार आगरा ने द्वितीय तथा शुभम नागर अलीगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन फकरे आलम, अतुल वर्मा, सहायक अशोक साहनी ने किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक देवेश कुमार पांडेय व आदि मौजूद रहे।

राजस्थान में पराली बेचकर आ रहे तीन युवकों को छह ने लूटा

अमृतसर। गांव मानीखेड़ा और बीलां पटटी के रहने वाले तीन युवकों संग उस समय हजारों रुपये की लूट हुई जब वह राजस्थान में ट्राली पर धान की पराली बेचकर लौट रहे थे। मानीखेड़ा निवासी सुखचैन तथा उसके साथी बीला पटी निवासी मंगा व भजन लाल ने बताया कि शुक्रवार को वे अपने ट्रैक्टर पर धान की पराली लेकर राजस्थान के गांव महाराजा चक्क गए थे, पराली छोड़ने के बाद जब वे तीनों लौट रहे थे तो राजस्थान के गांव भागसर के निकट कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। वे वहां पर कुछ पलों के लिए रुके और झगड़ा बढ़ता देख वहां से चल पड़े। जब वे पंजाब के गांव अचाडिकी के पंप के निकट पहुंचे तो इसी दौरान कुछ बाइक पर छह युवक आए और बाइक उनके ट्रैक्टर के आग लगाकर पिस्टल निकालते हुए नकदी देने को कहा। जब उन्होंने रुपये देने से इन्कार किया तो उक्त लोग मारपीट करते हुए उन्हें वापस भागसर की ओर ले गए और करीब 50 हजार की नकदी लूट ली और फरार हो गए। इसके बाद वे किसी तरह अबोहर पहुंचे और अस्पताल में भर्ती हुए, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आवासीय योजना के लिए भवनों के अधिग्रहण पर भड़के लोग

हापुड़। एचपीडीए पर आनंद विहार आवासीय योजना के अंतर्गत गलत तरीके से मकान, दुकान, भवनों और कृषि भूमि का अर्जन करने का आरोप लगाते हुए लोगों ने सदर विधायक को ज्ञापन सौंपा। समस्या का जल्द निस्तारण न होने पर भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। विधायक को ज्ञापन देते हुए लोगों ने कहा कि दिल्ली रोड पर एचपीडीपीए की स्थापना से पहले अधिकांश भवन, दुकानें व फैक्टरियां स्थापित हैं। प्राधिकरण ने इनका अर्जन गलत तरीके से किया है। कुछ खेती की भी जमीन है, जो अधिग्रहण की गई है। प्राधिकरण द्वारा इनका अधिग्रहण भविष्य की योजनाओं के लिए किया गया था। हजारों परिवारों का रोजगार इन दुकानों, फैक्टरियों से जुड़ा है। जनप्रतिनिधियों को कई बार ज्ञापन दिए गए, भवन बचाओ संघर्ष समिति के अलावा किसानों ने धरना भी दिया। लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया। उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाए और उनकी दुकानों, भवनों व कृषि भूमि को अर्जन मुक्त किया जाए। अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वह प्राधिकरण के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठेंगे, जिसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों की होगी। वहीं, सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मामले में जल्द प्राधिकरण के अधिकारियों से मिलकर समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया।

23 नवंबर को एक मंडप में होगी 428 जोड़ों की शादी, विवाह के लिए ऐसे करें आवेदन

हाथरस। यूपी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। हाथरस में इस बार सामूहिक विवाह 23 नवंबर को प्रस्तावित है। जिसमें 428 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य दिया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हाथरस में 23 नवंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। जिले को 428 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को निकाय वार व ब्लॉक वार बांट दिया गया है। इस बार सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आवेदन प्रकिया को ऑनलाइन किया गया है। आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन पोर्टल के माध्मय से आवेदन करना होगा। इसके बाद नगर निकायों व खंड विकास अधिकारी कार्यालय से सत्यापन रिपोर्ट लगाई जाएगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से जिला पंचायत हाथरस को 27 जोड़े, ब्लॉक सदर को 52, ब्लॉक सासनी को 50, ब्लॉक मुरसान को 53, ब्लॉक सिकंदराराऊ को 51, ब्लॉक हसायन को 55, ब्लॉक सादाबाद को 44 तथा ब्लॉक सहपऊ को 42 जोड़ों का लक्ष्य दिया गया है। वहीं नगर पालिका हाथरस को 15, नगर पालिका सिकंदराराऊ को 17, नगर पंचायत सासनी को 2, नगर पंचायत मुरसान को 2, नगर पंचायत हसायन को 3, नगर पंचायत सादाबाद को 6, नगर पंचायत सहपऊ को 2, नगर पंचायत मेंडू को 2 तथा नगर पंचायत पुरदिलनगर को 5 जोड़ों का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य मिलने के साथ ही निकाय तथा ब्लॉक अपने अपने लक्ष्य को जुटाने में लग गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सरिता सिंह ने बताया है कि ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपए तक है, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह कराने के इच्छुक व्यक्ति आधार ऑथेंटिकेशन कराते हुए **cmsvy.upsdc.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के समय कन्या का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक खाता, वर का आधार कार्ड, आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र, कन्या के पिता अथवा अभिभावक का आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

अधिग्रहीत जमीन पर कब्जा दिलाने की कार्रवाई का विरोध

हाथरस। एसडीएम सदर रविंद्र कुमार पुलिस बल के साथ शनिवार की शाम करीब सात बजे सिकंदराराऊ मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 530 बी के निर्माण के मध्य आने वाले एक पेट्रोल पंप, मकान और आवासीय भूमि पर एनएचएआई के अधिकारियों को कब्जा दिलाने पहुंचे। तीनों भूमि मालिकों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना था कि अभी तक उन्हें अधिग्रहीत भूमि का पूरा मुआवजा नहीं मिला है। भुगतान मिलने से पहले कब्जा दिलाने की कार्रवाई गलत है। बीपीसीएल पंप के मालिक अजय आनंद का कहना है उनके पास पंप संचालन के पूरे कागज हैं और पंप की जमीन खाली करने की बात बीपीसीएल के अधिकारियों के माध्यम से चल रही है। इस तरह की किसी कार्रवाई की सूचना उन्हें पहले से नहीं दी गई।

महाराष्ट्र के प्याज गोदाम खाली, कीमतें निकाल रहीं आंसू

हरदोई। मांग बढ़ने और उपलब्धता कम होने से प्याज के भाव चढ़ गए हैं। हाल यह है कि महाराष्ट्र के कई प्याज गोदाम लगभग खाली हो गए हैं। इसका असर प्याज के भाव पर दिख रहा है। प्याज की कीमतों ने रसोईघर का बजट बिगाड़ दिया है। थोक बाजार में 54-56 और फुटकर में 60 से 80 रुपये प्रति किलो के भाव से प्याज बिक रहा है। तीन-चार दिनों में बढ़ी कीमतें आंसू निकाल रही हैं। कुछ समय पहले तक टमाटर की बढ़ी कीमतें परेशान किए हुए थीं। अब प्याज भाव खा रहा है। तीन-चार दिनों में प्याज की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। थोक बाजार बढ़ने से फुटकर में भी भाव चढ़े हैं। प्याज की कीमतों में 50 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। बाजार में अच्छी क्वालिटी का प्याज 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। यही प्याज गली-मोहल्लों में 80 रुपये के भाव से बेचा जा रहा है। सब्जी मंडी में प्याज की थोक आढ़त चलाने वाले मोहम्मद अहमद यासीन आदि ने बताया कि महाराष्ट्र के लासलगांव को प्याज की कीमतों का बेंचमार्क माना जाता है। वहां पर प्याज की कीमतों में करीब 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। बताया कि देश भर में मांग के साथ ही प्याज का निर्यात भी हो रहा है। इससे महाराष्ट्र में प्याज के गोदाम खाली होने की कगार पर हैं और यही वजह है कि प्याज के भाव चढ़ गए हैं। यह भाव वक्ती तौर पर ही बढ़े हैं। जल्द ही राजस्थान के अलवर, गुजरात के राजकोट, गोनल आदि से नए प्याज की आमद शुरू होने पर भाव नियंत्रण में आ जाएंगे।

तो क्या गंदगी खाने से जा रही बंदरों की जान

हाथरस। शहर की नवल नगर कॉलोनी पिछले कुछ दिनों से हो रही बंदरों की मौत को लेकर आम लोग चिंतित हैं। लोग इनकी मौत के कारणों को अपने अपने-तरीके से देख रहे हैं। अधिकांश लोगों का कहना है कि बंदरों द्वारा गंदगी का सेवन किया जाना उनके लिए खतरनाक साबित हो रहा है। नवल नगर में पिछले तीन दिन में लगभग आधा दर्जन बंदरों की मौत हो चुकी है। लोगों का कहना है कि बंदरों की बढ़ती संख्या के कारण अब बंदर भूखे रहते हैं। वह गंदगी खाने को मजबूर हैं, जोकि उनकी सेहत के लिए घातक साबित हो रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि इस समय दिवाली की सफाई की जा रही है। इस दौरान घरों से निकलने वाले कचरे में से कुछ एक्सपायर वस्तुओं का सेवन भी बंदरों की मौत का कारण हो सकता है। बंदरों की मौत वाकई हैरत की बात है। हम समझ नहीं पा रहे कि अचानक ऐसा क्यों हो रहा है। एकाएक बंदरों की रहस्यमय तरीके से मौत होना चिंता का विषय है।

साहब-120 बीघा जमीन,मिले दो कट्टे, कैसे होगी बुवाई

हाथरस। हाथरस में डीएपी की किल्लत बरकरार बनी हुई है। शुक्रवार की देर शाम चंदपा की दो समितियों पर डीएपी (डाई अमोनिया फॉस्फेट) 720 कट्टे पहुंचे, लेकिन चंद घंटों में ही ये समाप्त हो गए। घंटों लाइन में लगने के बाद भी किसी को दो कट्टे मिले तो किसी को वह भी नहीं मिले। चंदपा पूर्वी सहकारी समिति पर खाद का वितरण कर्मचारियों की मर्जी से चल रहा है। मेरे पास अपना 125 बीघा खेत हैं, मात्र दो कट्टे डीएपी दिया है। 15 बीघा खेत वाले को पांच कट्टे डीएपी के दिए गए हैं। समिति कर्मचारी पक्षपात कर रहे हैं। यह आरोप है गांव बूलगढ़ी निवासी विकलांग किसान नरेंद्र प्रताप सिसोदिया का। यह आरोप लगाने वाले अकेले नहीं, और भी किसान हैं। अर्जुनपुर के किसान रामखिलाड़ी का कहना है कि वह सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन दो कट्टे ही खाद मिल पाया है। जरूरत ज्यादा की है। जिले में डीएपी की किल्लत बरकरार बनी हुई है। शुक्रवार की देर शाम चंदपा की दो समितियों पर डीएपी (डाई अमोनिया फॉस्फेट) 720 कट्टे पहुंचे, लेकिन चंद घंटों में ही ये समाप्त हो गए। घंटों लाइन में लगने के बाद भी किसी को दो कट्टे मिले तो किसी को वह भी नहीं मिले। मुरसान की सहकारी समितियों पर डीएपी न होने के कारण किसानों को बैरंग लौटना पड़ा। ऐसा ही हाल सादाबाद के कृभको केंद्र का भी रहा। यहां भी किसानों को मायूसी ही हाथ लगी। किसान कालाबाजारी होने का भी आरोप लगा रहे हैं।

20 किलोमीटर से आकर लगे कतार में, खाद फिर भी न मिला

राया रोड स्थित कृभको केंद्र पर शनिवार सुबह से किसान डीएपी लेने के लिए कतार में लग गए। 20 किलोमीटर का सफर तय करके पहुंचे, लेकिन फिर खाद नहीं मिला और मायूस लौटना पड़ा। इस केंद्र पर पिछले चार दिन से खाद का वितरण किया जा रहा था। शनिवार को सुबह से ही महिला और पुरुषों की लगी लंबी कतार लगी थी, कुछ किसानों का नंबर आ गया और कुछ किसानों का नंबर नहीं आया। कई किसान बार-बार केंद्र प्रभारी से विनती करते रहे। किसानों के पूछने पर केंद्र प्रभारी खाद की उपलब्धता न होने के संबंध में जानकारी देते रहे। सबसे अधिक किसान हाथरस और सहपऊ क्षेत्र के थे

सुबह 7 बजे से लाइन में लगा हूं, मुझसे आगे कई किसान थे उनको खाद मिल गया। मेरा नंबर आने पर केंद्र प्रभारी ने खाद न होने की कहकर मना कर दिया। -महावीर सिंह, छतारा

जानकारी होने पर पांच घंटे पहले खाद लेने के लिए आया था और लाइन में लग गया जैसे ही अंगूठा लगवाने के नजदीक आया तभी मना कर दिया। खाद खत्म हो गया है। 12 किलोमीटर दूर से खाद लेने के लिए आया था। -लोचन, बामोली

लाइन में लगा था, खाद खत्म होने पर कह दिया घर वापस जाओ।जबकि 30 से 35 कट्टे अंदर थे, जिन्हें अपने-अपने लोगों को इंचार्ज ने दे दिया। पूछने पर गलत व्यवहार कर रहे हैं। -प्रियांशु सिंह, मढ़ाका सहपऊ।

लक्ष्य से अधिक मिला डीएपी, फिर क्यों किसान परेशान

जिला कृषि अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि अक्तूबर माह 10200 मीट्रिक टन डीएपी वितरण का लक्ष्य है। 10298 की जिले को आपूर्ति हो चुकी हैं, 7234 मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है। 27 अक्तूबर को इफको की 1368 मीट्रिक टन की रैक हाथरस किला पर लग चुकी है, जिसे समितियों को भेजा जा रहा है।

30 अक्तूबर को मोजेक, एनएफएल, आईपीएल की रेक मथुरा, अलीगढ, एटा में लगना प्रस्तावित है, इससे भी जिले को 1200 मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति होगी, जिसे निजी उर्वरक विक्रेताओं को भेजा जाएगा। साधन सहकारी समिति चन्दपा पूर्वी एवं पश्चिमी का निरीक्षण कर कृषकों में डीएपी का वितरण कराया गया।

सदर विधायक ने डीएपी को उपलब्ध कराने को लिखा पत्र

हाथरस सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर ने आलू और गेहूं की बुवाई व डीएपी की किल्लत को देखते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि किसानों की मांग में अचानक से वृद्धि हुई है। वर्तमान में जनपद में मात्र 2754 मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक है। उन्होंने निजी व सहकारिता क्षेत्र में 8000 एमटी डीएपी की आपूर्ति कराने का आग्रह किया है।

जिले में डीएपी की मांग और उपलब्धता

23072 मीट्रिक टन का लक्ष्य रबी के फसल के लिए मिला

10200 डीएपी मीट्रिक टन अक्तूबर में वितरित करना था

10298 मीट्रिक टन डीएपी जिले को मिला अक्तूबर माह में

7234 मीट्रिक टन जिले में अब तक वितरित किया जा चुका

बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप, भाजपा नेता व युवती की मौत

हाथरस। गांव नगला मियां निवासी भाजपा नेता तेजवीर सिंह सिसौदिया कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित थे। उनका उपचार अलीगढ़ के निजी अस्पताल में चल रहा था। रक्त में प्लेटलेट्स कम आने पर भाजपा नेता को डेंगू बताकर उनका उपचार किया जा रहा था। शुक्रवार की रात को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। क्षेत्र में बुखार और डेंगू का प्रकोप जानलेवा बनता जा रहा है। बुखार से क्षेत्र के भाजपा और 22 वर्षीय एक युवती की अलीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई। बुखार से अब तक छह लोगों की मौत होने की जानकारी है। गांव नगला मियां निवासी भाजपा नेता तेजवीर सिंह सिसौदिया (60) कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित थे। उनका उपचार अलीगढ़ के निजी अस्पताल में चल रहा था। रक्त में प्लेटलेट्स कम आने पर भाजपा नेता को डेंगू बताकर उनका उपचार किया जा रहा था। शुक्रवार की रात को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। सिसौदिया पूर्व विधायक यशपाल सिंह चौहान के बहनोई थे।

इधर, गांव अंडौली निवासी 22 वर्षीय रजनी पुत्री विजयपाल को पिछले कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। रजनी के पिता विजयपाल सिंह ने उनका अलीगढ़ के निजी अस्पताल में उपचार शुरू कराया। उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ और शुक्रवार की रात्रि उनकी मृत्यु हो गई। पिता विजयपाल सिंह ने बताया रक्त परीक्षण रिपोर्ट आने पर चिकित्सक ने रजनी को एनएस वन डेंगू घोषित कर उसका उपचार शुरू किया था। दोनों मौतों से दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.अंकुश सिंह ने बताया कि भाजपा नेता तेजवीर सिंह सिसौदिया व अंडौली में एक युवती की डेंगू से मौत होने की जानकारी मिली है। दोनों गांवों में टीम भेजकर दवा वितरित कराई जा रही है और मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। पूरे मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। कई राजनेताओं ने जताया तेजवीर के निधन पर शोक

सिकंदराराऊ के पूर्व विधायक यशपाल सिंह चौहान के बहनोई एवं भाजपा नेता तेजवीर सिंह सिसौदिया के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर में दौड़ गई। पैतृक गांव नगला मियां में उनके अंतिम संस्कार में काफी लोग पहुंचे। अलीगढ़ एवं हाथरस जिले के कई राजनेताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम संस्कार में प्रमुख रूप से सांसद राजवीर सिंह दिलेर, विधायक वीरेंद्र सिंह राना, हाथरस सदर विधायक अंजुला माहौर, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य, पूर्व विधायक सुरेश प्रताप गांधी, ब्लॉक प्रमुख मुरसान रामेश्वर उपाध्याय, सपा नेता महेंद्र सिंह सोलंकी, ब्लॉक प्रमुख हसायन धर्मेंद्र कुमार सिंह, सुमंत किशोर सिंह, बंटी यादव, नगर पालिका अध्यक्ष मुशीर कुरैशी, व्यापारी नेता विपिन वार्ष्णेय, बबलू सिसोदिया, मुकेश चौहान, इकराम कुरैशी सहित कई प्रमुख लोग पहुंचे।

पुराने विवाद में युवक को मारी गोली

गुरुग्राम। खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुए विवाद को सुलझाने के दौरान हुई झड़प में युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। हमले में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शिकोहपुर के जतिन ने कहा कि उसका दो दिन पहले शीशपाल, रोहित सहित अन्य से रेस्टोरेंट में झगड़ा हो गया था। इस विवाद को समाप्त करने के लिए वह शीशपाल प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में शिकोहपुर मोड पर गए थे। इस दौरान जतिन के साथ उसका भाई ललित व चिराग उर्फ चिंटू भी थे। आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच मामला सुलझने की बजाय इतना बिगड़ गया कि उनमें मारपीट होने लगी। वहीं शीशपाल ने अपने साथी रोहित, कमल, हेमंत, अंकित, संजय, सुमित व अन्य के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उन पर गोली चला दी।

सड़क हादसे में भट्ठा संचालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

हाथरस। थाना अकराबाद के गांव खेडिया हरिचंद निवासी संदीप सिंह पुत्र विशंभर सिंह के दो ईंट भट्ठा हैं। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की शाम संदीप सिंह घर से चांदपुर के निकट भट्ठे पर जाने की कहकर घर से बाइक पर निकले थे। उसके बाद वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनसे मोवाइल पर संपर्क किया, पर बात नहीं हो सकी। थाना क्षेत्र में पिलखना गंगीरी रोड पर गांव कासिमपुर के निकट 27 अक्तूबर की देर रात एक ईट भट्ठा संचालक का शव संदिग्ध परिस्थिति में सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला है। शव के पास उनकी क्षतिग्रस्त बाइक भी मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अकराबाद के गांव खेडिया हरिचंद निवासी संदीप सिंह पुत्र विशंभर सिंह के दो ईंट भट्ठा हैं। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की शाम संदीप सिंह घर से चांदपुर के निकट भट्ठे पर जाने की कहकर घर से बाइक पर निकले थे। उसके बाद वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनसे मोवाइल पर संपर्क किया, पर बात नहीं हो सकी। परिवार के लोग उनकी इधर उधर तलाश करने लगे। इसी दौरान रात समय करीब ग्यारह बजे परिजनों को किसी ने सूचना दी कि गांव कासिमपुर के निकट सड़क किनारे झाड़ियों में एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। परिजनों के साथ अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर झाड़ियों में देखा तो वहां संदीप सिंह मरणासन्न हालत में पड़े थे। कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक भी पड़ी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

संदीप को परिजनों के साथ जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टरों ने करीब 52 वर्षीय संदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक ने अपने पीछे पत्नी साधना सिंह तथा दो बच्चे अजीत व श्वेता को रोते बिलखते छोड़ा है।

दोनों पालियों में 4278 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरदोई। प्रारंभिक पात्रता परीक्षा के पहले दिन पहली पाली में 2169 और द्वितीय पाली में 2109 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहे। दोनों पाली में परीक्षाएं शांतिपूर्वक हुई। प्रारंभिक पात्रता परीक्षा के लिए जिले के 16 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शनिवार को प्रथम पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक परीक्षा होनी थी। परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र पर आठ बजे से ही प्रवेश शुरू कर दिया गया। परीक्षार्थियों की गेट पर तलाश ली गई और उनको निर्धारित सामग्री के अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री नहीं ले जाने दी गई। सभी केंद्रों का सेक्टर मजिस्ट्रेट व सचल दलों ने निरीक्षण किया। केंद्रों के गेट और आस-पास सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। परीक्षार्थी के अतिरिक्त सभी को केंद्र से बाहर कर दिया गया है। प्रथम पाली में 6552 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। इसके सापेक्ष 4383 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 2169 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। वहीं, द्वितीय पाली में 6552 के सापेक्ष 4443 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 2109 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 4278 ने परीक्षा से किनारा किया। प्रभारी डीआईओएस जीआइसी प्रधानाचार्य टीआर वर्मा ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षाएं शांति पूर्वक संपन्न हुई।

कबड्डी का फाइनल पीबीआर इंटर कॉलेज ने जीता

मल्लावां। कस्बा के भगवंतनगर में बीएन इंटर कॉलेज में जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक वर्ग में गौसगंज के पीबीआर इंटर कॉलेज की टीम ने मल्लावां के बीएनइंटर कॉलेज को हराकर फाइनल जीत लिया। कबड्डी प्रतियोगिता का विधायक आशीष सिंह आशू ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। पहला मैच श्री देवी दयाल इंटर कॉलेज सुभानखेड़ा व रमेश चंद्र अवस्थी इंटर कॉलेज मल्लावां की टीम के मध्य खेला गया। जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश त्रिपाठी, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेश तिवारी, अरूण कुमार बाजपेयी, क्रीड़ा शिक्षक सरोज कुमार, विनीत सिंह, प्रगति सिंह व अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

हाईकोर्ट बेंच के लिए आठ को हड़ताल... 18 को बैठक

गाजियाबाद। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग एक बार फिर मुखर हो गई है। शनिवार को बार सभागार में 22 जिलों के अधिवक्ताओं की बैठक हुई। अधिवक्ताओं ने एलान किया कि आठ नवंबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वकील हड़ताल पर रहेंगे। इसके साथ ही 18 नवंबर को मुरादाबाद में बेंच के लिए रणनीति तैयार करने के लिए दोबारा बैठक होगी।

आंदोलन को तेज करने के लिए जनवरी 2024 में बड़ी संख्या में अधिवक्ता पैदल मार्च निकालेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के लिए बनी संघर्ष समिति के अध्यक्ष कुंवर पाल शर्मा ने कहा पश्चिम उत्तर प्रदेश के 22 जिले में कहीं भी बेंच स्थापित कर दें, हम सबको स्वीकार है। उन्होंने कहा पिछले 45 वर्ष से लगातार संघर्ष चला आ रहा है। यह कोई चुनावी आंदोलन नहीं है। अध्यक्ष ने

संक्षिप्त समाचार

बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर

बहराइच। मल्लिका-ए-गज़ल बेगम अख्तर की स्मृति में वर्ष 2023-24 के लिए प्रदान किये जाने वाले ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' के लिए नामांकन भेजने की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर 2023 है। दादरा/ठुमरी/गज़ल विधाओं में प्रतिभावान गायक जिनकी आयु 40 वर्ष से कम न हो, को ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' से सम्मानित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रू. 5.00 लाख की धनराशि, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जायेगा। प्रति वर्ष दादरा, ठुमरी एवं गज़ल के क्षेत्र में विशेष प्रतिभावान विशिष्ट गायक को जिसने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्ट आयाम स्थापित किये हों तथा राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया हो, को प्रदेश सरकार द्वारा बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के ऐसे मूल निवासी कलाकार जिनकी कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश रही हो, जिन्होंने अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की हो और आयु भी 40 वर्ष से कम न हों, आवेदन के लिए अर्ह होंगे। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा न कि किसी एक विशिष्ट संरचना के लिए। डीएम ने बताया कि पुरस्कार सम्बन्धी नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संस्कृति विभाग उ.प्र. की वेबसाइट यूपीकल्चर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन पर देखा जा सकता है। पुरस्कार की अर्हता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति 15 नवम्बर 2023 तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, नवम तल, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

पेंशनर की मृत्यु की सूचना कोषागार को देना परिजनों का नैतिक कर्तव्य- वरिष्ठ कोषाधिकारी

बहराइच । वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागार के संज्ञान में आये हैं जिनमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार कार्यालय को नहीं दिये जाने के कारण से बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। जिससे सम्बन्धित परिजनों को भी अपरिहार्य स्थिति का सामना करना पड़ता है। वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री शरण ने सभी सम्बन्धित से अपेक्षा की है कि यथास्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर सम्बन्धित कोषागार को तत्काल सूचित करें। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य भी है। उन्होंने सम्बन्धित को सचेत किया कि ऐसे किसी भी प्रकरण में मृत्यु की सूचना के अभाव में हुई अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायगी।

गैस कटर से काट रहे थे एटीएम, आग लगी तो भाग निकले

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम कक्ष में घुसकर कुछ चोर गैस कटर से एटीएम काटने लगे। कुछ ही देर में मशीन में आग लग गई। यह देख चोर फरार हो गए। आग लगने की सूचना पर बैंककर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। लेकिन, तब तक एटीएम का ऊपरी हिस्सा जल गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह की है। सुबह करीब चार बजे पंजाब नेशनल बैंक शाखा कार्यालय जियापोता के एटीएम में कुछ चोर घुस गए। गैस कटर मशीन से एटीएम को काटने लगे। इसी बीच एटीएम मशीन ने आग पकड़ ली जिससे सायरन बजने लगे। यह देख आरोपी फरार हो गए। पास में रहने वालों ने इसकी सूचना बैंककर्मियों को दी थी। जगजीतपुर चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह रावत ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। आरोपी इतने शातिर थे कि अंदर लगे सीसीटीवी पर स्प्रे कर दिया था। आग से एटीएम की हार्ड डिस्क सहित अन्य उपकरण जल गए। इन सबके बीच कैश सुरक्षित है। कनखल थाना प्रभारी अमरचंद शर्मा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

गोकशी के मामले में फरार आरोपियों के घर नोटिस चस्पा

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने गोकशी के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के घर मुनादी करते हुए पुलिस ने 82 सीआरसीपी का नोटिस चस्पा कर दिया। जल्द आरोपियों के हाथ न आने पर पुलिस कुर्की की कार्रवाई करेगी। पुलिस के अनुसार, अगस्त में वाल्मीकि बस्ती रोड पर सुनसान स्थान पर गोकशी कर रहे इरफान, उसके पुत्र हसीन निवासी गांव रथेडी नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर यूपी हाल पता सुभाषनगर, सोनू पुत्र हनीफ निवासी गायत्री विहार सराय रोड को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। छापे के दौरान शहजाद उर्फ कल्लू पुत्र कालू और परवेज उर्फ अल्लाहदीया निवासी मोहल्ला कस्साबान फरार हो गए थे। फरार आरोपियों के हाथ न आने पर पुलिस ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। उसके बाद कोर्ट के आदेश पर उपनिरीक्षक नरेश गंगवार ने टीम के साथ शुक्रवार को दोनों आरोपियों के घर पर मुनादी कराई। 82 सीआरपीसी के नोटिस चस्पा किए। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी अगर खुद कोर्ट में पेश नहीं हुए तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी, जानें आज के दिन का खास महत्व

देहरादून। शरद पूर्णिमा पर्व पर आज शनिवार सुबह से ही श्रद्धालुओं ने हर की पैड़ी के ब्रह्म कुंड क्षेत्र में गंगा में डुबकी लगानी शुरू कर दी थी। हालांकि दशहरे की रात से ही गंगा बंदी हो गई थी, लेकिन गंगा स्नान को देखते हुए यूपी सिंचाई विभाग ने हर की पैड़ी क्षेत्र में जल छोड़ दिया था जिसको लेकर श्रद्धालु खुश थे। चंद्र ग्रहण को देखते हुए हर की पैड़ी पर डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई है। आचार्य विकास जोशी ने बताया कि 30 साल के बाद शरद पूर्णिमा पर होगा फिर एक बार ग्रहण का साया है। भारत में चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 1 घंटा 19 मिनट होगी। अश्विन शुक्ल पूर्णिमा की रात आकाश से सोमरूपी अमृत की वर्षा होगी। वेदों में इसी सोम को अमृत बताया गया है। समुद्रमंथन के समय निकले 14 रत्नों में लक्ष्मी का इसी रात प्रादुर्भाव हुआ था। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की प्रकाशमयी रात्रि में अनादि राधा और अनादि कृष्ण ने पहला महारास स्वर्ग में किया था। विद्वान बताते हैं कि श्रीमद्भागवत महापुराण, विष्णु पुराण के अनुसार समुद्रमंथन के समय जब अमृत निकला, वह शरद पूर्णिमा की ही रात थी।

मैदानी जिलों में नहीं मतदाता बनने का उत्साह, हरिद्वार सबसे पीछे, सामने आए ये आंकड़ें

देहरादून। प्रदेश में प्रति एक हजार मतदाताओं की संख्या 691 है। इनमें पुरुष मतदाता की संख्या 705, महिला मतदाता की संख्या 678 है। पांच जिले ऐसे हैं, जिनका ईपी रेशियो राज्य के कुल अनुपात से भी नीचे है। पर्वतीय जिलों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरुकता ज्यादा है। तीनों मैदानी जिलों देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर का जनसंख्या-मतदाता अनुपात (ईपी रेशियो) राज्य के औसत से भी कम है। निर्वाचन कार्यालय को इन जिलों में ज्यादा मेहनत करनी होगी। निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में प्रति एक हजार मतदाताओं की संख्या 691 है। इनमें पुरुष मतदाता की संख्या 705, महिला मतदाता की संख्या 678 है। पांच जिले ऐसे हैं, जिनका ईपी रेशियो राज्य के कुल अनुपात से भी नीचे है। इनमें हरिद्वार का सबसे कम प्रति एक हजार पर महज 585, ऊधमसिंह नगर का 592 और देहरादून का 675 है। हालांकि इसमें उत्तरकाशी का भी राज्य औसत से कम 687 और नैनीताल का 663 है। पर्वतीय जिलों की बात करें तो अल्मोड़ा में प्रति एक हजार की आबादी में 945 मतदाता हैं।

चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से आह्वान किया है कि वे हर बूथ पर अपना बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) बनाएं। एक बीएलए अपने बूथ में 27 अक्तूबर से 26 दिसंबर तक केवल 30 मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन का ही आवेदन कर सकता है। एक दिन में अधिकतम 10 आवेदन बीएलओ के पास जमा हो सकते हैं। इससे अधिक आवेदन आने पर एसडीएम, तहसीलदार के स्तर से सत्यापन कराया जाएगा।

मॉडर्न जेल में लावारिस हालत में मिले तीन मोबाइल

चंडीगढ़। मॉडर्न जेल में कैदियों और हवालातियों की ओर से प्रतिबंधित सामान तथा मोबाइल फोन के इस्तेमाल को रोकने के मकसद से जेल बैरकों में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसमें 3 मोबाइल, बैटरी सहित एक सिम कार्ड लावारिस मिला है। इसके उपरांत सहायक सुपरिंटेंडेंट मनीराम की शिकायत पर थाना कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सहायक सुपरिंटेंडेंट मनीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जेल परिसर में सीआरपीएफ टीम और जेल सुरक्षा कर्मियों सहित विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्च के दौरान बैरकों की तलाशी में 3 सैमसंग मोबाइल फोन बैटरी सहित और एक सिम कार्ड लावारिस हालत में मिला।

पुनरीक्षण अभियान के लिए नियुक्त किये निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

त्रिगुट संवाददाता

बहराइच। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु 27 अक्टूबर 2023 से संचालित अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति की गई है। 282-बलहा (अ.जा.) के एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) को नि.रजि.अधि. व तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं बीडीओ मिहींपुरवा व बलहा तथा बीईओ मिहींपुरवा को सहा.नि.रजि.अधि., 283-नानपारा के लिए एसडीएम नानपारा को नि.रजि.अधि. व तहसीलदार, नायब तहसीलदार बलहा, बीडीओ नवाबगंज व शिवपुर तथा बीईओ नवाबगंज को सहा.नि.रजि.अधि. नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 284-मटेरा के लिए अति. मजिस्ट्रेट प्रथम को नि.रजि.अधि. व तहसीलदार सदर, चकबन्दी अधिकारी सदर-बहराइच प्रथम व तृतीय, बीडीओ व बीईओ रिसिया को सहा.नि.रजि.अधि., 285-महसी के लिए एसडीएम महसी को नि.रजि.अधि. व तहसीलदार महसी, बीडीओ महसी व तेजवापुर तथा बीईओ महसी को सहा.नि.रजि.अधि., 286-बहराइच के लिए एसडीएम बहराइच सदर को नि.रजि.अधि. व तहसीलदार (न्यायिक) सदर, नायब तहसीलदार बहराइच, बीडीओ चित्तौरा व हुजूरपुर तथा बीईओ चित्तौरा को सहा.नि.रजि.अधि.,287-पयागपुर के लिए एसडीएम पयागपुर को नि.रजि.अधि. व तहसीलदार व नायब तहसीलदार पयागपुर, बीडीओ विशेश्वरगंज व पयागपुर तथा बीईओ पयागपुर को सहा.नि.रजि.अधि. तथा 288-कैसरगंज के लिए एसडीएम कैसरगंज को नि.रजि.अधि. व तहसीलदार व नायब तहसीलदार कैसरगंज व जरवल, बीडीओ फखरपुर तथा बीईओ जरवल को सहा.नि.रजि.अधि. नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि आलेख्य प्रकाशन तिथि 27 अक्टूबर 2023 को मतदाताओं की बात की जाय तो जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2544834 है जिसमें से पुरूष 1346512, महिला 1198167 जबकि अन्य की संख्या 155 है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार देखा जाय तो वि.नि.क्षेत्र बलहा में कुल मतदाता 360339 जिसमें पुरूष 191517, महिला 168816 व अन्य 06, मतदान केन्द्र 161, मतदेय स्थल 371, तैनात बीएलओ 371 व सुपरवाईज़र 37, वि.नि.क्षेत्र नानपारा में कुल मतदाता 343172 जिसमें पुरूष 181389, महिला 161769 व अन्य 14, मतदान केन्द्र 164, मतदेय स्थल 363, तैनात बीएलओ 363 व सुपरवाईज़र 34 तथा वि.नि.क्षेत्र मटेरा में कुल मतदाता 342062 जिसमें पुरूष 180285, महिला 161755 व अन्य 22, मतदान केन्द्र 199, मतदेय स्थल 375, तैनात बीएलओ 375 व सुपरवाईज़र 37 नियुक्त किये गये हैं।

इसी प्रकार वि.नि.क्षेत्र महसी में कुल मतदाता 336268 जिसमें पुरूष 178153, महिला 158098 व अन्य 17, मतदान केन्द्र 179, मतदेय स्थल 365, तैनात बीएलओ 365 व सुपरवाईज़र 25, वि.नि.क्षेत्र बहराइच में कुल मतदाता 396299 जिसमें पुरूष 208782, महिला 187475 व अन्य 42, मतदान केन्द्र 177, मतदेय स्थल 411, तैनात बीएलओ 411 व सुपरवाईज़र 41, वि.नि.क्षेत्र पयागपुर में कुल मतदाता 383982 जिसमें पुरूष 203536, महिला 180408 व अन्य 38, मतदान केन्द्र 254, मतदेय स्थल 419, तैनात बीएलओ 419 व सुपरवाईज़र 38 तथा वि.नि.क्षेत्र कैसरगंज में कुल मतदाता 382712 जिसमें पुरूष 202850, महिला 179846 व अन्य 16, मतदान केन्द्र 250, मतदेय स्थल 394, तैनात बीएलओ 394 व सुपरवाईज़र 40 नियुक्त किये गये हैं। निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 09 दिसम्बर 2023 तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 04, 05, 25 व 26 नवम्बर तथा 02 व 03 दिसम्बर 2023 छः विशेष अभियान तिथियां होंगी। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को किया जायेगा। डीएम ने बताया कि विशेष अभियान की तिथियों में जनपद के समस्त 2698 बूथ लेवल आफिसर अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक उपस्थित रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। डीएम मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का लाभ उठाते हुए अपने नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं।

अंबरीष जी शोभायात्रा से उल्लास में डूबा शहर

हाथरस। अखिल भारतीय माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा के बैनर तले शनिवार को शहर में क्षत्रिय स्वर्णकार कुल शिरोमणि राजर्षि महाराजा अंबरीष जी जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा से पूरे शहर में उल्लास और उत्सव का माहौल दिखाई दिया। समाज के लोगों ने महाराजा अंबरीष जी की आरती उतारी व भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। शोभायात्रा से पूर्व महाराजा अंबरीष चौक पर पूजा-अर्चना की गई। लोहट बाजार स्थित मंदिर श्री गंगा महारानी में पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व नगर पलिका अध्यक्ष आशीष शर्मा के साथ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर वर्मा, आगरा से आए मनोज वर्मा, सतीशचंद्र माथुर, संजय वर्मा, फिरोजाबाद के सुखदेव वर्मा के अलावा हाथरस से जयंती संयोजक अरविंद सोनी, मुख्य सलाहाकार राजकुमार कोठीवाल, उपाध्यक्ष बलवीर वर्मा, व्यवस्थापक गौरव वर्मा आदि शामिल रहे। शोभायात्रा में आगे सहयोगियों के साथ काली मैया की टोली रही। मां काली की झांकी सबसे अलग थी। भोले शंकर की टोली तांडव नृत्य करते हुए चल रही थी। नंदी पर सवार भगवान शिव सर्प के साथ, राम लक्ष्मण को कंधे पर लिए हनुमान, बिहारीजी और खाटू श्याम सहित लगभग दो दर्जन अन्य झांकियां शामिल थीं। वहीं महाराजा अंबरीष जी की झांकी आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा में शामिल अतिथियों का अध्यक्ष अरविंद सोनी, मुख्य सलाहकार राजकुमार वर्मा कोठीवाल, उपाध्यक्ष बलवीर सिंह वर्मा सराफ, कन्हैयालाल वर्मा, किशन लाला, दीपक वर्मा, राजेंद्र बाबू वर्मा आदि ने फूल मालाओं से लादकर जोशीला स्वागत किया और पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। शोभायात्रा विभिन्न बाजारों से होती हुई अलीगढ़ रोड गांधी पार्क तिराहा स्थित कृपाराम कोठीवाल धर्मशाला पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। आयोजन में शैलेंद्र माथुर, चंदन सिंह वर्मा, किशनलाल गुड्डू, पदम सिंह वर्मा, विक्रम वर्मा, राकेश वर्मा, अभिषेक वर्मा, अशोक वर्मा, वीरेंद्र पहलवान, सुनील वर्मा, हरिओम वर्मा, रेहिताश वर्मा, डॉ. सुरेशचंद्र वर्मा, मुरारीलाल वर्मा, कैलाश बाबू, सुनील माथुर, महेश वर्मा, सुरेंद्र सोनी, गौरव वर्मा, दिलीप बाबू वर्मा आदि का सहयोग रहा।

पंजाब से सटी भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ाई

चंडीगढ़। इस्राइल-हमास व जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ और पाक सेना की गोलाबारी को देखते हुए पंजाब से सटी भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ा दी है। सीमा सुरक्षा बल की निगरानी में किसान फेंसिंग पार खेतों में लगी धान की फसल काट रहे हैं। घोड़ों से फेंसिंग के साथ-साथ गश्त की जा रही है। पाकिस्तानी क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर जवानों की निगाहें टीकी हुई हैं। बीएसएफ ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फेंसिंग और टावरों को ठीक कर लिया है। पंजाब में हरिके पत्तन से निकलने वाला सतलुज दरिया सात बार पाकिस्तान में प्रवेश कर भारत में घुसता है। ऐसे प्वाइंटों पर बीएसएफ मोटर बोट के जरिए गश्त कर रही है। पंजाब के लगभग साढ़े पांच सौ किलोमीटर लंबे क्षेत्र में भारत-पाक सीमा सटी है, ऐसे इलाके में सरकंडों के जंगल भी हैं। जहां पर भी बीएसएफ ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। यही नहीं रात के समय बीएसएफ की महिला सिपाही भी सरहद पर गश्त कर रही हैं। कई बार महिला सिपाही भी आसमान पर मंडरा रहे पाकिस्तानी ड्रोन अपनी इंसास राइफल से गिरा चुकी हैं। सरहद पर दिन-रात जवानों की गश्त चल रही है, पाकिस्तान की तरफ होने वाली पल-पल की खबर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को पहुंचा रहे हैं। जवानों ने सरहद से सटे इलाकों के ग्रामीणों से भी अपील की है कि कोई बाहरी व्यक्ति उन्हें दिखे तो उन्हें तुरंत सूचना दें। सरहद के अलावा शहर से जुड़ीं सड़कों पर भी नाकाबंदी की हुई है। फिरोजपुर शहर को पूरी तरह सुरक्षा घेरे में रखा हुआ है। सरहद पर लगी कंटीली तार के आसपास बीएसएफ ने ऐसे आधुनिक यंत्र लगाए हैं कि जीरो लाइन क्रॉस कर कोई भारत सीमा में घुसता है तो जवानों को तुरंत पता चल जाता है।

पाकिस्तान की नापाक हरकत जारी, पंजाब में तीन जगह भारतीय सीमा में घुसे ड्रोन, नशे की खेप बरामद

अमृतसर। पाकिस्तान की नापाक हरकतें जारी हैं। पंजाब में दो दिन में तीन स्थानों पर ड्रोन भारतीय सीमा में दाखिल हुए। इनमें से दो ड्रोन पाकिस्तान लौट गए हैं। वहीं एक ड्रोन हेरोइन की खेप समेत बीएसएफ ने बरामद कर लिया है। पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसे चीनी ड्रोन को 407 ग्राम हेरोइन समेत पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बरामद किया है। डीएसपी भिखीविंड प्रीतइंदर सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेक्टर अमरकोट के बीओपी तारा सिंह के पास शनिवार सुबह 6-15 बजे ड्रोन दाखिल होने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद थाना खालड़ा की पुलिस और बीएसएफ की 103 बटालियन ने तालाशी अभियान चलाया। इसी दौरान दरबारा सिंह के खेतों से एक छोटे चीनी ड्रोन के साथ 407 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद हेरोइन एक पैकेट में थी और ड्रोन के साथ लटकी थी। डीएसपी ने बताया कि खालड़ा थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर नशा तस्कर की तलाश शुरू कर दी गई है।

उधर, शुक्रवार तड़के तीन बजे भारत-पाकिस्तान सीमा के सेक्टर खेमकरण में बीओपी हरभजन के जरिए ड्रोन के दाखिल होने की आवाज आई। इसके बाद 101 बटालियन और खेमकरण थाने की पुलिस हरकत में आ गई। बीएसएफ और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान मस्तगढ़ निवासी जगजीत सिंह पुत्र के खेत से तीन किलो 18 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। डीएसपी भिखीविंड प्रीतिंदर सिंह ने कहा कि खेमकरण थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

फिरोजपुर में पाकिस्तानी ड्रोन ने गिराई हेरोइन की खेप

फिरोजपुर जिले के सीमांत गांव गट्टी मत्तड़ में शुक्रवार रात पाकिस्तानी ड्रोन ने एक किलो 630 ग्राम हेरोइन गिराई। हेरोइन के पैकेट फेंकने के बाद ड्रोन पाकिस्तान लौट गया। शनिवार को बीएसएफ और पुलिस को संयुक्त सर्च ऑपरेशन में हेरोइन के दो पैकेट मिले। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की बटालियन-182 के जवान रात को सरहद पर लगी फेंसिंग के आसपास गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक ड्रोन भारत सीमा से सटे गांव गट्टी मत्तड़ से पाकिस्तान लौट रहा था। जवानों ने फायरिंग की और ईल्लू बम भी दागे लेकिन ड्रोन सुरक्षित पाकिस्तान लौट गया।

बुखार से पथरी क्षेत्र में महिला व दो बच्चों की मौत

– क्षेत्र में एक सप्ताह में बुखार से दम तोड़ चुके सात लोग

देहरादून। क्षेत्र के गांवों में बुखार से लोगों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। स्थिति यह कि पिछले चार दिनों से हर दिन बुखार से पीड़ित लोग दम तोड़ रहे हैं। बुधवार की रात से बृहस्पतिवार दोपहर के बीच बुखार से पीड़ित एक महिला और दो बच्चों ने दम तोड़ दिया। एक सप्ताह में सात लोगों की जान बुखार से गई है। नसीरपुर कलां की ग्राम प्रधान गुलनाज अंसारी ने बताया कि बुधवार को गांव के मंजनू की पत्नी जमातून (50) और घनश्याम के बेटे सन्नी (13) की बुखार से मौत हो गई है। इसके अलावा, पदार्था के इसरार की 10 वर्षीया बेटी साहिला की भी बुखार से मौत हो गई। ये लोग पिछले कई दिनों से बुखार से पीड़ित थे। इनका इलाज क्षेत्र के निजी अस्पतालों में चल रहा था। नसीरपुर कलां में इन तीन मौतों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। परिजन में कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि एक माह के भीतर बादशाहपुर, पदार्था, नसीरपुर कलां, एकड़ कलां, बहादरपुर जट आदि गांवों में कई लोग बुखार से पीड़ित हैं।

एक माह के भीतर नौ मौतें

एक माह के भीतर पथरी क्षेत्र में बुखार से नवीन सैनी उर्फ काका निवासी बादशाहपुर, नवाब व आहिल निवासी नसीरपुर कलां, सुमेर चंद निवासी एकड़ कलां और पप्पू कश्यप व पवन कुमार निवासी बहादरपुर जट की भी मौत हो चुकी है।

घरों पर जाने से कतराने लगे लोग

क्षेत्र रे जिन गांवों में लोगों में बुखार फैला है उन गांवों में लोगों के घरों में दूसरे लोग कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने डीएम और सीएमओ से गांवों में बुखार की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगवाने की मांग की है। ग्रामीण गांवों में कीटनाशक दवा का छिड़काव की भी मांग लोग कर रहे हैं।

आर्मी इलेवन दिल्ली और इंडियन ऑयल मुंबई की टीमों ने दर्ज की जीत

जालंधर। आर्मी इलेवन दिल्ली ने पंजाब पुलिस जालंधर को 3-2 के अंतर से और इंडियन ऑयल मुंबई ने सीएजी दिल्ली को 7-1 के अंतर से हराकर लीग राउंड में तीन अंक हासिल किए। स्थानीय ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में चल रहे 40वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के तीसरे दिन लीग राउंड के दो मैच खेले गए। इंडियन ऑयल के गुरजिंदर सिंह ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक बनाई। शुक्रवार का पहला लीग मैच पूल बी में पूर्व विजेता पंजाब पुलिस और पूर्व विजेता आर्मी इलेवन के बीच खेला गया। खेल के पहले क्वार्टर में सेना ने पुलिस पर कई बार हमला किया, लेकिन खेल के दूसरे क्वार्टर में पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से हमला किया और खेल के 27वें मिनट में भारतीय हॉकी के पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह ने हमला कर दिया। टीम ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। 1-0 हो गया। दूसरा मैच पूल ए में पूर्व विजेता इंडियन ऑयल मुंबई और सीएजी दिल्ली के बीच खेला गया। खेल के चौथे मिनट में इंडियन ऑयल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुरजिंदर सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। खेल के 12वें मिनट में इंडियन ऑयल के सुनील यादव ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर स्कोर 2-0 कर दिया. खेल के 16वें मिनट में इंडियन ऑयल के ओलंपियन सिमरनजीत सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। 29वें मिनट में इंडियन ऑयल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तलविंदर सिंह ने फील्ड गोल कर स्कोर 4-0 कर दिया। हाफ टाइम के बाद इंडियन ऑयल के सुमित कुमार ने 34वें मिनट में और गुरजिंदर सिंह ने 42वें मिनट में गोल कर स्कोर 6-0 कर दिया। खेल के 52वें मिनट में वेंकटेश तेलुगु ने गोल कर स्कोर 1-6 कर दिया। 54वें मिनट में इंडियन ऑयल के गुरजिंदर सिंह ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक मारकर स्कोर 7-1 कर दिया।

42 दिन से पानी को तरस रहे 12 गांवों के लोग, समस्या निदान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

हाथरस। हाथरस के नगला मिठास में लगी जल निगम की टंकी से करीब एक दर्जन गांवों में पेयजल की आपूर्ति होती है। करीब 42 दिनों से टंकी की सबमर्सिबल खराब हो गई है, जिससे जलापूर्ति भंग हो गई है। लोग पानी के लिए तरस रहे है। नलकूप की सबमर्सिबल खराब होने के बाद सादाबाद में कुरसंडा क्षेत्र के गांव नगला मिठास सहित दर्जनभर गांवों के लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। प्रधान और अफसरों से शिकायत करने के बावजूद उन्हें इस समस्या से मुक्ति नहीं मिल सकी हे। ग्रामीणों ने एक बार फिर अधिकारियों से इसकी शिकायत की है। नगला मिठास में लगी जल निगम की टंकी से करीब एक दर्जन गांवों में पेयजल की आपूर्ति होती है। करीब 42 दिनों से टंकी की सबमर्सिबल खराब हो गई है, जिससे जलापूर्ति भंग हो गई है। लोग पानी के लिए तरस रहे है। प्रधान से शिकायत किए जाने के बावजूद ग्रामीणों को राहत नहीं मिली है। आज तक ग्रामीण यह समझ नहीं पाए हैं कि यह समस्या किस विभाग से निस्तारित होगी। जहां भी वह शिकायत लेकर जाते हैं, उन्हें टरका दिया जाता है। डीएम को शिकायत देकर ग्रामीणों ने यही मांग की कि उन्हें सबसे पहले यह अवगत कराया जाए कि इस समस्या का निराकरण किस विभाग द्वारा और कहां किया जाएगा। डीएम से शिकायत करने के बाद भी करीब 20 दिन बीत गए हैं, लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था कि शनिवार को मिस्त्री पहुंचकर मोटर को ठीक करेगा। ग्रामीण पूरे दिन इंतजार करते रहे मगर कोई नहीं पहुंचा।

विवेचना में लापरवाही पर बाबूगढ़ थाने का दरोगा निलंबित

हापुड़। थाना दिवस के दौरान शनिवार को एडीजी राजीव सब्बरवाल अचानक बाबूगढ़ थाने पहुंच गए और उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विवेचनाओं में लापरवाही मिलने पर एडीजी के निर्देश पर एसपी ने उप निरीक्षक ओमकार सिंह को निलंबित कर दिया। वहीं, एसपी ने सीओ पिलखुवा वरुण कुमार को हटाकर जितेंद्र कुमार को चार्ज दिया है। एडीजी ने इससे पहले एसपी अभिषेक वर्मा के साथ थाने के रजिस्टरों से लेकर मुख्य दस्तावेज की जांच की। उन्होंने आगंतुक कक्ष, महिला कक्ष और जनसुनवाई डेस्क का निरीक्षण किया। अपराध नियंत्रण, शिकायती प्रार्थना-पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, आईजीआरएस के संबंध में थाना प्रभारी को निर्देशित किया। इसके अलावा इनामी एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी लंबित विवेचनाओं एवं अपराध नियंत्रण पर जोर दिया। एसपी ने भी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर तत्काल समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश दिए। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखकर पुलिस अभी से तैयारियों में जुट जाए। विवेचना में लापरवाही पर गिरी गाज- निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक ओमकार सिंह की विवेचनाएं लंबित पड़ी हुई थीं। उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया गया था। जवाब पूछने पर वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। जिसके चलते एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया।

सीओ पिलखुवा को भी हटाया -

एसपी अभिषेक वर्मा ने जनपद की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दो सीओ के कार्य क्षेत्रों में फेरबदल किया है। उन्होंने सीओ पिलखुवा वरुण मिश्रा को तत्काल प्रभाव से हटाकर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन/यातायात / कार

सफाई कर्मचारियों को भी मिले सभी सरकारी सुविधायें-कमला प्रसाद यादव

सफाई कर्मचारियों के हितों को लेकर सौपा गया सात सूत्रीय ज्ञापन

बलराम मौर्या

अयोध्या । उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा सफाई कर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अयोध्या इकाई के अध्यक्ष शिवजी वर्मा , जिला मंत्री कमला प्रसाद यादव , संगठन मंत्री अनिल यादव , कोषाध्यक्ष बबिता राज के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है द्य ज्ञापन सौंपने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी को संगठन के अध्यक्ष, जिलामंत्री , संगठन मंत्री कोषाध्यक्ष स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गाय द्य ज्ञापन में लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की समस्यायें निम्नवत है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी के मासिक पेरोल समस्त ए0डी0ओ0 को निर्देशित करते हुए श्रीमान जी से निवेदन है एक पत्र जारी किया जाय जिससे समस्त सफाई कर्मचारी का पेरोल प्रत्येक माह पच्चीस तारीख तक जिला मुख्यालय पर पहुंच जाय। जिससे उन्हे समय से बेतन मिल सके। रविवार या सार्वजनिक अवकाश के दिन यदि कर्मचारी की ड्यूटी लगायी जाय तो कर्मचारियों को प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाय। सफाई कर्मचारियो को वर्ष में दो बार वेतन प्रमाण पत्र फार्म 16 डाक द्वारा समस्त विकास खण्ड कार्यालय में उपलब्ध कराया जाय। जिससे अपने दैनिक जीवन की आवश्यकता की पूर्ति कर सके। जितने भी कर्मचारियो के इंक्रीमेन्ट या ए0सी0पी0 का लाभ नहीं मिला है। उनको ए0सी0पी0 का लाभ दिलाया जाय। समस्त सफाई कर्मचारियों को कैश लेश कार्ड हेतु आदेश पत्र जारी करते हुए समस्त ए0डी0ओ0 पंचायत को नियमानुसार कार्ड बनाने के लिए अपने स्तर से निर्देशित किया जाय। समस्त सफाई कर्मचारियों को सरकार की मंशा के अनुसार दीपावली के पहले बोनस उपलब्ध कराया जाय । उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी जो दीपोत्सव कार्यक्रम में जो लगाये जाय उनकी सामाग्री रखने का स्थान निश्चित किया जाय और उन्हे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाय ।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी के अध्यक्ष शिवजी वर्मा व जिला मंत्री कमला प्रसाद यादव ने एक स्वर में कहा कि सफाई कर्मचारियों को बाकी सरकारी कर्मचारियों की तरह समस्त सुबिधाये मिलनी चाहिए द्य इसके लिए आज जिला पंचायत राज अधिकारी को आज सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है द्य इसके अलावा सरकार के समक्ष हम सभी अपनी बात रखेगे ।

एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिवस विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

गोंडा। महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोण्डा में 48 बटालियन एनसीसी गोण्डा द्वारा संचालित सी ए टी सी -171 एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिवस एनसीसी कैडेट्स ने सशस्त्र ड्रिल, नियमित शिक्षण - प्रशिक्षण कक्षाओं साथ प्रशिक्षकों के नेतृत्व में उमरी बेगमगंज के फायरिंग रेंज में नियमित शस्त्र प्रशिक्षण लिया । आज नियमित फायरिंग प्रशिक्षण में डेल्टा कंपनी को फायरिंग का अभ्यास कराया गया। ए एन ओ तथा पी आई स्टाफ द्वारा नियमित कक्षाओं का संचालन कराया गया। खेलकूद प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत रस्साकशी प्रतिस्पर्धा का आयोजन विद्यालय के प्रांगण में कराया गया।

इस दौरान एनसीसी कैडेट्स के साथ अपने सेना के अनुभव साझा करते हुए कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने कहा कि एक अच्छे एनसीसी कैडेट को हमेशा मातृ भूमि की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह, एनसीसी प्रभारी आनंद कुमार पांडेय , मेजर राजाराम, लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट हरेंद्र सिंह यादव, लेफ्टिनेंट रमेश कुमार शुक्ल, लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ल, सी टी ओ संजय कुमार शुक्ल, अमित कुमार सिंह , बटालियन के पी आई स्टॉफ सूरज गुप्ता ,कॉलेज के गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर तथा सभी कैडेट्स मौजूद रहे।

हॉस्पिटल संचालक सहित चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर अस्पताल किया गया बंद

सुशील श्रीवास्तव

सादुल्लाह नगर(बलरामपुर)। स्थानीय बाजार में स्थित रोशन हॉस्पिटल जच्चा बच्चा केंद में डॉक्टर की लापरवाही से आज एक प्रसूता की मौत हो गई। प्रसूता की मौत से परिजनों ने शव को रोड पर रखकर जमकर हंगामा काटा ।परिजनों ने हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया एवं जांच कराने की मांग पर अड़े रहे।

स्थानीय बाजार निवासी अनिल जायसवाल ने बताया कि मेरी पत्नी रीना जायसवाल को डिलीवरी के लिए मंगलवार शाम को रोशन हॉस्पिटल रेहरा रोड सादुल्ला नगर में लाया गया था। वहां पर उपस्थित डॉ परवेज ने कहा कि बच्चे की स्थित ठीक नहीं है हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ेगा। पीड़ित अनिल अपनी पत्नी को भर्ती कर दिया उसके बाद वहां पर उपस्थित अप्रशिक्षित डॉक्टरों ने रीना का गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया। गलत ऑपरेशन से तेज रक्तस्राव होने लगा जिससे महिला की हालत गंभीर हो गई। स्थिति बिगड़ता देखते हुए रोशन हॉस्पिटल के अप्रशिक्षित डॉक्टरों ने महिला को गोण्डा के लिए रेफर कर दिया लेकिन गोण्डा पहुचते ही प्रसूता की मौत हो गई।

परिजनों ने स्थानीय थाना में हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। जिसमें हॉस्पिटल संचालक सहित डॉ परवेज अहमद, डॉ कारसाज, डॉ आफताब अहमद, डॉ शादाब अहमद पुत्रगण महंगू निवासी ग्राम- नेवादा थाना- सादुल्ला नगर जनपद- बलरामपुर के खिलाफ इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 के अधिनियम धारा 15(3) भा दं सं अधिनियम 1860 के तहत धारा 304 पंजीकृत किया गया है।

पसका चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने किया वाहन चेकिंग 4 वाहनों का किया 6000 का ई चालान

गोंडा। थाना परसपुर के पुलिस चौकी पसका पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 4 वाहनों का किया ई चालान रू6000 वसूले शमन शुल्क। पुलिस चौकी पसका चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने बताया कि चौकी क्षेत्र के पसका बाजार में बुधवार शाम को वाहन चेकिंग के दौरान 4 वाहनों से रू6000 का ई चालान किया गया। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को सख्त दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि बाइक पर तीन सवारी बैठा कर बाइक न चलाएं और बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। बाइक चलाते समय मोबाइल से बात न करें और कान में लीड लगाकर बाइक न चलाएं मोबाइल लीड लगाकर बाइक चलाने से आगे या पीछे से आने वाले वाहनों की आवाज सुनाई नहीं देती है जिससे दुर्घटना की समस्या बनी रहती है। यातायात नियमों का पालन करें सुरक्षित रहें ।इस दौरान चौकी प्रभारी ने वाहन चालकों को जागरुक करते हुए उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और खुद सुरक्षित रहें और परिवार के लोग भी सुरक्षित रहें क्योंकि आपके जरा सी गलती से आपके साथ-साथ आपके परिवार के लोग भी परेशान होंगे इसीलिए वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें।

प्रसिद्ध देवा मेला में मीडिया कैम्प का शुभारंभ

बिना संगठित हुए पत्रकार हित के लिए आवाज नहीं उठाई जा सकती-वहीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन बाराबंकी इकाई की अगुवाई में आयोजित मीडिया कैम्प का शुभारम्भ संस्था के महामंत्री अब्दुल वहीद ने फीता काटकर किया ।इस अवसर पर हिंदी पत्रकार एसोसिएशन बाराबंकी, मसौली पत्रकार संघ,इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बाराबंकी व मीडिया क्लब बाराबंकी के सदस्य-पत्रकार गण की उपस्थिति से कार्यक्रम अत्यंत भव्य स्वरूप से आयोजित हुआ ।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी बाराबंकी श्रीमान अरुण कुमार,उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोशिएशन के प्रदेश महासचिव अब्दुल वहीद, चैयरमैन अजीज सिद्दीकी,सचिव जुबैर अहमद की विशेष उपस्थिति रही ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि किसी व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने में पत्रकार साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है ।प्रशासन और पत्रकार मिलकर अच्छे समाज अच्छे देश अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं ।प्रदेश महासचिव अब्दुल वहीद ने सभी को देवा मेला की बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारों की एकता जरूरी है। बिना संगठित हुए पत्रकार हित के लिए जोरदार आवाज नहीं उठाई जा सकती ।जिला इकाई के अध्यक्ष तारिक किदवई की अध्यक्षता में सम्पन्न शुभारंभ कार्यक्रम में आये हुए सभी पत्रकार गण व संगठनों का स्वागत उपाध्यक्ष रत्नेश कुमार ने किया एवं धन्यवाद आभार सचिव मो अतहर ने प्रकट किया ।कार्यक्रम का संचालन जिला इकाई के महासचिव प्रदीप सारंग ने किया। इस मौके पर पाटेश्वरी प्रसाद जिला अध्यक्ष हिंदी पत्रकार एसोसिएशन, उबैद अंसारी जिलाध्यक्ष इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन, नूर मोहम्मद अध्यक्ष मसौली पत्रकार संघ, सदानन्द वर्मा, महासचिव मीडिया क्लब की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवशाली बना दिया ।मीडिया प्रभारी दुर्गेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, प्रताप जायसवाल, मो आसिम सहित चेयरमैन अजीज सिद्दीकी,प्रदेश सचिव जुबेर अहमद, प्रांतीय सलाहकार कमल शर्मा, प्रांतीय समिति के सदस्य तौसीफ हुसैन एवं जमील मलिक जी उपस्थित रहे ।साथ ही अनेक समाचार पत्रों एजेंसियों के ब्लॉक तहसील व जिला स्तर के प्रतिनिधि पत्रकार उपस्थित रहे।

सभासद की बैठक में नगर पंचायत पर लगा मनमानी का आरोप

जनक राम वर्मा

अलावल देवरिया (गोंडा)। धानेपुर नगर पंचायत के माधवनगर में सभासद कार्यालय पर वार्ड सभासदों की एक बैठक बुलाई गयी ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्ष वा जिम्मेदारों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया की नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभासदों को किसी भी कार्य की ना तो सूचना दी जाती है और ना ही बोर्ड की बैठक करके विचार विमर्श किया जाता है ।चुनाव के बाद हुई पहली बैठक के बाद से बोर्ड की बैठक नही ली गयी। जबकि शासनादेश में नगर पंचायतों मेंप्रतिमाह बोर्ड की बैठक अनिवार्य किया है। संघ अध्यक्ष सुशील सिंह ने बताया की धानेपुर में बिना एजेंडा मीटिंग के टेंडर व मनमाने ढंग से भुगतान लिया जा रहा है। जिससे सभी सभासदों में आक्रोश व्याप्त है। चेतवानी दी है की अगर इस विषय पर पंचायत अध्यक्ष द्वारा गम्भीरता नही दिखाई गयी तो सभासद संघ आगे की रणनीति बनाने पर विवश होगा। बैठक में सभासद शकील अहमद, भगवान दीन, पवन प्रकाश तिवारी, अनवारुल हक़, नफीस अहमद, मो.सोएब अंसारी, घनश्याम वर्मा, रूचि, ज्योति मोदनवाल, रीता देवी, सरोज, छोटका देवी उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर अशर्फीलाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बच्चों को किया गया सम्मानित

त्रिगुट संवाददाता

अलावल देवरिया (गोंडा)। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धेय अशर्फीलाल चैरिटेबल ट्रस्ट पंडितपुर मनकापुर के बैनर तले बच्चों में राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु त्रिस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग पच्चीस बच्चों ने हिस्सा लिया ।प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग से कमलजीत सिंह प्रथम, जुनियर वर्ग में रागिनी देवी प्रथम, कल्पना सिंह द्वितीय व रोशनी तृतीय स्थान पर रही ।इसी प्रकार सीनियर वर्ग में प्रिया प्रथम, पूजा आर्य द्वितीय व शिवम् तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रस्ट संरक्षिका संवारी देवी, अध्यक्षा मीना कुमारी आर्य व उपाध्यक्षा रागिनी देवी द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का मूल्यांकन शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया द्वारा किया गया। अव्वल रहे बच्चों को इन्द्रजीत सिंह व सत्यावती द्वारा पुरस्कार स्वरूप रजिस्टर भेंट कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के महामंत्री शुभम सिंह कनौजिया व सदस्य आदर्श सिंह कनौजिया द्वारा पटेल जी के आदर्शों पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार,प्रीती, श्रेष्ठ सिंह, सक्षम, रौनक, क्रान्ति,कोमल सिंह, मासूम सिंह, अमरजीत, सुरजीत आदि उपस्थित रहे।

एटीएस के पी0आर0सी0 के आवेदन सबमिशन का प्रथम चरण 03 से प्रारम्भ होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम पोर्टल पर एटीएस के प्रिलिमिनरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (पी0आर0सी0) के आवेदन सबमिशन का प्रथम चरण 03 नवम्बर, 2023 को अपराह्न 01:00 से प्रारम्भ होगा। आवेदन सबमिशन की अन्तिम तिथि 16 नवम्बर, 2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के अधिसूचना के अर्न्तगत प्रदेश में स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) को मान्यता, विनियमन एवं नियंत्रण किये जाने की नयी राज्य नीति 02 अगस्त, 2023 को निर्गत की गई। परिवहन मंत्री ने बताया कि एटीएस के प्रिलिमिनरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (पी0आर0सी0) के आवेदन की प्रक्रिया 01 नवम्बर, 2023 की मध्यरात्रि 12:00 बजे से प्रारम्भ होनी थी, परन्तु एनएसडब्ल्यूएस पोर्टल पर तकनीकी व्यवधान आने के कारण आवेदन प्रक्रिया में उक्त बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि एटीएस की व्यवस्था वाहन स्वामियों को टेस्टिंग की सुविधा को और आसान बनायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि एटीएस के प्रिलिमिनरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (पी0आर0सी0) के अनुदान हेतु इच्छुक आवेदकों के आवेदन प्राप्त करने हेतु इस पोर्टल का पुनः परीक्षण कराकर इसमें आवश्यक तकनीकी सुधार कराये जाने के संबंध में मुख्य परीक्षण समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का अभिनंदन एवं नवागत शिक्षकों का स्वागत किया

निज संवाददाता

गोण्डा। एलबीएस डिग्री कॉलेज के शिक्षक संघ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का आशीर्वाद-अभिनंदन एवं नवागत शिक्षकों का स्वागत किया। शिक्षक संघ के इस आशीर्वाद एवं स्वागत समारोह में कृतकार्य प्राचार्य प्रो. वंदना सारस्वत, प्रो. मुकुल सिनहा, अध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग को उत्तरीय, स्मृति चिह्न, पुस्तकें, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

नवागत असिस्टेंट प्रोफेसरों में राजनीतिशास्त्र के डॉ. बैजनाथ पाल और डॉ. अभिक सिंह, भूगोल के डॉ. परवेज़ खान और डॉ. पल्लवी, रसायन विज्ञान के डॉ. रवि प्रकाश ओझा और डॉ. पुनीत कुमार, अंग्रेजी के डॉ. विवेक प्रताप सिंह और डॉ. वंदना भारतीय, शिक्षाशास्त्र के डॉ. मनीष मोदनवाल, मनोविज्ञान की पूजा यादव को उत्तरीय, पुस्तकें, पुष्पहार, चित्रांकित कप भेंट कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापकों में डॉ. ओंकार पाठक, डॉ. ए. पी. तिवारी और डॉ. मिथिलेश मिश्र ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चाँद लगाया। समारोह की अध्यक्षता डॉ. डी. के. गुप्त, सेवानिवृत्त अध्यक्ष, भूगोल विभाग और कृतकार्य प्राचार्य ने की। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अतीत की स्मृतियों को साझा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. जितेंद्र सिंह ने सभी का स्वागत किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र और मंत्री मनीष शर्मा सहित उपस्थित प्रो. बी. पी. सिंह, प्रो. शिवशरण शुक्ल, प्रो. राम समुझ सिंह, प्रो. श्रवण श्रीवास्तव, प्रो. संजय पाण्डेय, प्रो. राव, प्रो. संदीप श्रीवास्तव, प्रो. दीनानाथ तिवारी, प्रो. जे. बी. पाल, प्रो. अमन चंद्रा, प्रो. जय शंकर तिवारी, डॉ. पुष्पमित्र मिश्र और अन्य ने समस्त का स्वागत किया। समारोह का सुचारु संचालन प्रो. मंशाराम वर्मा ने किया।

श्री बाला जी सेवा समिति के अध्यक्ष बने संतोष कुमार कसौधन

अरविंद कसौधन

उतरौला (बलरामपुर)श्री बाला जी सेवा समिति की बैठक संतोष कसौधन जी के दुकान शिवाजी पुरम में दयानंद कौशल की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्री बाला जी सेवा समिति उतरौला कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इसमें कलशयात्रा, श्री बालाजी निशान पदयात्रा, शोभायात्रा, भजन संध्या, यज्ञ-हवन, प्रसाद, झांकी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए विभागों पर चर्चा हुआ और श्री बाला जी सेवा समिति के पदाधिकारियों का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष संतोष कुमार कसौधन,महामंत्री संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज सोनी, संरक्षक संतोष कुमार सोनी (श्रवण)मीडिया प्रभारी आशीष कसौधन उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता,राजू गुप्ता,अमित गुप्ता, बब्लू चौरसिया,संयोजक सचिन गुप्ता,नरेंद्र पटवा,संजय गुप्ता, विजय श्रीवास्तव , राजेश गुप्ता (मोनू),बलराम कौशल,व्यस्थापक प्रमुख बलराम गुप्ता, रितिक कसौधन,प्रचार प्रमुख दयानंद कौशल,गुड्डू कसौधन,को बनाया गया/

पति के साथ करवा चौथ की शॉपिंग कर जीजा के संग रफूचक्कर

मेरठ। करवा चौथ के त्योहार पर मेरठ से कलयुगी पत्नी की करतूत की खबर सामने आ रही है ।मेरठ में पति के साथ करवा चौथ की शॉपिंग करने के बाद बेवफा पत्नी जीजा के साथ फरार हो गई ।इसके बाद अब पति पुलिस अधिकारियों के सामने पत्नी वापस दिलाने की गुहार लगा रहा है। इतना ही नहीं बेवफा पत्नी की मौत के लिए अब पीड़ित पति करवा चौथ का व्रत भी रखेगा ।दरअसल पूरा मामला मेरठ के थाना जानी क्षेत्र का है ।जहां अशोक अपनी पत्नी और एक बच्चे के साथ रहता है ।लेकिन करवा चौथ पर पत्नी ने पति के साथ शॉपिंग की। करवा चौथ के लिए हर रोज जरूरी सामान खरीदा जो हर सुहागन चाहती है। लेकिन करवा चौथ मनाने से पहले ही अपने जीजा के साथ फरार हो गई। साथ ही अपने 16 महीना के बच्चे को भी ले गई ।

महाराजा देवी बक्स सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे एनसीसी के वार्षिक कैंप में छठे दिन पहुँचे जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह

गोंडा। महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा में चल रहे एनसीसी के वार्षिक कैंप के छठवें दिन प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह एवं जिला मंत्री सहदेव सिंह एवं प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सोनकर का आगमन हुआ ।जनपद गोंडा के बेलसर में स्थित महाराजा देवी बक्स सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे एनसीसी के वार्षिक कैंप के छठवें दिन प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह एवं जिला मंत्री सहदेव सिंह तथा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सोनकर ने एनसीसी कैंप में पहुँचे। जिनका वहाँ के शिक्षकों एनसीसी के छात्रों ने स्वागत किया।

श्रीमद भागवत के स्मरण मात्र से कष्टों से मिलती है मुक्ति

मनकापुर(गोंडा) ।रफी नगर में स्थित विवाह वाटिका में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा में व्यास गौरव शशांक कृष्ण कौशल जी महाराज ने कहा कि भागवत पुराण कथा के स्मरण मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं ।भगवान कृष्ण बचपन मे अनेक लीलाएं की थी ।वह अपनी लीला से सभी का मन मोह लिया करते थे ।नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास हर रोज शिकायतें आती थीं ।जिससे यशोदा उनको दंडित भी किया करती थीं ।श्री कृष्ण ने द्वापर युग में बृजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठा लिया था। मोन्टी नटराजन ग्रुप के कलाकारों ने बाल लीला,माखन चोरी,गोवर्धन लीला,होली महोत्सव का सजीव झांकी प्रस्तुत किया।

इस मौके पर शिवांश, रुद्राक्ष,श्री,दिव्यांश,नीशू रस्तोगी, राकेश कुमार,भूमि गुप्ता,आयशा शर्मा, भावना, अजय, केशव व यजमान बनारसी लाल साहू व उनकी पत्नी निर्मला साहू,बनवारी लाल साहू,पंडित रंग नाथ त्रिपाठी,जेपी शुक्ला, रईस अहमद,आदिल अहमद, सतीश कौशल,राहुल गुप्ता,अमरजीत गुप्ता,वैभव सिंह,गोपी हांडा,चेयरमैन दुर्गेश कुमार उर्फ बबलू सोनी,राज कुमार,त्रिभुवन गुप्ता,गणेश गुप्ता,महेश मोदनवाल,अजय अरोड़ा,राकेश अरोड़ा,मनोज जायसवाल आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

थाना खोड़ारे क्षेत्र के अन्तर्गत 22 माह की बच्ची का शव मिलने की घटना का खुलासा, 04 अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा। दिनांक 16.09.2023 को थाना खोड़ारे क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम केशवनगरग्रांट की एक 22 माह की बच्ची के गुम होने की सूचना पर अभियोग पंजीकृत हुआ था। दिनांक 18.10.2023 को उक्त बच्ची का शव गन्ने के खेत के किनारे चकरोड के पास मिला,जिस पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा जल्द से जल्द घटना का अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर प्र0नि0 खोड़ारे को निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा पतारसी-सुरागरसी कर घटना कारित करने वाले 04 नफर अभियुक्तगण 01. प्रियंका उर्फ प्रीति 02. महंगी 03. जोखना 04. अलगू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अलगू के कोई संतान नहीं थी, संतान की प्राप्ति के लिए अपनी साली प्रियंका के माध्यम से बाबा महंगी से झाड़ फूक कराता था। झाड़ फूक के दौरान बाबा महंगी ने 5,000/-हजार रुपए लेकर बलि की घटना कराई थी, जिसमे महंगी की पत्नी जोखना भी शामिल थी ,संतान की प्राप्ति के लिए षड्यंत्र कर संयोजित तरीके से बच्ची का हत्या की गई। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

पेंशन प्राप्त कर रहे वरिष्ठ नागरिक अब घर बैठे ही आधार प्रमाणीकरण के फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त कर सकते है अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

लखनऊ कार्यालय

लखनऊ, पेंशन प्राप्त कर रहे वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र आधार प्रमाणीकरण के फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया का प्रयोग कर प्रदान किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से उन सभी वरिष्ठ नागरिकों को आसानी होगी जिनके अंगुलियों के निशान को कैप्चर करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था या जो किसी कारण से बैंक , डाक घर या संबंधित कार्यालय नहीं जा सकते है। ऐसे सभी लोग अब आसानी से चेहरा प्रमाणीकरण प्रक्रिया से अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अपने घर पर ही अपने एंड्रॉयड मोबाईल की मदद से प्राप्त कर सकते है। इसके लिए अपने एंड्रॉयड फोन में प्ले स्टोर से जीवन प्रमाण फेस ऐप और आधार फेस आरडी ऐप इंस्टॉल करना पड़ता है और चेहरा प्रमाणीकरण प्रक्रिया के माध्यम से स्वयं को प्रमाणित करना पड़ता है। विदित है की प्रत्येक वर्ष पेन्शनधारी को नवंबर महीने में अपने जीवन प्रमाण पत्र का नवीनीकरण जरूरी होता है ताकि पेंशन जारी रहे।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत पेन्शनधारी को स्वयं को या किसी अन्य व्यक्ति को जीवन प्रमाण फेस ऐप के माध्यम से ऑपरेटर के रूप में रजिस्टर करना होता है । रेजिस्ट्रैशन के दौरान संबंधित व्यक्ति को अपना आधार नंबर, मोबाईल नंबर और अपना मेल आईडी दर्ज करना होगा। सफलतापूर्वक ऑपरेटर का रेजिस्ट्रैशन पूरा करने के बाद पेन्शनधारी के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी। मोबाईल के स्क्रीन पर एक फॉर्म दिखेगा जिसमे पेन्शनधारी से संबंधित मांगी गई सभी जानकारी को दर्ज करना होगा। इसके बाद मोबाईल के कैमरा के माध्यम से अपने चेहरे को प्रमाणित करना होगा। मोबाईल के स्क्रीन पर जो दिशानिर्देश आएगा उसका पालन करना होगा। चेहरा प्रमाणीकरण के दौरान पेन्शनधारी को अपने आँख को उस समय झपकाना होगा जब प्रकाश सही मात्रा में हो और मोबाईल का कैमरा स्थिर हो।

यूआईडीएआई फेस ऑथेंटिकेशन को एक प्रक्रिया के रूप में उपयोग करता है जिसके द्वारा आधार नंबर धारक की पहचान सत्यापित की जा सकती है। एक सफल चेहरा प्रमाणीकरण पुष्टि करता है कि सत्यापन के लिए स्कैन किया जा रहा चेहरा उस चेहरे से मेल खाता है जिसे आधार नामांकन के समय आधार नंबर जनरेट करते समय लिया गया था। एक सफल चेहरा प्रमाणीकरण पुष्टि करता है कि आप वही हैं जो आप होने का दावा करते हैं।

RNI No. 46071/85
स्वत्वाधिकारी मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक **टी.रजा रिज़वी** ने विकास प्रिन्टिंग प्रेस, मालवीयनगर, गोण्डा से मुद्रण करवाकर 568, मालवीयनगर गोण्डा (उ0प्र0) 271001 से प्रकाशित किया।
गोण्डा कार्यालय
फोन / फैक्स–05262–230683
मो0– 09415120085
लखनऊ कार्यालय–
फोन– 0522–4028445
मो0– 09415249085
:- E-mail :-
trigutdainik@gmail.com